



# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 21 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-34 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल-iniknavsandesh@gmail.com

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री व राज्यपाल ने दी ईद-उल-फितर की बधाई

**पटना।** ईद-उल-फितर के अवसर पर मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। दोनों नेताओं ने इस पर्व को प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बताते हुए इसे शांति और उल्लास के साथ मनाने की अपील की है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ईद-उल-फितर के मौके पर प्रदेश एवं देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम समुदाय को मुबारकबाद दी।

### जेडीयू विधायक विभा देवी के बेटे की दुर्घटना में मौत

**पटना (एनएसबी)।** नवादा जिले में एक कार दुर्घटना में जनता दल (यूनाइटेड) की विधायक विभा देवी के बेटे अखिलेश कुमार की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना गुरुवार देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुई, जब उनकी कार कथित तौर पर बेकाबू हो गई और तेज रफ्तार से एक बरगद के पेड़ से जा टकराई। अखिलेश कुमार पूर्व मंत्री राजबल्लभ प्रसाद यादव के छोटे बेटे भी थे।

### खनन निरीक्षक सौरभ अभिषेक गिरफ्तार

**गोपालगंज।** जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा के निर्देश पर हुई कार्रवाई में खनन निरीक्षक सौरभ अभिषेक को गिरफ्तार किया गया। इससे पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है और भ्रष्टाचार में संलिप्त तंत्र की परतें खुलने लगी हैं। मामला गंडक नदी के जगीरी टोला का है, जहां लंबे समय से उजले बालू का अवैध खनन खुलेआम चल रहा था। वर्षों से जड़ जमाए अवैध बालू खनन के काले साम्राज्य पर जिला प्रशासन की जांच टीम शुक्रवार सुबह जब मौके पर पहुंची तो गंडक नदी के किनारे बड़े पैमाने पर अवैध खनन जारी था। मशीनें चल रही थी और बालू की निकासी निर्बाध रूप से हो रही थी।

### एअर इंडिया ने गलत मॉडल का प्लेन भेजा, वापस लाना पड़ा

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है, जिसके कारण दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जा रही फ्लाइट अक-185 को उड़ान भरने के करीब 7 घंटे बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। विमान में 300 से ज्यादा यात्री मौजूद थे। दरअसल, एअर इंडिया ने गुरुवार को दिल्ली से कनाडा के लिए बोइंग 777-300 एफकी जगह बोइंग 777-200 छफमॉडल का विमान भेज दिया। एअर इंडिया के पास बोइंग 777-200 LR को कनाडा में ऑपरेट करने की इजाजत ही नहीं है। इस वजह से यह विमान कनाडा में उतर ही नहीं सकता था। गलती का पता तब चला जब विमान करीब 4 घंटे उड़ान भरकर चीन के कुनमिंग एयरस्पेस में पहुंच चुका था। इसके बाद विमान को यू-टर्न लेना पड़ा।

# सूबे के 15 जिलों में आंधी-बारिश

## छह शहरों में गिरे ओले, गयाजी में ठनका से दो की मौत, पटना में गिरी बिजली

**पटना (एनएसबी)।** देश के साथ बिहार में भी मौसम बदला है। पटना, बेतिया, मोतिहारी, जमुई, औरंगाबाद, बगहा, मुजफ्फरपुर, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, नालंदा, खगड़िया समेत 15 शहरों में आंधी-बारिश हुई है। बगहा, मोतिहारी, बेगूसराय, खगड़िया और मुजफ्फरपुर में ओले गिरे हैं। राज्य के कई इलाकों में बादल छाए हैं। धूल भरी आंधी चली। औरंगाबाद में तेज आंधी की वजह से उट की सभा में लगे पोस्टर भी फटे हैं। मोतिहारी में धूल भरी आंधी की वजह से सड़क पर चलना मुश्किल है।

आंधी बारिश और ओले से गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा पटना के बाढ़ में ताड़ के पेड़ पर बिजली गिरी, जिसके बाद आग लग गई। हालांकि, कोई हताहत नहीं है। गया जी में वज्रपात से दो किसानों की मौत हो गई है. मृतकों की पहचान गया के डुमरिया प्रखंड के किसान महेंद्र यादव और वजीरगंज के मनोज कुमार सिंह के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि जिस समय वज्रपात की घटना हुई, उस समय मृतक अपने खेत में काम कर रहे थे. छकरबंधा, वजीरगंज में वज्रपात, दो की मौत : शुक्रवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ली और पहले आंधी तूफान की स्थिति बनी, फिर चमक गरज के साथ बारिश होने लगी. इसी दौरान पहली घटना गया के डुमरिया प्रखंड के छकरबंधा थाना क्षेत्र में घटी, यहां किसान महेंद्र यादव वज्रपात की चपेट में आ गए और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

**मौसम बदलने का कारण :** मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस बदलाव के पीछे मुख्य कारण बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और एक सक्रिय ट्रफ लाइन है। इसके साथ ही दिन में बढ़ती गर्मी के कारण वातावरण में अस्थिरता बढ़ रही है, जिससे आंधी-बारिश की स्थिति बन रही है।



### झारखंड के चतरा में व्रजपात गिरने से दो सगी बहनों समेत तीन महिलाओं की मौत

**चतरा (एजेंसी) ।** झारखंड के चतरा जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड में शुक्रवार को बेमौसम बारिश के दौरान वज्रपात की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन महिलाओं की जान चली गई। इस प्राकृतिक आपदा में जहां एक व्यक्ति की दो पत्नियों (सगी बहनों) की मौत हो गई, वहीं दूसरी घटना में महुआ चुन रही एक महिला की जान चली गई। इन घटनाओं के बाद पूरे जिले में शोक की लहर है और प्रभावित परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पहली घटना मेराल पंचायत के जेहरा गांव में हुई। जानकारी के अनुसार, संजय भुइयां की दो पत्नियां, पूनम देवी और कल्याणी देवी (जो आपस में सगी बहनें भी थीं), अपने घर के आंगन में दैनिक कार्यों में जुटी थीं।

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**पटना (एनएसबी)।** मार्च की तपिश के बीच अचानक बदले कुदरत के मिजाज ने राज्य में हलचल मचा दी है। एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ और नमी से भरे मौसमी सिस्टम की सक्रियता के कारण बिहार के कुछ शहरों में सुबह से ही बादलों का डेरा रहा। राज्य में बारिश-आंधी की संभावना देखते हुए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इस बदलाव ने न केवल चिलचिलाती धूप से राहत दिलाई है, बल्कि तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि यह अपने साथ तेज हवाओं और धूल भरी आंधी का खतरा भी लेकर आया है, जिससे सामान्य जनजीवन और यातायात प्रभावित होने की आशंका है।

समृद्धि यात्रा के दौरान गया व औरंगाबाद पहुंचे मुख्यमंत्री

# सरकार ने शुरू से ही सभी तबकों का विकास किया




**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा के चौथे चरण के अंतिम दिन शुक्रवार को गया और औरंगाबाद जिला पहुंचे। दोनों जिलों में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सात निश्चय-2 के जो भी काम बचे हैं उन्हें शीघ्र पूरा किया जायेगा। इसके तहत ही युवाओं के लिए 10 लाख नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया। अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। 40 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। दोनों को मिलाकर 50 लाख युवाओं को नौकरी एवं रोजगार दिया गया है। अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने शुरू से ही सभी तबकों का विकास किया है। चाहे हिन्दू हो, मुस्लिम हो, अपर कास्ट हो, पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, दलित हो, महादलित हो सभी के लिए काम किया गया है। मुस्लिम समुदाय के लिए भी हमने काफी काम किया है। मदरसों को सरकारी मान्यता दी गयी मुसि है एवं उनके शिक्षकों को अन्य सरकारी शिक्षकों के बराबर वेतन दिया जा रहा है। दोनों जिलों में अधिकारियों के साथ विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा भी की। योजनाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सभी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गया और औरंगाबाद जिले में विकास के कई कार्य कराये गये हैं। कहा कि गयाजी जिले की 13 योजनाओं की स्वीकृति दी गयी जिन पर काम चल रहा है। सात निश्चय 3 के तहत अगले 5 वर्षों 2025 से 2030 के बीच औरंगाबाद में अनेक काम कराये जायेंगे। औरंगाबाद में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना कर नये उद्योग लगाये जाएंगे। गया में समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, मंत्री विजय कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, संबद्ध विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मगध प्रमंडल की आयुक्त सफीना एएन, मगध प्रमंडल के पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनील सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### गया और औरंगाबाद को दी 1,422 करोड़ की सौगात

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान गया जिले को 744 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। सीएम ने बिहार पोषक अनाज एवं मूल्य श्रृंखला उत्कृष्टता केंद्र, मायापुर, टनकुप्पा स्थित परिसर से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर गया जिले के लिए 367 करोड़ रुपये की लागत से 553 योजनाओं का उद्घाटन एवं 377 करोड़ रुपये की लागत से 140 योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बारूण के मुंशी बिगहा में औरंगाबाद जिला अंतर्गत 678 करोड़ रुपये की लागत से 262 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 123 करोड़ रुपये की लागत से 142 योजनाओं का उद्घाटन तथा 555 करोड़ रुपये की लागत से 120 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

# प्रीमियम पेट्रोल 2 रुपए प्रति लीटर हुआ महंगा

## सामान्य ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनावों के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2.09 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी गई है, जो 20 मार्च से ही लागू हो गई है।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड सहित सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने अपने प्रीमियम पेट्रोल वेरिएंट की कीमतों में लगभग 2.09 रुपए से 2.35 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की है। इस बदलाव के साथ, पावर पेट्रोल और एक्सपी95 जैसे ब्रांडेड फ्यूल की कीमत लगभग 111.68 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर लगभग 113.77 रुपए प्रति लीटर हो गई है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिससे आम वाहन चालकों को कुछ राहत मिली है। इस फैसले का असर खासतौर पर उन उपभोक्ताओं पर पड़ेगा जो हाई-ऑक्टेन या प्रीमियम पेट्रोल का इस्तेमाल करते हैं। प्रीमियम पेट्रोल आमतौर पर बेहतर इंजन परफॉर्मेंस, स्मूद ड्राइविंग और बेहतर माइलेज के लिए जाना जाता है। ऐसे में इसकी कीमत बढ़ने से कार और बाइक मालिकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ना तय माना जा रहा है। खासकर मेट्रो शहरों और हाई-परफॉर्मेंस वाहनों का इस्तेमाल करने वाले लोगों को इसका ज्यादा असर झेलना पड़ सकता है। हालांकि, सरकार या तेल कंपनियों की ओर से इस बढ़ोतरी के पीछे कोई आधिकारिक वजह सामने नहीं आई है, लेकिन बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और बढ़ती लॉजिस्टिक्स लागत इसके पीछे प्रमुख कारण हो सकते हैं। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब वैश्विक कच्चे तेल बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।



# आगरा में अनियंत्रित बोलेरो गाड़ी पेड़ से टकराई, पांच की मौत

**आगरा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के आगरा में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 5 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक महिला और एक तीन साल की बच्ची शामिल है। घायलों को इटावा के सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल आगरा पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, आगरा के चित्राहाट थाना क्षेत्र के इटावा मार्ग पर पई के पास हादसा हुआ। एक बोलेरो गाड़ी इटावा से लौट रही थी। अचानक से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। घटना इतनी भयंकर थी कि बोलेरो गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी गई। इस पर तुरंत पुलिस टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं। डीसीपी ईस्ट अभिषेक अग्रवाल ने पुष्टि करते हुए कहा कि 5 लोगों की मृत्यु हुई है, जबकि अन्य 4 लोग घायल हुए। घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। वहीं, 5 लोगों की मौत होने पर पुलिस ने उनके शवों को अपने कब्जे में लिया।



### तमिलनाडु में सड़क हादसे में दो बच्चों समेत सात की गई जान

**सलेम (एजेंसी)।** तमिलनाडु में सलेम के पास उथमसोलपुरम में हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो बच्चों समेत सात लोगों की जान चली गई। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। ईरोड से सलेम जा रही एक सरकारी बस कथित तौर पर चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और विपरीत लेन में चली गई। इसके बाद अनियंत्रित बस सूलाईमेडु के पास एक मिनी मालवाहक वाहन से टकरा गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे, उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से कुछ ने बाद में गंभीर चोटों के कारण दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की कुल संख्या 7 हो गई।

# सीवान में दिनदहाड़े गोली मार 5 लाख की लूट

## सीएसपीस चालक की हालत गंभीर

**सीवान (एनएसबी)।** सीवान शहर से सटे सराय थाना क्षेत्र एक बार फिर अपराधियों के हौसले के आगे बेबस नजर आया, जहां शुक्रवार की दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े सीएसपी चालक को गोली मारकर करीब पांच लाख रुपये लूट लिए।

वारदात बभनौली गांव के रकीसहा पोखरा के समीप उस वक्त हुई जब पूरा इलाका सुनसान था। घायल कल्याणपुर निवासी अशोक पटेल है, जो एक्सिस बैंक का सीएसपी संचालक है। जानकारी के अनुसार, वह बैंक से पांच लाख रुपये निकालकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से पीछा कर रहे अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और ताबड़तोड़ हमला करते हुए गोली मार दी। इसके बाद रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल अशोक पटेल को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही एसडीपीओ अजय कुमार सिंह और विधायक इंद्रदेव सिंह पटेल सदर अस्पताल पहुंचे और पीड़ित का हाल जाना। पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है, लेकिन दिनदहाड़े हुई इस दुस्साहसिक वारदात ने जिले की कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।



# वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत लिख रहा निर्णायक अध्याय : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत एक निर्णायक अध्याय लिख रहा है, जो कि विद्युतीकरण की तरफ रुझान, स्वच्छ ऊर्जा और मैन्युफैक्चरिंग पर केंद्रित है।

प्रधानमंत्री मोदी ने विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक द्वारा लिखित एक आर्टिकल शेयर किया, जिसमें भारत के ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे तेज बदलाव के बारे में बताया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश का ऊर्जा परिवर्तन व्यावहारिक नीतिगत निर्णयों और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने के द्वारा निर्देशित है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा क्षमता बढ़ाने, विद्युतीकरण को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के भारत के प्रयास इसे वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने में मदद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा,"केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक ने बताया है कि भारत का ऊर्जा परिवर्तन व्यावहारिक नीति और आत्मनिर्भरता की दिशा में स्पष्ट प्रयास से प्रेरित है।" प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा,"विद्युतीकरण, स्वच्छ ऊर्जा और विनिर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ, भारत वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में एक निर्णायक अध्याय लिख रहा है।" इससे पहले, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा लिखे गए आर्टिकल को शेयर करते हुए पीएम मोदी ने पाठकों से आग्रह किया कि वे इस लेख को पढ़ें ताकि उन्हें भारत की ऊर्जा नीतियों की सटीक जानकारी मिल सके, जो एक विकसित भारत का वादा करती हैं।



### प. चंपारण में ट्रक से टकराई बाइक, तीन लोगो की मौत

**पटना (एनएसबी)।** पश्चिमी चंपारण जिले में एक दुखद दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो किशोर शामिल थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना गुरुवार देर रात करीब 11:50 बजे बैरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बागाही में नाथबाबा चौक के पास हुई। पुलिस के अनुसार, पीड़ित एक स्थानीय मेले से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हो गई। परिवार वालों ने बताया कि युवक मोटरसाइकिल पर सवार थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल एक ट्रक से टकरा गई। एक रिश्तेदार के अनुसार, आरोप है कि ट्रक सड़क पर बिना लाइट जलाए खड़ा था और सड़क के एक संकरे हिस्से में बाइक उससे जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

# नालंदा में 12,000 रुपए रिश्वत लेते हुए पंचायती राज अधिकारी गिरफ्तार

**नालंदा, बिहारशरीफ (एनएसबी)।** नालंदा जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) की टीम ने शुक्रवार को प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) अनुष्का कुमारी को 12 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

इस कार्रवाई से सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, खपुरा गांव निवासी अजय कुमार ने विजिलेंस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत समिति द्वारा उनके गांव में छठ घाट सीढ़ी निर्माण की योजना अनुशंसित की गई थी, लेकिन योजना को आगे बढ़ाने और फाइल खोलने के लिए बीपीआरओ द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। अजय कुमार ने बताया कि बिना पैसे दिए काम आगे नहीं बढ़ाया जा रहा था। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस की टीम ने मामले का सत्यापन किया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद एक विशेष टीम का गठन कर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की गई।



### सरकार ने 300 अवैध बेटिंग वेबसाइट्स-एप किए ब्लॉक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 वेबसाइट्स-एप्स को ब्लॉक किया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अब तक कुल 8400 ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया जा चुका है। इनमें से करीब 4900 वेबसाइट्स ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद ब्लॉक की गई हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक जिन प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई की गई है, वे मुख्य रूप से अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े थे। इनके जरिए बड़े स्तर पर अवैध लेनदेन और जुए को बढ़ावा मिल रहा था। इसे रोकने के लिए आईटी एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों के तहत लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है।

## खबरें : एक नजर में

### शिक्षा विभाग ने किया शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर कमेटी गठित

**पटना (एनएसबी)।** शिक्षा विभाग ने राज्य के प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर विभागीय स्तर पर शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित किया। इस कमेटी में शिक्षा विभाग के सचिव अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक को सदस्य सचिव तथा प्राथमिक शिक्षा निदेशक, आरडीडी सहरसा अमित कुमार, राज्य परियोजना निदेशक रविशंकर सिंह और माध्यमिक शिक्षा उप निदेशक अब्दुस सलाम अंसारी को सदस्य बनाया गया है। यह कमेटी शिक्षकों के स्थानांतरण से संबंधित नीति, नियमावली, मानक मंडल तैयार करने के साथ ही विद्यालयों में समानुपातिकरण करने हेतु प्रतिवेदनधनियमावली 15 दिनों में तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराएगी।

### बिहार दिवस 2026 : गांधी मैदान से मरीशस तक बिखरेगी बिहार की सांस्कृतिक छटा

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार है, एक ऐसी संसति जिसने दुनिया को शून्य से लेकर शांति तक का मार्ग दिखाया। इस वर्ष बिहार दिवस 2026 केवल एक सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि हर बिहारी के स्वाभिमान और उसकी जड़ों की ओर लौटने का एक उत्सव है। कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम हमारी प्राचीन विरासत और आधुनिक आकांक्षाओं के बीच एक आत्मीय सेतु बनेगा।

इस उत्सव के प्रमुख आकर्षण :

**स्मृतियों का गलियारा (गांधी मैदान):** पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 15 हजार वर्गफुट में फैला हमारा पवेलियन एक टाइम मशीन की तरह होगा। यहाँ धरोहर दर्शन के माध्यम से हम अपनी खोती हुई ग्रामीण विरासतों को पुनर्जीवित करेंगे। यह उन बुजुर्गों के लिए पुरानी यादें और बच्चों के लिए नई प्रेरणा लेकर आएगा।

**सिनेमा की कालातीत यात्रा :** बिहार की मिट्टी की महक वाली फिल्में जैसे नदिया के पार और तीसरी कसम केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि हमारे समाज का दर्पण हैं। बिहार संग्रहालय और आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में इनकी स्क्रीनिंग के जरिए हम सिनेमा के स्वर्ण युग को फिर से जीएंगे।

**नारी शक्ति का रंगमंच :** 22 से 26 मार्च तक प्रेमचंद रंगशाला में आयोजित महिला नाट्य उत्सव हमारी आधी आबादी की रचनात्मक शक्ति और उनके संघर्षों की कहानियों को समर्पित होगा। यह मंच उनकी आवाज को एक नई ऊँचाई देगा।

**बिहार की गूंज अब अंतरराष्ट्रीय :** पहली बार बिहार का लोक संगीत और नृत्य मरीशस की गलियों में गूंजेगा। विभाग की एक विशेष सांस्कृतिक टोली उन गिरमिटिया वंशजों के पास अपनी जड़ों का संदेश लेकर जा रही है, जिनके पूर्वज यहाँ की मिट्टी अपने साथ ले गए थे।

यह आयोजन आंकड़ों या प्रदर्शनियों का समूह नहीं है। यह हमारे पुरखों के संघर्ष और भविष्य के बिहार के सपनों का संगम है। हम अपनी कला के माध्यम से दुनिया को बता रहे हैं कि बिहार अपनी जड़ों पर खड़ा होकर आज भी फल-फूल रहा है।

### अखंड कीर्तन को ले निकाली गई कलशयात्रा

**फतुहा (एनएसबी)।** बड़की रानीपुर शिव मंदिर में होने वाले 24 घंटे के अखंड कीर्तन को ले शुक्रवार को भव्य कलशयात्रा निकाली गई। सैंकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु इस कलशयात्रा में शामिल होकर गांव से त्रिवेणी घाट पहुंचे। जलभरी के बाद यह कलशयात्रा गाजे-बाजे के साथ पुनः गांव पर पहुंची जहां शिव मंदिर परिसर में कलश को रखा गया। आयोजकों के अनुसार यहां 24 घंटे के अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है इसके बाद भंडारे के साथ ही इस आयोजन का समापन होगा।

### छठ पर्व पर फुट आरओबी पर नहीं चलेगी बाइक, रेल थाने में शांति समिति की बैठक

**फतुहा (एनएसबी)।** स्थानीय रेल थाने में शुक्रवार को रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में छठ, रामनवमी पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर बुद्धिजिवीयों के साथ शांतिसमिति की बैठक हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि छठ की भीड़ को देखते हुए रेल फुट ओवरब्रिज पर पहली और दूसरी अर्घ्य के दौरान बाइक, साइकिल के परिचालन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। छोटी लाइन अटो पड़ाव से बाहर अटो खड़ा करने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान हुडदंगियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की सूचना मिलती है तो तुरंत थाने को सूचित करें। बैठक में आरपीएफ इंस्पेक्टर बिनोद कुमार विश्वकर्मा, स्टेशन प्रबंधक रंजीत कुमार के अलावा वार्डपार्षद संजय कुमार उर्फ बिट्टू, समाजसेवी शिशुपाल कुमार, सोनी कुमार के अलावा कई पत्रकार मौजूद रहे।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत पुरस्कार वितरण

**फतुहा (एनएसबी)।** प्रखंड के नत्थूपुर प्राथमिक विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या- 158 पर शुक्रवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 0 से 6 माह की कन्या शिशु को बेबी किट एवं 2 से 3 वर्ष की कन्या शिशुओं को बेबी किट, सम्मान कार्ड एवं पौधे दिए गए। इस दौरान बच्चियों के बीच खेलकूद, पेंटिंग एवं कविता की प्रतियोगिता कराई गई। उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाली बच्चियों को पुरस्त कर मनोबल बढ़ाया गया। मौके पर सीडीपीओ अर्चना सिन्हा के अलावा कई सेविका, सहायिकाएं और महिलाएं मौजूद रहीं।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शिष्टचार मुलाकात की। इस दौरान बिहार के सर्वागीण विकास एवं आर्थिक प्रगति पर सकारात्मक चर्चा की।

## एमनेस्टी पलिसी 2025 का लाभ उठाने हेतु 31 मार्च तक आवेदन

### बंद पड़ी औद्योगिक इकाईयों को फिर से जीवित करने का सरकार दे रही अवसर

**पटना (एनएसबी)।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) ने राज्य के सभी पात्र औद्योगिक आवंटियों से एमनेस्टी पलिसी 2025 का लाभ उठाने के लिए शीघ्र आवेदन करने की अपील की है। प्राधिकार ने स्पष्ट किया है कि बियाडा एमनेस्टी पलिसी 2025 के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2026 निर्धारित है। यह नीति बंद पड़ी एवं रद्द की गई औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।



कुन्दन कुमार, सचिव, उद्योग विभाग।

यह नीति उन सभी आवंटियों के लिए लागू होगी जो स्वेच्छा से इसमें सम्मिलित होकर निर्धारित लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। इस नीति का उद्देश्य औद्योगिक भूखण्डों पर लंबित विवादों और मुकदमों को समाप्त करना, भूमि के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करना तथा बंद पड़ी इकाइयों को पुनर्जीवित कर औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया को गति देना है।

प्राधिकार ने स्पष्ट किया है कि यह योजना एक मुश्त अवसर के रूप में लाई गई है, जिसके माध्यम से आवंटी लंबित विवादों एवं मुकदमों से बाहर निकलकर फिर से अपने उद्योग को स्थापित कर सकते हैं। जिन रद्द की गई इकाइयों के भूखण्ड पर बाद में फिर से आवंटन के माध्यम से तृतीय पक्ष अधिकार सृजित हो चुके हैं, उन्हें छोड़कर अन्य सभी आवंटी आवेदन ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर इस नीति का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

बियाडा की तरफ से यह भी बताया गया है कि आवेदन प्राप्त होने के बाद तीन कार्य दिवस में प्रारंभिक स्वीकृति तथा सभी औपचारिकताओं की पूर्ति के उपरांत सात कार्य दिवस में अंतिम स्वीकृति प्रदान की जा रही है। अतः इच्छुक आवंटी बिना विलंब आवेदन कर इस प्रक्रिया का लाभ उठाएं। निर्धारित शर्तो के अनुसार समयबद्ध तरीके से ट्रायल एवं वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने पर इकाइयों को औद्योगिक गतिविधियों में दोबारा स्थापित होने का अवसर मिलेगा।

उद्योग विभाग ने कहा है कि एमनेस्टी पलिसी के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में औद्योगिक भूमि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा, लंबित विवादों में कमी आएगी तथा निष्क्रिय इकाइयों को पुनर्जीवन मिलेगा। इससे राज्य में औद्योगिकीकरण को गति मिलेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के अवसर उत्पन्न होंगे।

### नीतीश सरकार में बिहार बना निवेशकों की पहली पसंद : हिमराज

**पटना (एनएसबी)।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने जारी बयान में कहा कि बिहार के बांका जिले में 1200 करोड़ रुपये के निवेश से सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा तैयार किए गए निवेश-अनुकूल वातावरण और सुशासन की नीतियों की बड़ी सफलता है। बांका के कटोरिया औद्योगिक क्षेत्र में 59.47 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित इस सीमेंट निर्माण इकाई से लगभग 1000 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। यह परियोजना स्थानीय युवाओं के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगी। लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहे इस इलाके में इस प्रकार का बड़ा औद्योगिक निवेश सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि आज बिहार केवल संभावनाओं का राज्य नहीं, बल्कि निवेश और औद्योगिक विस्तार के लिए भरोसेमंद गंतव्य के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। यह उपलब्धि इस बात का भी प्रमाण है कि बिहार सरकार की नीतियां अब केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका असर धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। राज्य में आधारभूत संरचना, औद्योगिक क्षेत्रों का विकास, निवेशकों के लिए पारदर्शी प्रक्रियाएं और प्रशासनिक तत्परता ने निजी क्षेत्र का भरोसा बढ़ाया है।

# अब सभी विभागों में होने वाले टेंडर प्रक्रिया पर रहेगी ईओयू की नजर

**सभी विभागों में होने वाली निविदा का निष्पक्ष तरीके से निष्पादन कराने के लिए 5 सदस्यीय जांच टीम का किया गया गठन**

**आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के एसपी ने अपनी इकाई के स्तर से पिछले तीन महीने में की गई कार्रवाई का प्रस्तुत किया ब्योरा**

**पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी पंकज कुमार ने बताया कि अवैध खनन से जुड़े मामलों की जांच 17 जिलों में चल रही**

**पटना (एनएसबी)।** सरकारी महकमों में होने वाले सभी तरह के टेंडर (निविदा) प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) करेगी। इसके लिए ईओयू में एसपी के मार्गदर्शन में एक पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। यह टीम सभी टेंडर प्रक्रियाओं की समुचित जांच करेगी। यह जानकारी ईओयू के एसपी पंकज कुमार ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि कई विभागों में होने वाले विभिन्न तरह के टेंडरों में गड़बड़ी की शिकायत लगातार ईओयू को मिल रही थी। इसके मद्देनजर जांच एजेंसी ने इस टीम का गठन किया है। पहली बार ईओयू में सरकारी टेंडर की मनीटरिंग को लेकर इस तरह की व्यवस्था की है।

एसपी ने कहा कि अवैध खनन से जुड़े मामले में 17 जिलों में जांच चल रही है। जांच में यह पाया गया कि खनन सफ्टवेयर में टेंडर समेत अन्य प्रक्रियाओं में ओटीपी प्रमाणीकरण के प्रावधान को अनदेखा करते हुए कई कंपनियों को गलत तरीके से मान्यता दे दी गई है। इस तरह से गड़बड़ी कर 325 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। अवैध बालू खनन से जुड़े सभी जिलों में 62 मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिनकी जांच भी ईओयू कर रहा है।

श्री पंकज कुमार ने कहा कि इस वर्ष जनवरी से मार्च तक दो लोगों की अवैध संपत्ति जब्ती से जुड़े 21 करोड़ रुपये के मामले ईडी को ट्रांसफर किए गए हैं। ताकि इन पर पीएमएलए (प्रीवेंशन अफ मनी लड्रिंग एक्ट) के तहत उचित कार्रवाई हो सके। दोनों मामले प्रक्रियाधीन हैं।

उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में आवामी लीग एवं वैशाली सहकारिता बैंक में 101 करोड़ रुपये की गड़बड़ी से जुड़े मामले की जांच चल रही है। इसके मुख्य अभियुक्तों में शामिल बीएसएनएल कर्मी संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले तीन आरोपियों सैयद शाहनबाज, शौकत अली और रजनीकांत को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस वर्ष जनवरी में बैंक और डाक विभाग से जुड़े एक मामले में 12 वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त तत्कालीन सब-पोस्टमास्टर चंद्रशेखर सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी ने बताया कि फर्जी ई-वे बिल की बदौलत झारखंड से कोयला लाकर यहां अवैध तरीके से बेचने के मामले के अभियुक्त संतोष कुमार को हाल में सीवान से गिरफ्तार किया गया है। फर्जी ई-वे बिल की बदौलत इसने 35 लाख रुपये के राजस्व की चोरी की है। उन्होंने हाल में आय से अधिक संपत्ति मामले में ऊर्जा विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक के खिलाफ उनके वास्तविक आय से 66.62 फीसदी अधिक का डीए (आय से अधिक संपत्ति) का केस दर्ज किया गया है। इनसे जुड़े सात ठिकानों पर सघन छापेमारी की गई है। इसमें दर्जनों जमीन के दस्तावेज, जेवरात समेत अन्य चीजें बरामद की गई हैं। नेपाल में भी जमीन की खरीद से जुड़े कागजात मिले हैं। इसकी जांच चल रही है।

### एससीआरटी पेपर लीक मामले का अभियुक्त गिरफ्तार

एसपी पंकज कुमार ने बताया कि ईओयू की परीक्षा शाखा ने कुछ दिनों पहले एससीईआरटी (स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशन, रिसर्च एंड ट्रेनिंग) के स्तर से आयोजित होने वाली परीक्षा का प्रश्न-पत्र लीक करने वाले मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्त सरफराज उर्फ जन्नत भईया एक यू-ट्यूब चैनल बना रखा था और उस पर सरकारी स्कूलों की कक्षा 3 से 8 तक का प्रश्न-पत्र हल करके डालता था। इसके ऐवज में वे लोगों से पैसे यूपीआई के जरिए लेता था। इसके लिए पहल लोगों को अपने चैनल का सदस्य बनाता था। फिर उनसे पैसे लेकर यह गोरखधंधा करता था।

## 115 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज, 449 का हुआ लाइसेंस रद्द

**कालाबाजारी पर कृषि विभाग की जीरो टॉलरेंस नीति, राज्य में नहीं है उर्वरकों की कोई कमी : रामकृपाल यादव**

**मंत्री ने कहा कि अंतराष्ट्रीय सीमाओं पर हो रही कड़ी निगरानी**

**पटना (एनएसबी)।** कृषि विभाग उर्वरक कालाबाजारी पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहा है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक विभाग ने अनियमितताओं के विरुद्ध 115 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज की है, साथ ही, 449 उर्वरक प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द किए हैं। उर्वरक की कालाबाजारी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए विभाग ने मुख्यालय स्तर पर उड़नदस्ता दल गठित किया है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर लगातार छापेमारी हो रही है। ये जानकारी राज्य के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने शुक्रवार को दी है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अधिक मूल्य पर बिक्री को रोकने के लिए पूरी तरह सख्त एवं सतर्क है। राज्य के किसी भी जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य में यूरिया के 2.45 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 1.46 लाख मीट्रिक टन, एनपीके 2.05 लाख मीट्रिक टन, एमओपी 0.41 लाख मीट्रिक टन और एसएसपी 1.03 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रखंडवार आवश्यकता और आच्छादन के अनुसार उर्वरक का उप-आवंटन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी क्षेत्र में कमी की स्थिति उत्पन्न न हो। उर्वरक प्रतिष्ठानों के पस मशीन में दर्ज स्टक और भौतिक स्टक का नियमित सत्यापन किया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर जीरो टलरेंस नीति के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सभी जिलों में जांच दल गठित कर नियमित छापेमारी एवं निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे जिलों में छापेमारी तेज करने तथा सशस्त्र सीमा बल के साथ समन्वय स्थापित कर उर्वरक तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने को कहा गया है।

## नर्सरी एवं बागवानी क्षेत्र को बाजारोन्मुख बनाने में सहायक होगा बिहार नर्सरी एवं ग्रीन टेक कनक्लेव : प्रधान सचिव

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार के कृषि विभाग द्वारा 21 से 23 मार्च तक शहर के ज्ञान भवन में तीन-दिवसीय बिहार नर्सरी एवं ग्रीन-टेक कनक्लेव, 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के केंद्र में नर्सरी, उच्च-गुणवत्ता पौध सामग्री, हरित-प्रौद्योगिकी तथा जलवायु-अनुकूल उच्च-मूल्य वाली बागवानी रहेगी।

इस कनक्लेव में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित नर्सरियों एवं संस्थानों के साथ-साथ बिहार के नर्सरी संचालकों, बागवानों, स्टार्टअप्स, हर्टिप्रेन्योर्स, शोध संस्थानों, खरीदारों और निवेशक समूहों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

इसके बारे में कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने बताया कि बिहार नर्सरी एवं ग्रीन टेक कनक्लेव का उद्देश्य बिहार के नर्सरी एवं बागवानी क्षेत्र को संगठित, तकनीकी रूप से सक्षम, बाजारोन्मुख और निवेश-उन्मुख बनाना है।

**21 से 23 मार्च तक ज्ञान भवन में होगा बिहार नर्सरी एवं ग्रीन-टेक कनक्लेव, 2026 का आयोजन**

कार्यक्रम में दुर्लभ एवं विदेशी प्रजातियां, उन्नत नर्सरी प्रबंधन, संरक्षित खेती, टिशूकल्चर, स्मार्ट सिंचाई, डिजिटल उपकरण, एआईध्एमएल आधारित परामर्श, ब्लाक चेन आधारित ट्रेसबिलिटी, क्यूआर सक्षम स्टल निर्देशिका और इंटरैक्टिव सूचना कियोस्क के माध्यम से आधुनिक बागवानी की व्यवहारिक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

चयनित स्टलों पर संस्थानों की सफलता यात्रा, उत्पाद श्रृंखला और निर्यात मानकों के अनुपालन की सुगमता के लिए उन्मुखीकरण एवं प्रदर्शन किया जाएगा।

विशेष कार्यक्रमों में उद्यान की पाठशाला के तहत विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इन पहलों का उद्देश्य तकनीक को जन-हितैषी एवं समावेशी बनाना और बिहार के युवाओं और महिलाओं को उद्यमों से जोड़ना है।

यह आयोजन बिहार में षक-केंद्रित विविधीकरण, उद्यमिता, निर्यातोन्मुखता और ग्रामीण समृद्धि को गति देने की दिशा में महवपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि सभी नर्सरी संचालकों एवं बागवानी क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों, युवाओं, संस्थानों तथा पौध-प्रेमी इस आयोजन में सहभागिता कर इस का लाभ उठाएं।

## बिहार दिवस पर परिवहन विभाग के पवेलियन में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा वाटर मेट्रो

**पटना (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर पटना का ऐतिहासिक गांधी मैदान पूरी तरह से सज-धजकर तैयार हो चुका है। 22 से 24 मार्च तक चलने वाले इस तीन दिवसीय उत्सव में विभिन्न विभाग अपने आकर्षक पवेलियन के माध्यम से अपनी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित कर रहे हैं। इस बार परिवहन विभाग का पवेलियन विशेष रूप से मुख्य आकर्षण का केंद्र बनेगा, जहां राज्य में जल परिवहन की अपार संभावनाओं को खास तौर पर उजागर किया जा रहा है। विभाग ने यहां एक लगभग 5 फीट ऊंचा अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) का मॉडल तैयार किया है, जो दर्शकों को आकर्षित करेगा। इसके अलावा, वाटर मेट्रो भी इस पवेलियन का प्रमुख हाइलाइट रहेगी। यह मडल सड़क परिवहन के विकल्प के रूप में जलमार्ग को बढ़ावा देने का संदेश देगा, जो पर्यावरण-अनुकूल, सस्ता और सुविधाजनक परिवहन का एक बेहतरीन माध्यम है।

**जल परिवहन की संभावनाओं से अवगत कराएगा पवेलियन :** पवेलियन के मुख्य द्वार पर 2 फीट ऊंचा 3डी वाटर मेट्रो का मडल भी लगाया गया है। यहां राज्य के सात राष्ट्रीय जलमार्गो गंगा, गंडक, सोन, कोसी, घाघरा, पुनपुन और कर्मनाशा नदियों को भी आकर्षक ढंग से दर्शाया जाएगा। इसके साथ ही दर्शकों को सामुदायिक जेटी, कार्गो शिप, रो-रो शिप (माल परिवहन), रो-पैक्स (माल और यात्री दोनों परिवहन), यात्री परिवहन और तट आधरित सुविधाओं की पूरी जानकारी दी जाएगी। विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर लोगों को इनके बारे में विस्तार से बताएंगे और जल परिवहन के फायदों से अवगत कराएंगे।

**सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम :** इसके अलावा पवेलियन में लोगों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा पर जागरूक किया जाएगा। इसके लिए तीनों दिन तक सभी आगंतुकों का मुफ्त नेत्र जांच किया जाएगा। साथ ही हेलमेट, रोड सेफ्टी बैंड, चाबी रिंग इत्यादि का वितरित किए जाएंगे। बच्चों और युवाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें पेंटिंग, क्विज, पजल गेम, स्लोगन और संगीत गायन जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

## रामनवमी मेला के लिए पटना को 50 लाख तो दरभंगा को 5 लाख रुपये

**धार्मिक सामाजिक आयोजनों में बेहतर व्यवस्था और पारदर्शिता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता : उपमुख्यमंत्री**

**आस्था और परंपरा के आयोजनों में नहीं होगी कोई कमी, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने स्वीकृत किए 1.63 करोड़ रुपये**

**औरंगाबाद के देव में चैती छठ मेला हेतु 30 लाख एवं पटना के उलार में चैती छठ मेला के लिए 6 लाख रुपये की दी गई स्वीकृति**

**अररिया के सुंदरीमठ में सम्पन्न महाशिवरात्रि मेला के खर्च के भुगतान को 15 लाख एवं सीताकुंड मेला, मुंगेर के लिए 21 लाख**

**पटना (एनएसबी)।** राज्य सरकार ने विभिन्न धार्मिक आयोजनों एवं मेलों के सुचारु संचालन और बेहतर व्यवस्था के लिए बड़ी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। शुक्रवार को कुल एक करोड़ 63 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस संबंध में उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य सरकार आस्था एवं परंपरा के बड़े धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को सुरक्षित, व्यवस्थित और जनहितकारी बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ऐसे आयोजनों में किसी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में स्थानीय सक्रिय लोगों को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे आयोजनों में निखार आ जाता है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना नगर क्षेत्र में रामनवमी शोभा यात्रा के आयोजन हेतु 50 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त पटना जिले के दुल्हिन बाजार स्थित उलार धाम सूर्य मंदिर में चैती छठ मेला के लिए 6 लाख रुपये, औरंगाबाद के प्रसिद्ध देव चैती छठ मेला के लिए 30 लाख रुपये, दरभंगा राम दरबार चौक महावीर मंदिर रामनवमी मेला के लिए 5 लाख रुपये की स्वीति प्रदान की गई है। सीताकुंड मेला, मुंगेर के लिए 21 लाख, मुजफ्फरपुर श्रावणी मेला का 5 लाख, बांका श्रावणी मेला का 31 लाख तथा अररिया जिले के बाबा सुन्दरनाथ धाम में सम्पन्न हुए महाशिवरात्रि मेला का बकाया 15 लाख रुपये की राशि की भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उपरोक्त सभी आयोजनों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और यातायात प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृत राशि का उपयोग केवल निर्धारित मदों में ही किया जाए और किसी भी प्रकार का विचलन न हो। उन्होंने यह भी कहा कि सभी संबंधित समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता एवं अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि राशि का व्यय पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए तथा समय पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र विभाग को उपलब्ध कराया जाए।

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने जोर देते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर धार्मिक आयोजन श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुव्यवस्थित और याार बने। प्रशासनिक स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि समय पर राशि की निकासी और व्यय सुनिश्चित किया जाए, ताकि आयोजन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

## एक लक्ष्य, एक संकल्प : गौरैया संरक्षण के लिए आगे आएं : मंत्री

**जू ऐप, वेबसाइट की हुई लांचिंग**

**पटना (एनएसबी)।** विश्व गौरैया दिवस के मौके पर राजधानी पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान में पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री प्रमोद कुमार ने लोगों से अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने की अपील की है। मंत्री ने प्रातिक शैक्षणिक लाइब्रेरी का अवलोकन किया, जहां गौरैया से संबंधित तस्वीरें, पेंटिंग, घोंसले और विभिन्न कलातियां प्रदर्शित की गई थीं। उन्होंने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वसुदैव कुटुंबकम की भावना हमें यह सिखाती है कि इस धरती पर हर जीव का समान अधिकार है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि तेजी से बढ़ते विकास के बीच पक्षी और वन्यजीवों का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है, जिसे बचाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी गौरैया संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संजय गांधी जैविक उद्यान के 3 डी थिएटर में पटना जू के मोबाइल ऐप और नई वेबसाइट का भी लोकार्पण किया गया। साथ ही 'जू गाइड फैसिलिटी' की शुरुआत की गई, जिससे पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सकेगा। जू निदेशक हेमंत पाटिल ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से आगंतुकों को उद्यान में नेविगेशन की सुविधा, पशु-पक्षियों और वनस्पतियों की विस्तृत जानकारी, टिकट बुकिंग, फीडबैक और कंट्रोल रूम से संपर्क जैसी सुविधाएं मिलेंगी। यह पहल डिजिटल माध्यम से पर्यटकों को अधिक सुलभ और सुविधाजनक अनुभव प्रदान करेगी। कार्यक्रम में 'स्पैरो मैन ऑफ बिहार' के नाम से प्रसिद्ध अर्जुन सिंह को गौरैया संरक्षण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा 'कौन बनेगा करोड़पति' के विजेता सुशील कुमार को भी इस दिशा में उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# आपसी भाईचारे के बीच मनायें सभी पर्व : जिलाधिकारी

## जिलास्तरीय समिति की हुई बैठक, एसएसपी ने दी चेतावनी- असामाजिक तत्वों पर होगी कठोर कार्रवाई

नव संदेश ब्यूरो



जिला शांति समिति के बैठक में डीएम, एसएसपी एवं अन्य।

**दरभंगा।** समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में जिला दण्डाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में प्रमुख पर्व-त्योहारों यथा ईद, चैती छठ, रामनवमी एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण एवं शांतिपूर्ण और भाईचारे की वातावरण में मनाने के लिए जिला शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई।

शांति समिति के सम्मानित सदस्यों ने त्योहारों के दौरान प्रमुख स्थलों पर चिकित्सकीय दलों की प्रतिनियुक्ति, साफ सफाई,झांकियों के विषय-वस्तु, पोस्टर एवं स्लोगन की पूर्व जांच, विद्युत के लटके तारों की मरम्मत, असामाजिक तत्वों पर निगरानी, तथा अखाड़ा मिलान स्थल राम जानकी मंदिर,नाका संख्या-05 पर विशेष पुलिस व्यवस्था करने की आवश्यकता पर बल दिये। नाका संख्या 05 के समीप वैकल्पिक यातायात व्यवस्था, मेडिकल किट्स की उपलब्धता, ट्रैफिक प्रबंधन, लहेरियासराय टावर, लोहिया चौक, दरभंगा टावर एवं नाका संख्या-06 पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था, साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। जिला दण्डाधिकारी कौशल कुमार ने निर्देश दिया कि सभी समितियां झांकियों की विषय-वस्तु एवं स्लोगन का स्वयं परीक्षण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार की सामग्री से किसी समुदाय की भावना आहत न हो। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों के पहचान पत्र निर्गत करने, भीड़भाड़ वाले स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं नगर निगम को विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। रामनवमी जुलूस के संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक झांकी की अनुमति नहीं होगी तथा यह अखाड़ा समिति सुनिश्चित करेंगे। डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।साथ ही, चैती छठ के अवसर पर घाटों की साफ-सफाई एवं बैरिकेडिंग कराने, विद्युत तारों को दुरुस्त करने तथा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष सीता देवी, नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी, नगर आयुक्त

राकेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता राकेश कुमार,उपनिदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, कार्यपालक अभियंता भवन सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त शांति समिति के सम्मानित सदस्यगन श्याम किशोर प्रधान, अशोक नायक, रीता सिंह, मनीष जायसवाल, नफीसउल हक (रिंकू), रूमी खान, सुनील मंडल, मो. असलम, अजय जलान, नवीन सिन्हा, अंकुर गुप्ता, दीदार हुसैन चांद, शैलेंद्र मोहन झा, नवीन खटीक, गगन कुमार झा सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

### दरभंगा जिले में आज 32,550 सिलेंडर वितरण की संभावना

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रेस क्लब दरभंगा में सत्येंद्र प्रसाद, उपनिदेशक जनसंपर्क एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुरेश कुमार ने संयुक्त रूप से एलपीजी गैस वितरण को लेकर प्रेस वार्ता किए।जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि दरभंगा जिलान्तर्गत संचालित एल.पी.जी. गैस एजेंसियों द्वारा 20 मार्च को 12,765 से अधिक गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है, जबकि 15,849 सिलेंडर एजेंसियों के गोदामों में शेष हैं। दरभंगा जिला में 21 मार्च 2026 को 16,701 एल.पी.जी. गैस सिलेंडर आने की संभावना है। साथ ही 32,550 गैस सिलेंडर 21 मार्च को वितरण होने की संभावना है। गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी सेवा प्रारंभ की गई है। इससे उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति अब सीधे उनके घर तक जारी है।उपनिदेशक जनसंपर्क ने स्पष्ट कहा कि दरभंगा जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है तथा उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध है।

## संक्षिप्त खबरें

### गांवों में बेहतर सुविधा प्रदान करना मेरी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर : डॉ. रामचंद्र प्रसाद

**हायाघाट (एनएसबी)।** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने क्षेत्र के विकास कार्यों की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पौराम पंचायत में सड़क का विधिवत उद्घाटन किया। इस सड़क का निर्माण विधायक के ऐच्छिक कोष से 6,16,500 रुपये की लागत से किया गया है।उद्घाटन समारोह के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. प्रसाद ने फीता काटकर सड़क को जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों में बेहतर सुविधा प्रदान करना उनकी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। इस सड़क के बनने से पौराम पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और जलजमाव जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।उन्होंने ये भी कहा कि मेरा लक्ष्य हायाघाट के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाना है। सड़क केवल पत्थर और कंक्रीट का मार्ग नहीं होती, बल्कि यह गांव के आर्थिक और सामाजिक उत्थान का रास्ता होती है। आने वाले समय में विधानसभा के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हेमचंद्र सिंह,प्रशांत झा,आनंद सिंह,विकास सिंह,नीतीश प्रकाश,अरुण साहनी,जितेंद्र यादव,पूरण सहनी,बास्कित झा,संजय पंडित समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।


सड़क का उद्घाटन करते विधायक डॉ.रामचंद्र प्रसाद ।

### 118 करोड़ का बजट सिंहवाड़ा नगर पंचायत में हुआ पास

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** नगर पंचायत सिंहवाड़ा में शुक्रवार को विशेष बैठक का आयोजन मुख्य पार्षद प्रेम भगत की अध्यक्षता एवं कार्यपालक पदाधिकारी अक्षय कुमार के संचालन में हुई। बजट सत्र 2026-27 के लिए विशेष बैठक में 118. 41 करोड़ रुपये का बजट ध्वनि मत से पारित किया गया। बजट पर चर्चा के बाद वित्तीय वर्ष 2026- 27 के लिए नगर पंचायत द्वारा 40.52 करोड़ का राजस्व बजट एवं 77.88 करोड़ रूपया का पूंजीगत बजट प्रस्तुत किया गया। सामान्य बोर्ड द्वारा कुल 118. 41 करोड रुपए के ध्वनी मत से पारित किया गया। बजट सत्र 2026- 27 में मुख्य फोकस जलापूर्ति, विद्युतीकरण, जल जीवन हरियाली योजना, नागरिक सुविधा, मुख्यमंत्री नाली गली योजना, शवदाह गृह एवं मोक्ष धाम निर्माण, स्टॉर्म वाटर सिस्टम, नगर पालिका ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि योजनाओं को मुख्य रूप से क्रियान्वित करने पर चर्चा हुई।इस दौरान राजस्व प्राप्ति के मुख्य स्रोत नगर निकायों में संपत्ति कर, अतिरिक्त मुद्रांक शुल्क फीस एवं यूजर चार्ज तथा केंद्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त होने वाली राजस्व प्राप्त होने के अनुमान पर भी चर्चा की गई। वहीं केंद्र और राज्य सरकार से 113.83 करोड रुपए प्राप्ति का अनुमान बताया गया। बैठक में पार्षद देवनाथ चौपाल, सदानंद कुमार, मुनाजिर हुसैन, लेखापाल चंद्रशेखर मिट्ठू आदि ने चर्चा में भाग लिया। मौके पर नगर प्रबंधक प्रमुख कुमार, स्वक्षता अधिकारी दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

दरभंगा की खबरें पेज 14 पर भी

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की शुरूआत

# संगठन की शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : सरावगी

**दरभंगा (एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी महाविद्यालय, सुंदरपुर, दरभंगा में भारतीय जनता पार्टी दरभंगा नगर उत्तरी मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रमेश झा ने की। उद्घाटन बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने भारत माता, श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।

प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांत आज भी भारतीय राजनीति और समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकताओं में वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक कौशल एवं सेवा भावना का विकास होता है, जिससे पार्टी और अधिक सशक्त बनती है।

वैचारिक अधिष्ठान विषय पर अपने उद्बोधन में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि गहरे वैचारिक सिद्धांतों पर आधारित है। इतिहास विकास विषय पर बिहार भाजपा के महामंत्री राकेश कुमार ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके गौरवशाली इतिहास, विचारधारा और निरंतर विकास पर निर्भर करती है। कार्य विस्तार विषय पर मिथिला क्षेत्र के प्रभारी राम सुमिरन सिंह ने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करना होगा। संचालन जिला के महामंत्री संतोष पोद्दार ने किया।


कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी एवं अन्य।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, राजू तिवारी, सोनी पुर्व, जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, सुजीत मल्लिक, विधानसभा प्रभारी मुकुंद चौधरी, विधानसभा संयोजक लक्ष्मण कास्यंकार, जिला मंत्री पिंटू महासेठ, मुकेश महासेठ, मनीष खट्टीक, रमेश प्रसाद, मीणा झा, दीपक महतो, गजेंद्र मंडल, रवि चौधरी, अरुण झा, पंडित वेदव्यास, सपना भारती, संजय महतो, संगीत गुप्ता, गजेन्द्र मंडल, संजीव साह, लक्ष्मी नारायण साह, विनोद ठाकुर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुमार कपिलेश्वर सिंह युवा बिग्रेड सेना ने मनाया कुमार कपिलेश्वर का जन्मदिवस

# २50 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा राज सर्वे परिसर में युवराज कुमार कपिलेश्वर सिंह युवा बिग्रेड सेना के अध्यक्ष, संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में कुमार कपिलेश्वर सिंह का 51 वा जन्मदिन भव्य रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संतोष सिंह ने कुमार कपिलेश्वर सिंह के दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना की।

उन्होंने कहा जिस तरह के समाजिक कार्यो में हमें बढ़चढ़ कर आगे रहने वाले कुमार कपिलेश्वर सिंह के द्वारा हमेशा किया जाता रहा है। कुमार कपिलेश्वर सिंह के 51 वे जन्मदिन दिवस पर लगभग 250 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया एवं लोगों को भोजन कराया गया। दरभंगा राज ट्रस्ट के मैनेजर आशुतोष कुमार दत्त उर्फ पवन दत्त ने कहा की राजकुमार कपिलेश्वर सिंह की जन्मदिवस पर ईश्वर से प्रार्थना है की वह हर समय स्वस्थ और प्रसन्न रहें तथा जिस तरह से समाज और देश की सेवा की है आगे भी करते रहेंगे। कुमार कपिलेश्वर सिंह के द्वारा आज कई मंदिरों का जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है।


केक काटते संतोष कुमार सिंह आशुतोष दत्त एवं अन्य।

इस अवसर पर रमेश झा, बबलू जी, प्रियांशु झा, चंदन सिंह, मनोज शाह, निरुपम सिंह, रंजन शर्मा,कन्हैया दुबे, बूचन जी, संतोष झा,नंदू जी, सुभाष यादव, कोमल झा,जयप्रकाश ठाकुर, राजीव सिंह पवन पासवान विकास पासवान, आर के दत्ता, प्रकाश चंद्र प्रभाकर, संतोष श्रीवास्तव, पंडित विजय झा, विपुल पासवान, रमन कुमार मिश्रा, ज्योति कुमारी, सजीवन सदाय, सूजल झा सहित अन्य मौजूद थे।

# श्री राम कथा मानवता और नैतिकता की दिव्य कथा है : नंद जी महाराज

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के सझुआर गांव स्थित महावीर मंदिर परिसर में चल रही श्री राम कथा के दूसरे दिन कथावाचक नंद जी महाराज ने राम जीवन को संकटों के बीच धर्म की रक्षा और मानवता-नैतिकता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि श्री राम चरित्र मानस स्वार्थ त्याग, सेवा, हिमालय के सम्मान, करुणा और समानता का पाठ पढ़ाता है।


श्री राम कथा का वाचन करते नंद जी महाराज।

केवट, शबरी और बंदर सेवा के उदाहरण देते हुए श्री महाराज जी ने केवट, शबरी तथा बंदर सेवा का वर्णन कर सबके आदर्श अपनाने और सामाजिक समरसता स्थापित करने का आह्वान किया।भगवान शिव परिवार से पारिवारिक एकता की सीखभगवान शिव की चर्चा में श्री नंद जी महाराज ने कहा की पारिवारिक समरसता के लिए शिव परिवार आदर्श है। उनके परिवार नंदिनी का शत्रु बाघ तथा चूहा का शत्रु सर्प और सर्प का शत्रु मोर एक साथ रहते हैं। संदेश यह है कि परिवार में समझ-एकजुटता हो तो समाज विकसित होगा और संकटों का समाधान आसान है।शिव विवाह का वर्णन और झांकी बड़े ही धूमधाम से मनाया।

# बिरौल में उत्सव की तरह मनाया जायेगा बिहार दिवस : शशांक राज

**बिरौल (एनएसबी)।** बिहार दिवस 2026 के अवसर पर बिरौल अनुमंडल में 22 से 24 मार्च 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी के पत्र के आलोक में किया जा रहा है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, बिरौल द्वारा उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, अकबरपुर को स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है।बिरौल अनुमंडल के अंतर्गत कुल 6 प्रखंड—बिरौल, गौराबौराम, कुशेश्वरस्थान पूर्वी, कुशेश्वरस्थान, किरतपुर एवं घनश्यामपुर शामिल हैं। अनुमंडल पदाधिकारी शशांक राज द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को बिहार दिवस को उत्सव की भांति मनाने हेतु आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं।कार्यक्रम के अंतर्गत 22 मार्च को सभी विद्यालयों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा संध्या में दीप प्रज्वलन एवं परिसर को नीली रोशनी से सजाया जाएगा। वहीं 23 मार्च को सुबह 11 बजे विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल प्रदर्शनी के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग, वाद-विवाद, क्विज एवं गणित ओलंपियाड प्रतियोगिताएं


शशांक राज एसडीओ बिरौल।

आयोजित की जाएंगी,जिन्हें कक्षा 1-5, 6-8 एवं 9-12 वर्गों में विभाजित किया गया है। वहीं 24 मार्च को स्टॉल प्रदर्शनी जारी रहेगी। कविगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे,जिसमें अनुमंडल के सभी प्रखंडों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मियों को भी सम्मानित किया जाएगा।अनुमंडल पदाधिकारी शशांक राज ने कहा कि बिहार दिवस राज्य की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है तथा सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभाकर तिवारी ने कहा कि बिहार दिवस हमें अपने गौरवशाली अतीत को स्मरण करने और बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित करता है।

**22 से 24 मार्च तक मनेगा राज्य का 114वाँ स्थापना दिवस**

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा राजेंद्र भवन के सभागार में कायस्थ मिलन परिवार समारोह आयोजित

# विरासत में मिली संस्कृति को आत्मसात कर बढ़ रहे हैं आगे : समृद्ध वर्मा

**दरभंगा (एनएसबी)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, दरभंगा के तत्वावधान में नववर्ष अभिनंदन समारोह का आयोजन कायस्थ मिलन परिवार समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय राजेंद्र भवन, दरभंगा के सभागार में किया गया।

इस अवसर पर मंचस्थ अतिथि उद्घाटनकर्ता समृद्ध वर्मा, विधायक, सिकटा राकेश कुमार सिन्हा प्रांतीय अध्यक्ष, मनहर कृष्ण अतुल वरीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , डा राज रंजन प्रसाद राष्ट्रीय मंत्री सह जिला संरक्षक सुषमा सिन्हा प्रांतीय अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, कंचना कुमारी सिन्हा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ अमिताभ कुमार सिन्हा प्रांतीय उपाध्यक्ष, पत्रकार पुनीत कुमार सिन्हा प्रांतीय मंत्री सहित दरभंगा जिला के पदाधिकारीगण के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ ही चित्रगुप्त महाराज के भव्य चित्र पर पुष्पांजलि व आरती से प्रारंभ हुआ।


समारोह में उपस्थित विधायक एवं पदाधिकारीगण।

इस अवसर पर मंचस्थ अतिथि को कायस्थ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। अमिताभ कुमार सिन्हा के संचालन में हुए कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत " वन्दे मातरम" की प्रस्तुति श्रद्धा सुरभि ने की। तत्पश्चात कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष डा राज रंजन प्रसाद ने कहा कि दरभंगा साहित्यिक सांस्कृतिक रूप से आदि काल से ही समृद्ध रहा है। शिव और शक्ति की इस आध्यात्मिक धरा पर आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन है। उद्घाटनकर्ता समृद्ध वर्मा ने कहा कि - हमें विरासत में जो संस्कृति मिली है उसी संस्कृति को आत्मसात कर आगे बढ़ रहे है। समाज के सभी वर्गो का सम्मान हमें प्राप्त होता है। मौके पर मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष राकेश कुमार सिन्हा ने महासभा के उद्देश्यों और उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि - अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का 138 वर्षों का स्वर्णिम इतिहास है। वरीय पत्रकार अमरेश्वरी चरण सिन्हा ने कहा कि दरभंगा में कायस्थ समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बी टी एन के संपादक नवीन सिन्हा, दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश रंजन सिन्हा, मनहर कृष्ण अतुल, दीपक कुमार सिन्हा, सुषमा सिन्हा, कंचना कुमारी सिन्हा, कैलाश चंद्र लाभ, राकेश रंजन सिन्हा, डॉ मनीष कुमार आदि ने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बिनोद कुमार लाल, अरूण कुमार दास,कैलाश चंद्र लाभ, राकेश रंजन सिन्हा, नीरज कर्ण, हीरा कुमार दास, अनीता आनंद, चंदा वर्मा, चंदन कुमार, अशोक कुमार श्रीवास्तव, डा मनीष कुमार, प्रो राकेश रंजन सिन्हा, आर के दत्ता, प्रद्युम्न श्रीवास्तव आदि को मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार सिन्हा ने सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन आर के दत्ता ने किया।

# एयरपोर्ट दरभंगा के सिविल एनक्लेव की कनेक्टिविटी हेतु बैठक आयोजित

### डीएम की अध्यक्षता में कई विंदुओं पर हुआ विचार विमर्श

**दरभंगा (एनएसबी)।** एयरपोर्ट दरभंगा के सभागार में जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में सिविल एन्क्लेव की कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में एयरपोर्ट से बेहतर आवागमन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई द्वारा कनेक्टिविटी के लिए तैयार किए गए प्रस्तावों का डेमो डीपीआर विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तार से अवलोकन कराया गया। प्रस्तुतीकरण में प्रस्तावित मार्गों की व्यवहार्यता,लागत, यातायात की सुविधा तथा क्षेत्रीय विकास पर संभावित प्रभावों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने प्रस्तुतीकरण का गहन समीक्षा करते हुए परियोजना निदेशक, एनएचएआई को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। परियोजना के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए,ताकि आमजनों को शीघ्र बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिल सके। साथ ही संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य को आगे बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में परियोजना निदेशक, एनएचएआई, महाप्रबंधक प्रोजेक्ट एयरपोर्ट दरभंगा, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी दरभंगा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ईद और रामनवमी को लेकर एसडीओ ने की बैठक, दिए निर्देश

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** आगामी ईद और रामनवमी पर्व के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ नगर के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। दोनों त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा रामनवमी पर निकलने वाले जुलूस को सुव्यवस्थित एवं बिना किसी व्यवधान के संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस क्रम में उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि, इस दौरान किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान न दिया जाए तथा अपने आसपास के इलाकों में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सभी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि, इस दौरान प्रशासन द्वारा पर्याप्त सुरक्षा एवं निगरानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। एसडीओ ने ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे पर्व को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।



### सावधान ! बकायदारों और बिजली चोरी के खिलाफ विभाग सख्त, 450 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले में अकेले मार्च महीने में विद्युत विभाग द्वारा 450 प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जिनके विरुद्ध एक करोड़ 31 लाख में से करीब 47 लाख रुपया की वसूली की गई है। उक्त जानकारी देते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता आनंद कुमार ने बताया है कि, अवैध तरीके से विद्युत का उपयोग करने और बकायेदारों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत बहुत ही व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विद्युत संबंध विच्छेदन से प्राथमिकी दर्ज कराए जाने तक की कार्रवाई की जा रही है। श्री आनंद ने सभी उपभोक्ताओं से निवेदन करते हुए कहा है कि, चोरी छिपे बिजली का उपयोग नहीं करें, वरना आपके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। वहीं उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि अपना बकाया बिल समय से जमा करें। अन्यथा विद्युत विच्छेदन व जरूरत पड़ने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने बताया कि, अभी तक कुल 3927 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया है। अभी यह अभियान जारी रहेगा।

### पुर अकीदत अदा की गई अलविदा की नमाज

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले भर के मस्जिदो में रमजान के आखिरी जुमे पर अलविदा की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नमाजियों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि पूरा आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। बच्चों में भी नमाज को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

### गर्म पानी में गिरने से मासूम झुलसा, मारपीट में एक घायल

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र में एक 3 वर्षीय मासूम गर्म पानी में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस सम्बन्ध में बताया गया है कि, रमोली गांव निवासी उत्कर्ष कुमार घर में ही उक्त हादसे का शिकार हो गया। वहीं, जितवारिया गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे भी बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

### जिला से राज्य स्तर की श्रेणी में शामिल होगा चंदौली पैक्स : प्रेम झा

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** चंदौली प्राथमिक कृषि सक सोसाइटी लिमिटेड के कार्यालय पर प्रबंधकारिणी के नवगठित समिति की प्रथम बैठक पैक्स अध्यक्ष प्रेम कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राजीव नयन मुख्य अतिथि एवं प्रकाशक मौजूद रहे। इस अवसर पर




सर्वप्रथम नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी के सदस्यों को अध्यक्ष के द्वारा पाग, चादर एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने आपस में परिचय प्राप्त किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रेम कुमार झा ने रंजीत कुमार राय, श्याम कुमार सिंह, वकील पंडित, शिवलाल दास, सीता देवी, नीलम देवी, किरण कुमारी, सरिता देवी, दुर्गा देवी, रेणु देवी सहित सभी सदस्यों को विगत कार्यकाल के बारे में जानकारी दी। सभी सदस्यों ने विचारोपरांत अध्यक्ष के गत वर्ष के कार्यकाल को ध्वनि मत से संपुष्ट किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री झा ने नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी सदस्यों को भरोसा दिलाया मैं आप लोगों के सहयोग से पैक्स हित में काम करूंगा, और चंदौली पैक्स को जिला से राज्य स्तरीय श्रेणी में पहुंचाने केलिए प्रयत्नशील रहूंगा। उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में भरोसा दिलाया, कि हम पैक्स हित में काम करने के लिए हर स्तर पर आपका पूर्ववत सहयोग करेंगे।

### पूर्व न्यायाधीश की पुण्य तिथि मनायी गयी

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** पूर्व न्यायाधीश सूर्य नारायण मंडल के पुण्य तिथि के अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित गवाह विश्रामालय में लगे उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए उन्हें स्मरण किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रशांत रमानीया, अनुमंडल आरक्षी पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा, मनोरंजन कुमार, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष बिनोद कुमार पोद्दार समीर, शिव शंकर बर्मा संतोष कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह सहित अन्य अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिक आदि ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिनोद समीर ने की।

### आम तौर पर मौसम रहेगा शुष्क, कहींझकहीं तेज हवा और गरज के साथ बारिश, व ओला वृष्टि की संभावना

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** आगामी 5 दिनों में कहींझकहीं तेज हवा और गरज के साथ बारिश व ओला वृष्टि की संभावना है। इस दौरान बिजली भी चमक सकती है। इस बाबत जिले के पूसा स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी 25 मार्च 2020 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वानुमान अवधि के दौरान उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के बादल बने रह सकते है, जिसके चलते 21-22 मार्च के आसपास हल्की वर्षा की संभावना है। इस अवधि में कई स्थानों पर आकाशीय बिजली चमक सकती है कुछ क्षेत्रों में तेज हवा तो कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है। इसके अतिरिक्त, शेष दिनों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। जबकि न्यूनतम तापमान 20 से 22 जिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 9 से 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्य रुप से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 85 से 65 प्रतिशत तथा दोपहर में 30 से 35 प्रतिशत रहने की संभावना है। ऐसे में नोडल अधिकारी सह चर्चित मौसम वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल सत्तार ने किसान भाइयों को सतर्क और सजग रहने की सलाह दी है।

# पैतृक गांव पहुंचा शहीद सीताराम यादव का पार्थिव शरीर

## विधायक, डीएम, एसपी, एसडीओ सहित हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि, कहा प्रशासन शहीद के परिवार के साथ

**मोरवा (एनएसबी)।** जिले के मोरवा प्रखंड अंतर्गत बाजितपुर गांव के वीर सपूत, अमर शहीद सीताराम यादव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा। शहीद सीताराम का शव पहुंचते ही उनके अंतिम दर्शन के लिए व्यापक जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर, स्थानीय विधायक रणविजय साहू, जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा, आरक्षी अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर ससम्मान अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर उन्होंने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके अदम्य साहस एवं देशभक्ति को स्मरण किया। बताते चलें कि, जम्मू कश्मीर में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों के साथ हुए मुठभेड़ में सीताराम यादव ने अदम्य साहस और बहादुरी का परिचय दिया और कर्तव्य निभाते हुए हुए देश की रक्षा में अपनी जान दे कर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। वर्ष 2002 में भारतीय सेना में भर्ती हुए सीताराम पिछले डेढ़ से दो वर्षों से जम्मू कश्मीर में तैनात थे। वे हमेशा अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित रहे और देश सेवा को सबसे ऊपर रखा। उनकी शहादत ने यह साबित कर दिया कि सच्चे सैनिक अपने देश के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। इस दौरान विधायक व जनप्रतिनिधियों सहित डीएम, एसपी, एवं एसडीओ ने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देते हुए कहा कि, शहीद सीताराम यादव का बलिदान सदैव याद रखा जाएगा और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। प्रशासन शहीद के परिवार के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में शहीद के प्रति सम्मान प्रकट किया और उनके बलिदान को नमन किया। गांव में शोक एवं सम्मान का माहौल देखा गया, जहां बड़ी संख्या में लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीद की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।


शहीद का स्वागत करते एसडीओ व ग्रामीण, शहीद सीताराम यादव का फाइल चित्र इनसेट में।

# अपोलो डेंटल में धूमधाम से मनाया गया वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के चीनी मिल परिसर स्थित अपोलो डेंटल के सभागार में वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शरीर के सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग मुंह के रख-रखाव पर आधारित ओरल केयर जागरूकता को लेकर के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए अपोलो डेंटल के निदेशक प्रमुख डॉ ज्ञानेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि, वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे (विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस) हर साल 20 मार्च को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य ओरल हाइजीन (मुंह की सफाई) के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना तथा, दांतों व मसूड़ों की बीमारियों को रोकना है। यह दिन बेहतर ओरल हेल्थ के लिए ओरल स्वास्थ्य और समग्र शारीरिक/मानसिक स्वास्थ्य के बीच के संबंध को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि, इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य मुंह की स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना है, क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पाचन तंत्र पर निर्भर होता है और मुंह पाचन तंत्र प्रारंभिक एवं प्रमुख अंग है। खराब ओरल हेल्थ का नकारात्मक प्रभाव सबसे पहले हमारे पाचन तंत्र पर ही पड़ता है और इसी कारण दिल की बीमारी, डायबिटीज और श्वसन, किडनी, लिवर आदि संबंधी समस्याओं की शुरूआत होती है। आज के दिन हम दांतों में कैविटी, सेंसिटिविटी, और मसूड़ों की बीमारियों को रोकने के लिए, और ओरल हेल्थ के प्रति लोगों को जागरूक करते हैं। इसी क्रम में अपोलो रेंटल के चिकित्सक डॉ दयानंद कुमार ने कहा कि, स्वास्थ्य और मुंह के अंतरंग संबंध को चिन्हित करते हुए हर वर्ष अलग अलग थीम पर यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष ओरल हेल्थ डे 2026 का थीम खुश मुख खुशहाल जीवन" रखा गया है। यह दिन लोगों को जागरूकता सही ब्रश करने, चीनी का सेवन कम करने और नियमित रूप से दंत चिकित्सक से जांच कराने के लिए प्रोत्साहित करता है। डॉ दयानंद ने कहा कि, मुंह को स्वास्थ रखने के लिए दिन में दो बार ब्रश करें, मीठे, खट्टे, व ठंडे पदार्थों का सेवन कम करें तथा तंबाकू आदि का उपयोग करने से परहेज करें। साथ ही समय-समय पर नियमित रूप से डेंटल चेकअप करवाएं। इस शिविर में डॉ फारूक आजमी, डॉ प्रभात रंजन, डॉ मोहन आनंद, धर्मदेव यादव, सतीश कुमार, शबनम कुमारी, शिवम् कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।


ओरल हेल्थ डे पर मरीजों का इलाज करते चिकित्सक।

# राज्य स्तरीय बाबा केवल स्थान मेला की तैयारी तेज, एसडीओ व एसपी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के मोरवा प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध बाबा केवल स्थान पर आयोजित होने वाले राजकीय रामनवमी मेले को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने मेला स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मेले की तैयारियों का जायजा लेते हुए उन्होंने सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि, मल्लाह समुदाय की सांस्कृतिक पहचान केवल धाम में आयोजित यह मेला बिहार ही नहीं, बल्कि देश के दूसरे राज्यों एवं पड़ोसी देश नेपाल में रहने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। प्रशासन का लक्ष्य मेले को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है। वहीं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कहा कि मेले में असामाजिक तत्वों की प्रत्येक गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि, वे अफवाहों से दूर रहें, प्रशासन का सहयोग करें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत मेला में तैनात दंडाधिकारी या पुलिस पदाधिकारियों को दें। ताकि मेले का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफल बनाया जा सके।


निरीक्षण करते एसडीओ, एसपी व अन्य।

## गोदाम एवं ऐजेंसी पर मजिस्ट्रेट की हो तैनाती - माले, कहा, ताजपुर में गैस की हो रही छीना-झपटी

**ताजपुर (एनएसबी)।** गैस की किल्लत नहीं होने के तमाम प्रशासनिक दावों के विपरीत जिले के कुछ गैस वितरक की कार्यशैली से लोग त्रस्त हैं। जिससे जगह जगह गैस की छीना झपटी और झड़प के मामले सामने आते रहते हैं। यही कारण है कि, प्रशासनिक दावे और जमीनी हकीकत में व्यापक अंतर दिख रहा है। समस्तीपुर, पूसा, कल्याणपुर, ताजपुर में पूर्जा कटाने के 8 दिन बाद भी उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति नहीं की जा रही है। फलतः गैस लदा ठेला-टेम्पू गोदाम से निकलते ही गैस की छीना-झपटी शुरू हो जाती है। गैस आपूर्ति को लेकर हंगामा होता रहता है। गैस एजेंसी एवं गोदाम का दौरा कर उपभोक्ताओं की शिकायत सुनने के बाद भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने इस आशय की जानकारी देते हुए कहा कि प्रशासनिक घोषणानुसार गैस बुकिंग कराने के तीन दिन बाद उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की जानी है लेकिन ताजपुर व पूसा स्थित भारत गैस एजेंसी के वितरक गैस बुकिंग कराने के 8झ10 दिन बाद भी उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति नहीं करा पा रहे हैं। कुछ रसुखदार लोगों को तत्काल उनके घर तक गैस उपलब्ध करा दिये जाने से लोगों में व्यापक रोष व आक्रोश है। कई उपभोक्ताओं ने ऐजेंसी पर मनमानीपूर्ण तरीके से गैस वितरण का आरोप लगाया है।भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने गैस एजेंसी की मनमानीपूर्ण गैस वितरण, कालाबाजारी करने आदि की जांच कर कारवाई करने एवं जिला मुख्यालय की तरह ताजपुर गैस एजेंसी एवं गोदाम पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की मांग की है ताकि गैस का वितरण नियमानुसार सुगमतापूर्वक हो सके।

## वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन एवं शहद मूल्य संवर्धन विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, 40 प्रगतिशील किसान हुए शामिल

**समस्तीपुर/एनएसबी।** बिहार के विभिन्न जिलों से आए 40 प्रगतिशील किसानों के लिए आयोजित 'वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन एवं शहद मूल्य संवर्धन' विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। 18 से 20 मार्च 2026 तक चला यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड द्वारा प्रायोजित 'बिहार में लिची शहद का समृद्ध विकास - भौगोलिक संकेत (GI) के माध्यम से' प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित किया गया था। समापन सत्र में मुख्य रूप से डॉ. नगेन्द्र, डॉ. मोहित, डॉ. सुरेन्द्र, डॉ. ध्रुव तथा डॉ. रामानंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा तैयार 14 समृद्ध व्याख्यान दिए गए, जिनमें वैज्ञानिक कॉलोनी प्रबंधन, रोग नियंत्रण, रानी मधुमक्खी पालन, शहद निकासी, मूल्यवर्धित उत्पाद (स्वादिष्ट शहद, मोमबत्ती, प्रोपोलिस आदि), विपणन रणनीति तथा उद्यम विकास शामिल थे। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने कार्यक्रम से पूर्ण संतुष्टि व्यक्त की और कहा कि इस प्रशिक्षण ने उन्हें न केवल तकनीकी कौशल बल्कि मधुमक्खी पालन को लाभदायक उद्यम बनाने का व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान किया है। कई किसानों ने तो यह भी कहा कि, यह प्रशिक्षण उनके लिए मधुमक्खी पालन को पारंपरिक व्यवसाय से व्यावसायिक उद्यम में बदलने का सुनहरा अवसर साबित हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए वैज्ञानिकों ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के मधुक्रांति मिशन के उद्देश्यों से पूर्णतः जुड़ा है। यह बिहार राज्य में कुशल एवं तकनीकी रूप से सक्षम मधुमक्खी पालकों का विकास करेगा तथा लिची शहद को भौगोलिक संकेत (GI) उत्पाद के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा।



# अमर शहीद सीताराम यादव ने जिले को किया गौरवान्वित : डीएम

## राजकीय सम्मान के साथ शहीद को दी अंतिम विदाई

**मोरवा (एनएसबी)।** अमर शहीद सीताराम यादव ने केवल मोरवा प्रखंड ही नहीं बल्कि सारे समस्तीपुर जिला को अपनी शहादत से गौरवान्वित किया है। जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने जम्मू कश्मीर में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए सीताराम यादव के श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। विदित हो कि हलई थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजितपुर कर्नैल पंचायत के वार्ड संख्या तीन निवासी सूरज राय एवं महारानी देवी के पुत्र सेना के जवान सीताराम यादव ने जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान आतंकवादियों से मुठभेड़ में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। विशेष विमान से शहीद सीताराम यादव के पार्थिव शरीर को पटना लाया गया था। उसके बाद सेना के जवानों के द्वारा पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके शव को उनके पैतृक गांव बाजितपुर कर्नैल लाया गया। जहां हरिप्रसाद पेट्रोल पंप के निकट से ही क्षेत्र के हजारों लोगों ने भारत माता की जय, शहीद सीताराम यादव अमर रहे, आदि नारों के बीच सेना के जवानों के साथ शहीद सीताराम यादव के सैनिक गाड़ी पर तिरंगे में लिपटे शव की अगवानी की। बताते हैं कि, वे कुछ दिन पूर्व ही घर आए थे। पत्नी बच्चे, माता पिता,भाई एवं दोस्तों से मिल कर घर से वापस लौटने के बाद ड्यूटी पर तैनात हुए थे। मंगलवार सुबह को भी पत्नी से मोबाइल पर बात हुई थी। उसके बाद पैर में गोली लगने की सूचना मिली। उसके कुछ ही देर बाद घर के लोगों को सीताराम यादव के आतंकवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में शहीद हो जाने की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय तिरंगे में लिपटे अपने पुत्र के शव को देखते ही पिता सूरज राय, माता महारानी देवी, पत्नी सुमन देवी, छोटे भाई शिवानंद राय, पुत्री श्रुति राय, बड़ा पुत्र अनुज राय एवं छोटा पुत्र सुशांत राय पिता के शव पर बदहवाश होकर गिरकर रोने लगे। बड़ी मुश्किल से उन्हें अमर शहीद सीताराम यादव के तिरंगे में लिपटे शव से अलग हटाया गया। शहीद सीताराम को अंतिम विदाई देने पहुंचे जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा को देखते हैं पत्नी सुमन राय ने डीएम का पैर पकड़कर रोते हुए कहने लगी कि अब उनके बिना मेरा क्या होगा? जिलाधिकारी कुशवाहा ने शोकाकुल पत्नी सहित शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए इस शोक की घड़ी में जिला प्रशासन के साथ रहने का वादा किया। इस अवसर पर डीएम रोशन कुशवाहा, एसपी अरविंद प्रताप सिंह, डीएसपी संजय पांडे, सदर एसडीओ दिलीप कुमार, पटोरी डीएसपी बीके मेधावी, हलई थाना अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, बी डी ओ अरुण कुमार निराला, विधायक रणविजय साहू, पूर्व मंत्री बैजनाथ सहनी, पूर्व विधायक अजय कुमार बुल्गानिन, जदयू प्रखंड अध्यक्ष शर्वेन्दु कुमार शरण सहित हजारों लोगों ने अमर शहीद के बलिदान को क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस क्रम में विधायक रणविजय साहू ने, जब तक सूरज चांद रहेगा, सीताराम यादव का नाम रहेगा, कह कर नमन किया।



शहीद सीताराम यादव को लेकर आता सेना का वाहन।

# कदाचार मुक्त माहौल में जारी 9वीं की परीक्षा, 24 मार्च तक चलेगी प्रक्रिया

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सभी 14 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शुक्रवार को 9वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त माहौल में जारी रही। यह परीक्षा 18 मार्च से शुरू होकर 24 मार्च तक आयोजित है। विभागीय निदेर्शों के अनुसार परीक्षा संचालन को लेकर विद्यालय स्तर पर व्यापक तैयारी की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर रोक लगाई जा सके। शुक्रवार को आयोजित परीक्षा में पहली पारी में संस्कृत तथा दूसरी पाली में विज्ञान विषय की परीक्षा ली गई। दोनों पालियों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति संतोषजनक रही। परीक्षा केंद्रों पर शिक्षकों द्वारा कड़ी निगरानी रखी गई, वहीं परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले छात्रों की जांच भी की गई, जिससे कदाचार की संभावना पूरी तरह समाप्त हो सके। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालकृष्णपुर मड़वा में भी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। यहां वर्ग नवम की परीक्षा में कुल 50 छात्र शामिल हुए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आत्मजा कुमारी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पहले से पूरी कर ली गई थीं। उन्होंने बताया कि बोर्ड की ओर से प्रश्न-पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं समय पर उपलब्ध करा दी गई थीं, जिससे परीक्षा आयोजन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आई। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूरी तरह कदाचार मुक्त वातावरण में कराई जा रही है और इसके लिए सभी शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही छात्रों को भी अनुशासन बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रखंड के अन्य विद्यालयों में भी इसी प्रकार सख्ती के साथ परीक्षा का संचालन किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा समय-समय पर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया जा रहा है, ताकि व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त बनी रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा फाउंडेशन एवं द हिमालय पब्लिक स्कूल, बिट्ठो के संयुक्त तत्वाधान में 59वां रक्तदान शिविर

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों के लिए अयाची नगर युवा फाउंडेशन एवं द हिमालय पब्लिक स्कूल, बिट्ठो के संयुक्त तत्वाधान में 59वां रक्तदान शिविर सह रक्तदाता सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों डॉ. विधानंद झा, प्रिंसिपल पंकज झा, शिक्षक दीपक झा, धीरज लाभ, संदीप कुमार मन्ना एवं अयाची नगर युवा फाउंडेशन के संस्थापक विक्की मंडल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई।इस रक्तदान शिविर में कुल 26 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।मौके पर डॉ. विधानंद झा ने कहा कि रक्तदान सेवा भाव और एक सजग नागरिक होने का प्रतीक है, जिसे लोगों को नियमित रूप से करना चाहिए।संस्था के संस्थापक विक्की मंडल ने कहा कि जिले में थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों के लिए सभी को संवेदनशील होने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नियमित रक्तदान से इन बच्चों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सकेगा और वे बेहतर जीवन जी पाएंगे।धीरज लाभ ने भी कहा कि रक्तदान करने से न केवल दूसरों की जान बचती है, बल्कि यह स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है।शिविर में रोहित कुमार साहू, राकेश कुमार झा, शालिनी कुमारी, खुशबू कुमारी, रूद्रानंद झा, सुधाकर मंडल, तारकेश्वर राय, जितेंद्र कुमार ठाकुर, प्रवीण कुमार मंडल, प्रदीप कुमार यादव, गोपाल मंडल, अजीत कुमार राय, विवेक कुमार, राहुल कुमार ठाकुर, अखिलेश कुमार मंडल, शेखर झा सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया।कार्यक्रम में संस्था के मनोज कंठ, प्रवीण कुमार झा, अभिशेष ठाकुर समेत ब्लड बैंक के विश्वजीत कुमार, कंचन कुमारी, किरण कुमारी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### 79 एलपीजी गैस एजेंसियों के द्वारा होम डिलीवरी से हो रही गैस आपूर्ति

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले के 79 एलपीजी गैस एजेंसियों के द्वारा होम डिलीवरी से गैस आपूर्ति की जा रही है।जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति एवं वितरण सामान्य हो रही है तथा एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के समस्याओं का त्वरित गति से निराकरण भी किया जा रहा है।जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने बताया कि जिले में विभिन्न कंपनियों यथा- आई.ओ.सी.एल., एच. पी.सी.एल. तथा बी.पी.सी.एल के कुल-103 एलपीजी गैस एजेंसी कार्यरत है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी करनेवालों पर कारवाई के लिए गठित टीम चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए हुई है।सभी गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था की गयी है तथा महिलाओं, दिव्यांगों एवं बुजुर्गों के लिए अलग से विशेष लाईन की व्यवस्था की गयी है।शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिन तथा सभी उपभोक्ताओं के लिए साल में मात्र 12 गैस की ही बुकिंग करने की व्यवस्था लागू है।सभी उपभोक्ता इसका पालन करते हुए ही बुकिंग का प्रयास करें। वर्त्तमान में सर्वर की समस्या नहीं है।शीघ्र ही जिले के अन्य एजेंसियों के द्वारा भी होम डिलीवरी की प्रक्रिया को भी बहाल किया जायेगा। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को जिला द्वारा उपलब्ध कराये गए लिंक पर अपने आवश्यकतानुसार डिमांड करने का निदेश दिया गया है, ताकि वस्तुस्थिति का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनको व्यवसायिक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा गुगल लिंक एवं विभिन्न सोशल मीडिया यथा-फेसबुक, ट्विटर आदि से प्राप्त शिकायतों का नियमित रूप से निपटारा किया जा रहा है एवं कृत कार्रवाई को जिला प्रशासन के फेसबुक पेज पर भी अपलोड किया जा रहा है।



### सीमावर्ती क्षेत्रों में अलविदा की नमाज अदा की गयी, विश्व शांति को लेकर उठे हाथ

**जयनगर (एनएसबी)।** अनुमंडल मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम समुदायों ने अलविदा की नमाज अदा किया। जयनगर शहरी क्षेत्र के भेलवा चौक नूरी जामा मस्जिद, बलडिहा, ईसलामपुर मुहल्ला, थाना टोला, राजपुताना मुहल्ला, युनियन टोला, मारवाड़ी मुहल्ला, ईदगाह टोला के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में कोरहिया, बेला, पचहर, देवधा, बरही एवं बैरा समेत अन्य गांवों के मस्जिदों में मुस्लिम समुदायों ने अलविदा करते हुए विश्व शांति को लेकर लोगों ने दुआ किया।शहरी क्षेत्र के भेलवा चौक स्थित नूरी जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने वाले लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए एसडीपीओ राघव दयाल ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मोर्चा संभाला। नमाज पढ़ने वाले लोगों की भीड़ के कारण सड़क यातायात बहाल रखने के लिए थाना एसआई भीम प्रसाद एवं बीएमपी व पुलिस बल जवानों का सहयोग लिया गया। नूरी जामा मस्जिद में नमाज से पूर्व अपने संबोधन में मस्जिद के इमाम मौलाना मो. सिराज बरकाती ने कहा कि अल्लाह ने रमजान के महीने को तीन भागों में विभाजित किया है। एस से दस रोजा को रहमत की होती है बंदों पर विशेष रहमत होती है। दस से बीस के बीच बंदो की मगफिरत की जाती है और उसके बाद जहन्नुम (नर्क) से आजादी की होती है। रमजान महिने के अंतिम शुक्रवार को अलविदा की नमाज पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। जिसे जुमातुल अलविदा भी कहा जाता है। अलविदा का दिन मुस्लिम समुदायों के लिए महत्वपूर्ण दिन भी होता है। उन्होंने कहा कि अलविदा में रमजान के समाप्त होने का एहसास और इबादत करने के प्रति लोगों को आकर्षित करता है। मुस्लिम समुदायों को रमजान के महीने में अधिक से अधिक इबादत करनी चाहिए। इस महीने में हर वो मालदार सक्षम व्यक्तियोंपर जकात फर्ज किया गया है। सदका और सदकाए फित्र भी लोगों को निकालना होता है। जकात और सदका की राशि से कोई गरीब परिवार भी अच्छी तरह से पर्व मना सके। सक्षम लोगों के द्वारा जकात की राशि निकालने पर किसी गरीब परिवार के लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक हो सकती है।इसके साथ शिक्षा पर विशेष बल दिया गया। नमाज अदा करने के बाद इमाम और नमाज में शामिल लोगों ने दुआ अदा करते हुए विश्व शांति के साथ भारत में अमन शांति, आपसी भाईचारा के लिए दुआ मांगी।

### चैत्र नवरात्रा हर्षोल्लास के साथ भक्तिमय माहौल में शुरू

**खजौली (एनएसबी)।** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के विरौल गांव स्थित सार्वजनिक वैष्णवी चैती दुर्गा मंदिर परिसर में 551 कन्याओं के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ चैत्र नवरात्रा हर्षोल्लास के साथ भक्तिमय माहौल में शुरू हुआ।कलश शोभा यात्रा को विधिवत रूप से प्रदेश भाजपा नेता सह स्वर्ण व्यवसायी अमरनाथ प्रसाद साह, डा.सतीश गोयत ,मुखिया छद्दू पासवान,बृज किशोर यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक तेजी लाल यादव सहित अन्य आगंतुक अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर रवाना किया। चैत्र नवरात्रा को लेकर विरौल सहित आस पास के क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ था। चारों दिशाएं मां दुर्गा की स्तुति पाठ से वातावरण गुंजमय बना हुआ था। वहीं कलश शोभा यात्रा में भाग लेने को लेकर लोगों में खासे उत्साह बने हुए थे। रंग बिरंगी नूतन वस्त्र से सुसज्जित महिलाओं ने गुरुवार की तड़के सुबह से ही मंदिर परिसर में पहुंचने लगे थे। वहीं कलश शोभा यात्रा मंदिर परिसर से चलकर सुक्की गांव स्थित पवित्र कमला नदी से जल भरकर मां दुर्गे की जय जयकार करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचे। जहां पुजारी कलेवर यादव को पंडित नुनु झा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद बारी बारी से सभी कलश की स्थापना के साथ मां दुर्गा की प्रथम स्वरूप की पूजा अर्चना शुरू किया गया।वहीं इस दौरान पूजा कमिटी के अध्यक्ष ललित यादव ने बताया कि यहां संपूर्ण ग्रामीणों के सहयोग से लगातार 12 वर्षो से लगातार प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया जा रहा हैं।इस बर्ष गुरुवार 19 मार्च से 28 मार्च तक पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ भव्य मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं।इस मौके पर पंकज कुमार,गुनानंद यादव,बीरेंद्र सोनी,संजय यादव , पंसस रघुवीर गरेरी सहित अन्य मौजूद थे ।

# दो दिवसीय मिथिला महोत्सव 2026 का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने केक काटकर किया शानदार शुभारंभ





**डीएम, एसपी ने वॉटसन स्कूल परिसर स्थित समारोह स्थल पर गुब्बारा गुच्छ उड़ाकर कार्यक्रम का किया शानदार आगाज**

**मिथिला महोत्सव के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का डीएम, एसपी ने किया निरीक्षण**

**जिलाधिकारी ने मिथिला महोत्सव के अवसर पर सभी मिथिलावासियों को दिए शुभकामनाएं**

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने अपनी लोक गीत एवं नृत्य कला से सभी को किया प्रभावित**

**मधुबनी (एनएसबी)।** कला, संस्कृति एवं परंपरा का अद्भुत संगम दो दिवसीय मिथिला महोत्सव 2026 का शुक्रवार को वाट्सन उच्च विद्यालय परिसर, मधुबनी में जिलाधिकारी, आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार के द्वारा केक काटकर एवं गुब्बारों को आकाश में उड़ाकर शानदार शुभारंभ किया गया।तत्पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहरों को प्रदर्शित तथा विभिन्न विभागों यथा- आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, आपदा विभाग, परिवहन विभाग, सामाजिक सुरक्षा, पशुपालन विभाग, मिथिला चित्रकला संस्थान, डीआरसीसी, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागीय स्टॉल का निरीक्षण किया गया।महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा एक आकर्षक एवं जागरूकता आधारित स्टॉल स्थापित किया गया। इस स्टॉल के माध्यम से आम जनमानस को महिला एवं बाल विकास निगम के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं -जैसे वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी योजना, नारी शक्ति योजना आदि- की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।स्टॉल पर उपस्थित कर्मियों द्वारा आगंतुकों को योजनाओं के उद्देश्य, लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। विशेष रूप से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्टॉल का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी द्वारा प्रदर्शित सामग्रियों एवं दी जा रही जानकारी का अवलोकन किया गया तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने मिथिला महोत्सव के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल में आपदा प्रबंधन विभाग के स्टॉल का उदघाटन किया। इस मौके पर डीपीआरओ, परिमल कुमार ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। आपदा प्रबंधन विभाग के स्टॉल में एसडीआरएफ की टीम के द्वारा आपदा से बचाव,सीपीआर आदि की जानकारी दी गई,वही आपदा से संबंधित विभिन्न आधुनिक उपकरणों का भी प्रदर्शन किया गया, वही आपदा से बचाव सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं का पंपलेट का भी वितरण किया गया।पुनः मिथिला की विरासत को प्रदर्शित सैंड आर्ट का निरीक्षण किया गया।कार्यक्रम में शिवगंगा बालिका विद्यालय, पोल स्टार स्कूल, रिजनल सेकेंड्री की छात्राओं खुशी, ऋचा, खुशी, अनु, संधया, रिया सृष्टि, पीहू आदि के द्वारा मैथिली लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। वही अन्य स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा भी भावपूर्ण नृत्य एवं लोकनृत्य एवं लोकगीत की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ अभिषेक कुमार के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डीडीसी सुमन प्रसाद साह,प्रशिक्षु आईएएस विरूपक्ष विक्रम सिंह, नगर आयुक्त, उमेश भारती, एडीएम मुकेश रंजन, एडीएम (आपदा) संतोष कुमार,डीटीओ रामबाबू, एसडीओ चंदन झा, पुलिस उपाधीक्षक रश्मि, डीपीआरओ परिमल कुमार, सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जल महोत्सव सह स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित



स्कूली छात्राओं के द्वारा।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला गंगा समिति,नमामि गंगे, मधुबनी के तत्वावधान में घोघरडीहा प्रखंड स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय नौआबाखर, हटनी, में जल महोत्सव सह स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है, इसलिए हमें इसके संरक्षण के लिए सजग रहना होगा। कार्यक्रम के संयोजक सुभाष कुमार कामत एवं पिंकी कुमारी ने भी बच्चों को जल संकट की गंभीरता से अवगत कराया। सुभाष कुमार कामत ने कहा जल है तो कल है। नदियां सूख रही हैं और सड़कों के सिमेंटेड होने से पानी जमीन तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके कारण गर्मियों में चापाकलों में पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस अवसर पर घटता जलस्तर एवं जल संरक्षण विषय पर बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में दो-दो बच्चों के समूह ने जल संरक्षण पर आधारित चित्र बनाए।परिणामों में बालक वर्ग में कृष्ण कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में अंशु कुमारी एवं अनुपम कुमारी प्रथम स्थान पर रहीं। द्वितीय स्थान सोनम झा एवं गुंजा कुमारी को मिला, जबकि तृतीय स्थान पर स्वाती कुमारी, काजल कुमारी, खुशी कुमारी एवं जूही कुमारी के समूह को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में कंप्यूटर शिक्षिका सारिका शुभम, अमित कुमार तथा छवि कुमार मंडल शामिल थे।कार्यक्रम में पिंटू कुमार, कार्तिक कुमार, संध्या कुमारी, संजना कुमारी, शिवम कुमार, शांभवी कुमारी, पूजा कुमारी, रितेश, रवि, जयंत सहित कई छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं को नदी, तालाब एवं अन्य जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने हेतु स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जल संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति भी जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया।

## डीएम ने आमजनों की समस्याएं सुनीं, त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने समाहरणालय परिसर में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत अपने कार्यालय कक्ष में आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।इस जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसी क्रम में प्रखंड बेनीपट्टी पंचायत नागदह जिला मधुबनी के गंगाधर झा के द्वारा ग्रामीण और सामाजिक व्यक्ति के द्वारा आने जाने वाला सरकारी रास्ता को बलपूर्वक अतिक्रमण कर लेने से संबंधित शिकायत किया। वही मधुबनी निवासी नितलेश ठाकुर ने शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्ति के उपरान्त एनपीएस में जमा राशि निकासी करने के संबंध में आवेदन दिया।परिवादी विभा देवी ग्राम गोधनपुर पंचायत सुखेत अंचल झंझारपुर के द्वारा भूमिहीन महादलित परिवारों को पांच डीसमल भूमि बंदोबस्ती पर्चा निर्गत करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया प्रखंड राजनगर के डोमा साफी ने जमीन संबंधी आपसी विवाद को अपने स्तर से निदान करने के संबंध में आवेदन दिया।ग्राम पोस्ट लौकहा अनुमंडल फुलपरास के अविनाश कुमार के द्वारा जन वितरण प्रणाली विक्रेता अनुज्ञप्ति में धांधली के संबंध में शिकायत किया। विमल देवी ग्राम डुमरा प्रखंड बेनीपट्टी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास नहीं मिलने के संबंध में शिकायत किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित होकर जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए।उल्लेखनीय है कि सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्लह्ल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है।जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवा प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से सभी आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं तथा उनके त्वरित समाधान के लिए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई।

## छात्राओं के बीच सेनेटरी नेपकिन कीट का वितरण



**खजौली (एनएसबी)।** शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के उउमाविबेंता ककरघट्टी मैं बिहार शिक्षा परियोजना मधुबनी समग्र शिक्षा के तहत किशोरियों के कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिष्ठापित सखी सहायता डेस्क का गठन किया गया।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा के हाथों नामांकित छात्राओं के बीच सेनेटरी नेपकिन कीट का वितरण किया गया व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खजौली के द्वारा सभी बच्चियों का एनेमिया जांच किया गया। मौके विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राज कुमार सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपेन्द्र प्रसाद सिंह, शिक्षक मो.अकबर, सुजाता कुमारी,संगीता कुमारी, पिंकी कुमारी,अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थीं।

## चैत्र नवरात्रा हर्षोल्लास के साथ भक्तिमय माहौल में शुरू



**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के विरौल गांव स्थित सार्वजनिक वैष्णवी चैती दुर्गा मंदिर परिसर में 551 कन्याओं के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ चैत्र नवरात्रा हर्षोल्लास के साथ भक्तिमय माहौल में शुरू हुआ।कलश शोभा यात्रा को विधिवत रूप से प्रदेश भाजपा नेता सह स्वर्ण व्यवसायी अमरनाथ प्रसाद साह, डा.सतीश गोयत ,मुखिया छद्दू पासवान,बृज किशोर यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक तेजी लाल यादव सहित अन्य आगंतुक अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर रवाना किया। चैत्र नवरात्रा को लेकर विरौल सहित आस पास के क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ था। चारों दिशाएं मां दुर्गा की स्तुति पाठ से वातावरण गुंजमय बना हुआ था। वहीं कलश शोभा यात्रा में भाग लेने को लेकर लोगों में खासे उत्साह बने हुए थे। रंग बिरंगी नूतन वस्त्र से सुसज्जित महिलाओं ने गुरुवार की तड़के सुबह से ही मंदिर परिसर में पहुंचने लगे थे। वहीं कलश शोभा यात्रा मंदिर परिसर से चलकर सुक्की गांव स्थित पवित्र कमला नदी से जल भरकर मां दुर्गे की जय जयकार करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचे। जहां पुजारी कलेवर यादव को पंडित नुनु झा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद बारी बारी से सभी कलश की स्थापना के साथ मां दुर्गा की प्रथम स्वरूप की पूजा अर्चना शुरू किया गया।वहीं इस दौरान पूजा कमिटी के अध्यक्ष ललित यादव ने बताया कि यहां संपूर्ण ग्रामीणों के सहयोग से लगातार 12 वर्षो से लगातार प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया जा रहा हैं।इस बर्ष गुरुवार 19 मार्च से 28 मार्च तक पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ भव्य मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं।

## एलपीजी गैस की कालाबाजारी के विरुद्ध व्यापक छापेमारी अभियान


छापामारी करते पुलिस और अधिकारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 20 मार्च को मेरे निर्देश पर एलपीजी गैस की कालाबाजारी एवं अवैध जमाखोरी के विरुद्ध एक व्यापक संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया है कि इस अभियान में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल पुलिस निरीक्षक तथा सभी थानाध्यक्ष सक्रिय रूप से शामिल रहे। साथ ही कुछ संवेदनशील एवं चिन्हित स्थानों पर जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा स्वयं उपस्थित होकर छापेमारी का निरीक्षण किया गया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसके तहत कुल लगभग 120 स्थानों पर एक साथ कार्रवाई करते हुए अवैध भंडारण, कालाबाजारी एवं नियमों के उल्लंघन की जांच की गई। छापेमारी के दौरान कई स्थानो जैसे गोदाम, दुकानों एवं विभिन्न गैस दुकान व्यवसाइयों के घरों में विधिवत छापामारी कि गई। एलपीजी गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण, बिना लाइसेंस के बिक्री एवं अन्य अवैध भंडारण, बिना लाइसेंस के बिक्री एवं अन्य अनियमितताएं पाई गईं, जिनके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने एवं जब्ती की कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।मधुबनी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि एलपीजी गैस जैसी आवश्यक वस्तु की कालाबाजारी एवं जमाखोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।आम जनता से अपील की गई है कि यदि कहीं भी एलपीजी गैस की कालाबाजारी या अवैध भंडारण की सूचना मिले, तो तत्काल इसकी जानकारी नजदीकी थाना या जिला प्रशासन को दें।

## संक्षिप्त खबरें

### चैती छठ व ईद को लेकर प्रशासन अलर्ट, घाटों और ईदगाह का किया गया निरीक्षण

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** आगामी चैती छठ पूजा एवं शनिवार को ईद के पावन अवसर को ध्यान में रखते हुए नगर प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को शहर के प्रमुख घाटों एवं ईदगाह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, स्वच्छता व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल समेत अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। मौके पर नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नगरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। साथ ही नगरवासियों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि त्योहारों का आनंद बेहतर माहौल में लिया जा सके।



### कपरपुरा रेलवे गुमटी को चालू कराने को लेकर रेल मंत्री को सांसद ने सौपा ज्ञापन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कांटी प्रखंड स्थित कपरपुरा रेलवे गुमटी को रेलवे प्रशासन द्वारा बिना पूर्व सूचना के बंद कर दिए जाने से क्षेत्र के लोगो के सामने उतपन्न हुई आवागमन के घोर संकट को गंभीरता से लेते हुए वैशाली की सांसद वीणा देवी ने कपरपुरा रेलवे गुमटी संख्या 107 को अविलंब खोलने की मांग को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। साथ ही उन्हें रेलवे गुमटी बंद किए जाने के बाद कि उतपन्न स्थिति से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौपा। साथ ही वीणा देवी ने उनसे जनता के हित में अविलंब कपरपुरा गुमटी को खोलने की अनुमति देने का अनुरोध किया। वैशाली सांसद ने बताया कि केंद्रीय रेलमंत्री ने इस मामले में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। वीणा देवी ने कहा कि उन्होंने रेल मंत्री से इस स्थान पर एक रेलवे अंडरपास या ओवरब्रिज निर्माण की योजना स्वीकृत करने की भी मांग की है। ताकि क्षेत्र के लोगों की आवागमन में हो रही परेशानियों से हमेशा के लिए निजात मिल सके।



### कांटी के मधुकर छपरा विद्यालय में 9 लाख की लागत से बने पेयजल व शौचालय का क्षेत्रीय विधायक ने किया उद्घाटन

**कांटी(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुकर छपरा में 15वीं वित्त आयोग योजना के तहत निर्मित पेयजल एवं शौचालय का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। लगभग 9 लाख रुपये की लागत से तैयार इन दोनों योजनाओं का उद्घाटन कांटी के जदयू विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने फीता काटकर किया। मौके पर क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि विद्यालय में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था होने से बच्चों को काफी सहूलियत होगी। अब छात्रों को पानी पीने के लिए चापाकल चलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि उन्हें शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। साथ ही शौचालय बनने से बच्चों को खुले में बाहर जाने की समस्या से भी निजात मिलेगी। विधायक अजीत कुमार ने कहा कि उनके क्षेत्र में विकास कार्य अब रफ्तार पकड़ने लगा है। साथ ही आगे भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं का विकास भी जरूरी है। ताकि बच्चों को बेहतर वातावरण मिल सके। मौके पर जिला पार्षद आभा ठाकुर, कुमोद ओझा, मधुसूदन सिंह, रूपेश कुमार ओझा, राहुल कुमार, विशाल कुमार, प्रमोद मिश्रा, उमाशंकर सिंह, रंजय सिंह, राजीव सिंह, शिवचंद्र मिश्रा, सुबोध ओझा, पवन कुमार, आदित्य कुमार सहित विद्यालय के शिक्षकगण व स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।



### तेज आंधी और भीषण ओलावृष्टि ने बरपाया कहर, विद्युत सेवा बाधित

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के विभिन्न इलाकों में शुक्रवार देर शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ भीषण ओलावृष्टि एवं बारिश ने कहर बरपाया। मौसम में आए इस बदलाव से जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार, ओलावृष्टि के कारण आम, लीची, गेहूं तथा सब्जी की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। खासकर बागवानी करने वाले किसानों को ज्यादा नुकसान हुआ है, क्योंकि आम और लीची के पेड़ों पर लगे मंजर झड़ गए हैं। वहीं गेहूं की तैयार फसल भी खेतों में गिर गई है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। पूसा क्षेत्र में भी तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से हालात गंभीर बताए जा रहे हैं। अचानक आए इस मौसम बदलाव से किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। कई स्थानों पर तेज हवा के कारण पेड़-पौधे भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। कल्याणपुर, वारिसनगर और खानपुर क्षेत्रों में भी ओले गिरने की सूचना है। किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल और खपरैल घरों को नुकसान पहुंचा है। जिले भर में विद्युत सेवा बाधित हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे तक मौसम का मिजाज इसी तरह तल्ख बना रह सकता है। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। उधर किसानों ने प्रशासन से फसल नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

# गायघाट कांड मामले में पीड़ित परिवार से मिले एसएसपी

## हरसंभव मदद और निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई का दिलाया भरोसा

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** चर्चित गायघाट कांड मामले को लेकर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा शुक्रवार को चोरनिया गांव पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक ग्रामीण जगतवीर राय के परिवार से मुलाकात की। साथ हीं घटना की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता और निष्पक्ष जांच के बाद सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

एसएसपी ने पीड़ित परिजनों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि झड़प मामले में शामिल सभी 8 पुलिसकर्मियों को हटा दिया गया है। साथ ही हुए नुकसान का जुमार्ना पुलिसकर्मियों से वसूलने का भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि एफएसएल की जांच रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट की कानूनी प्रक्रियाओं के तहत आवश्यक कार्यवाई की कड़ी बढ़ाई जा रही है। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। घटना से सन्दर्भित अन्य साक्ष्य एवं फुटेज आदि भी जुटाए जा रहे हैं। उधर, एसएसपी से मिलने के बाद पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। वहीं इलाके में पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने तथा जांच प्रक्रिया पूरी होने में निष्पक्ष रूप से हर जांच टीम को सहयोग करने तथा भ्रामक बातों और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।



गायघाट कांड के पीड़ित परिवार से मिलकर घटना के संबंध में जानकारी लेते एसएसपी।

## कांटी नगर परिषद क्षेत्र में 14 करोड़ रुपये की लागत से धरातल पर उतरेगी विकास की कई योजनाएं



नगर परिषद क्षेत्र में विकास को गति देने को ले कांटी नगर परिषद सभागार में बैठक करते क्षेत्रीय विधायक।

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी नगर परिषद क्षेत्र में आने वाले दिनों में विकास की कई योजनाएं धरातल पर उतरेंगी। लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत वाली कई योजनाओं की निविदा हो गई है और कई योजनाए पाइपलाइन में है, जिसकी प्रक्रिया जल्दी ही पूर्ण हो जाएगी। यह जानकारी क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने शुक्रवार को कांटी नगर परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों को दी। स्थानीय विधायक ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के कांटी मुख्य बाजार में बड़े वाहनों के आवागमन व विद्यालय जाने वाले बच्चों के आवागमन से परेशानी को देखते हुए एक नई सड़क का विकल्प निकाला गया है। यह सड़क वार्ड 6 के प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय होते हुए वाया शमशान घाट से छिन्मस्तिका मंदिर तक निकलेंगी और इसी मार्ग से बड़े वाहनों का परिचालन होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्षों से लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग को देखते हुए कांटी हाई स्कूल से बहादुरपुर जाने वाली सड़क का निर्माण होगा। साथ ही बुद्ध पोखर का जिर्णोद्धार भी कराया जाएगा। विधायक अजीत कुमार ने कांटी नगर परिषद क्षेत्र में होने वाली कार्य योजनाओं के संबंध में बताया कि इस योजना के तहत शौचालय, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, छठ घाट जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्य कराया जाएगा। नगर परिषद क्षेत्र के सभी 26 वार्डो में विकास के समान रूप से कार्य होंगे। यह काम पहले से ही उनकी प्राथमिकता में रही है। इस मौके पर बीडीओ आनंद कुमार विभूति, ईओ अजय कुमार, मुख्य पार्षद दिलीप कुमार, उप मुख्य पार्षद अजय कुमार गुप्ता, नगर पार्षद इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम, विजय राम, चंदन पांडे, अशोक चौधरी, अमित कुमार, राममोहन पासवान, संतोष पासवान, नाथू पासवान, संजय कुमार, शंभू राम, पार्षद प्रतिनिधि प्रतीक उर्फ सोमू गुप्ता, दीपक सिंह, शंकर प्रसाद, रामनाथ गुप्ता, विनोद सिंह, विनय झा, गणेश पासवान, नितेश चंद्रा आदि मौजूद थे।

## बालगृह पर्यवेक्षण गृह एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में शिक्षकों की कमी को दूर करने का निर्णय

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के मद्देनजर बालगृह, पर्यवेक्षण गृह एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में शिक्षकों की कमी को दूर करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत पर्यवेक्षण गृह के लिए संगीत शिक्षक एवं कंप्यूटर शिक्षक तथा बाल गृह के लिए सामान्य शिक्षक एवं विशेष शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने पर सहमति बनी। उप विकास आयुक्त ने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को सभी बाल देखरेख संस्थानों का नियमित निरीक्षण व अनुश्रवण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ताकि बच्चों को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परवरिश योजना की समीक्षा के क्रम में पारू, बंदरा, बोचहा, मुरौल एवं साहेबगंज प्रखंडों में लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस को आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की समीक्षा के दौरान प्रखंड स्तर पर लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया गया। इस संबंध में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को एक सुव्यवस्थित प्रणाली विकसित कर लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त किशोर न्याय परिषद से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए लंबित सोशल बैकग्राउंड रिपोर्ट एवं 45 फाइनल फॉर्म के शीघ्र निष्पादन के लिए पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) को आवश्यक निर्देश दिए गए। वहीं मिशन वात्सल्य पोर्टल पर बच्चों से संबंधित सूचनाओं की नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने के लिए बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को निर्देशित किया गया।



बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक करते डीडीसी।

## उत्तर बिहार में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित, बिजली आपूर्ति प्रभावित व किसानों में मायूसी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** उत्तर बिहार में शुक्रवार की शाम मौसम ने अचानक करवट लेते हुए कही खुशी कहीं गम वाली स्थिति उतपन्न कर दी। आसमान में घने बादल छाने के साथ ही आई तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और कई इलाकों में ओलावृष्टि ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया।मुजफ्फरपुर जिले सहित आसपास के जिला एवं प्रखण्ड क्षेत्रों में देखते ही देखते मौसम का मिजाज बदल गया। मुजफ्फरपुर के कई प्रखंडो में तेज आंधी और बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई, जिससे आम के बौर और अन्य फसलों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। वहीं जिले के कई क्षेत्रों में बारिश के साथ ओले गिरने की खबर है, जिससे गेहूं की तैयार फसल पर खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों में शाम के समय तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के कारण अचानक अंधेरा छा गया। तेज हवाओं से कई जगह पेड़ों की टहनियां टूटकर गिर गईं, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। आंधी-पानी के चलते बाजारों में जल्दी सन्नाटा पसर गया और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। खराब मौसम का असर बिजली आपूर्ति पर भी पड़ा। कई इलाकों में बिजली बाधित रही, जिससे लोगों को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि तापमान में गिरावट आने से भीषण गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की खबरें सामने आई हैं। जिला के आसपास के क्षेत्रों में भी तेज हवाओं के साथ तेज बारिश एवं कई जगहों पर ओलावृष्टि की सूचना है। वहीं अचानक हुए मौसम में बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में तैयार खड़ी गेहूं, आम की मंजरी और तेलहन फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम का यही रुख बना रहा, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है।

## विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर लगे दंत चिकित्सा शिविर में 160 दंत रोग पीड़ित हुए लाभान्वित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर शुक्रवार को स्थानीय रेडक्रॉस भवन में इंडियन डेंटल एसोसिएशन मुजफ्फरपुर द्वारा निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। आमलोगो को दांतों और मुंह की स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा समय पर दंत रोग के उपचार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों की टीम ने शिविर में आए 150 से अधिक मरीजों के दांतों की जांच की। मरीजों को दांतों की सही देखभाल, ब्रश करने की उचित विधि, खान-पान में सावधानियां तथा तंबाकू एवं गुटखा के दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सचिव डॉ श्रीप्रकाश कुमार ने कहा कि स्वस्थ दांत और मुंह अच्छे स्वास्थ्य का आधार हैं। नियमित दंत जांच और स्वच्छता से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। मौखिक स्वास्थ्य हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दांतों और मसूड़ों की उचित देखभाल न करने पर कैविटी, पायरिया, मसूड़ों की सूजन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जो आगे चलकर अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती हैं। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से दिन में दो बार ब्रश करना, मीठे खाद्य पदार्थों का सीमित सेवन, तंबाकू एवं गुटखा से दूरी, तथा समय-समय पर दंत चिकित्सक से जांच कराना अत्यंत आवश्यक है। शिविर में इंडियन डेंटल एसोसिएशन मुजफ्फरपुर के डॉ मुकुल प्रकाश, डॉ गौतम, डॉ शिशिर राज एवं डॉ अमित कुमार सहित मुख्य दंत चिकित्सक डॉ श्रीप्रकाश कुमार ने सभी मरीजों का ओरल डेंटल चेकअप किया। साथ ही डॉक्टरों ने इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मौखिक स्वच्छता के सही तरीकों का प्रदर्शन कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं तथा गंभीर मामलों को आगे के उपचार के लिए रेफर किया गया।



## पक्षियों की सुरक्षा केवल उनके अस्तित्व के लिए ही नहीं बल्कि जैव विविधता के लिए आवश्यक : डॉ के के एन तिवारी

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** स्थानीय गन्नीपुर स्थित एसकेजे लॉ कॉलेज में एनएसएस इकाई और सामाजिक गतिविधि सेल के संयुक्त तत्वाधान में अंतराष्ट्रीय गौरया दिवस पर शुक्रवार को एक संगोष्ठी व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के पूर्व कॉलेज के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी तथा एनएसएस स्वयंसेवको ने कॉलेज के सभी भवनो के छतो पर भिन्न भिन्न स्थानों पर गौरैयों के भोजन स्वरूप चावल, गेहूं तथा अन्य दाना और पानी छोटे छोटे प्लेटो में डालकर रखा। इसके पश्चात आयोजित "सम्पूर्ण जैव विविधता और पारिस्थितकी तंत्र की सुरक्षा" विषयक संगोष्ठी में कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार ने कहा कि छोटे छोटे पक्षियों का विलुप्त होना चिंता का विषय है। इसपर कुछ करने की आवश्यकता है, ताकि विलुप्त होती पक्षियों का संरक्षण हो सके। वहीं प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी ने कहा कि पक्षियों की सुरक्षा केवल उनके अस्तित्व के लिए ही नहीं, बल्कि जैव विविधता के लिए आवश्यक है। कॉलेज प्रशासक डॉ रत्नेश कुमार ने कहा कि आज के आधुनिक युग में चारो तरफ भिन्न भिन्न तरह के टॉवर और सूचना तंत्र को बढ़ावा के लिए तारों के जाल बिछा दिए गए है, उससे भी पक्षियों पर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने ऐसे तंत्रो पर भी नियंत्रण की जरुरत पर बल दिया। कॉलेज के एनएसएस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एस पी चौधरी ने कहा कि जैसे जैसे पर्यावरणीय समस्याए बढाई जा रही है, वैसी स्थिति में गौरैया और अन्य छोटे छोटे पक्षियों की सुरक्षा का दायित्व और भी महत्वपूर्ण हो गया है।इस क्रम में प्रो बी एम आजाद, प्रो पंकज कुमार, नैक संयोजक प्रो आशुतोष कुमार, प्रो आर ए सहाय, सामाजिक गतिविधि सेल के संयोजक प्रो बी एम दीक्षित आदि वक्ताओं ने गौरैया के संरक्षण व संवर्धन के लिए लोगों को गंभीरता से काम करने की जरूरत पर बल दिया। संगोष्ठी में कॉलेज के सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण तथा एनएसएस के सभी कैडेट्स उपस्थित थे।



गौरैया दिवस पर पक्षियों के लिए छत पर भोजन पानी डालते कॉलेज के शिक्षक व एनएसएस कैडेट्स।

## हाथी घोड़े व गाजे बाजे संग सैकड़ों कुमारी कन्याओं की निकली विशाल कलश शोभायात्रा के साथ श्री अर्जुन बाबू मेला का हुआ भव्य शुभारंभ

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बोचहां प्रखंड अंतर्गत गरहां स्थित श्री अर्जुन बाबू मेला का शुक्रवार को भव्य कलश शोभायात्रा के पश्चात शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर लगभग दो हजार कुमारी कन्याओं की सहभागिता से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा मेला परिसर से प्रारंभ होकर हेमंतपुर घाट गई, जहां विधि-विधान के साथ कलश पूजन किया गया।इसके पश्चात जलबोझी कर श्रद्धालु कन्याओं के साथ बड़ी संख्या में शामिल अन्य श्रद्धालु मेला स्थल पर पहुंचे। इस भव्य कलश शोभायात्रा में हाथी, दर्जनों घोड़े, सजी-धजी गाड़ियां तथा बैंड-बाजे के साथ आकर्षक झांकियां भी प्रदर्शित की गई थी जो अन्य दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं।

मेला आयोजन समिति के पदाधिकारी ने बताया कि मेले की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। वहीं शुक्रवार की शाम भव्य जागरण एवं झांकी के साथ मेला के शुभारंभ का विधान पूर्ण किया गया। इसके पश्चात प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजन संध्या के बीच सती मंदिर में स्थापित प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। मेला का प्रमुख धार्मिक आयोजन होने के कारण इस आयोजन में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। आयोजकों ने बताया कि श्री अर्जुन बाबू मेला केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज के हित और सांस्कृतिक संरक्षण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ह्लोकल फॉर लोकलह्व के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में स्थानीय उत्पादों, पारंपरिक व्यंजनों और ग्रामीण कला-संस्कृति को बढ़ावा देने का यह मेला एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां न केवल मुजफ्फरपुर बल्कि बिहार के आसपास के पड़ोसी राज्यों के लोग भी इस मेले में आकर मनोरंजन के साथ व्यापार का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आयोजकों ने कहा कि इस मेला में उन परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहरों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो समय के साथ विलुप्त होती जा रही हैं। मेला के संरक्षक व पूर्व मंत्री रामसूरत राय ने बताया कि मेला का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार से हो चुका है। वहीं आगे के दिनों में यह मेला विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ विस्तृत रूप लेता जाएगा। इस मेले में हर उम्र वर्ग के लोगों के लिए मनोरंजन के साथ पशु मेला, हाट बाजार भी लगेगा, जिसमे मुजफ्फरपुर के साथ साथ बिहार के कई जिले के लोगों की यहां भीड़ लगेगी।



कलश शोभायात्रा में शामिल कुमारी कन्याएं।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व यक्ष्मा दिवस 2026 के अवसर पर निकली यक्ष्मा जागरूकता रैली

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** विश्व यक्ष्मा दिवस 2026 के अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर अखिलेश कुमार एवं प्रभारी जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ मुकेश




हरी झंडी दिखाकर यक्ष्मा जागरूकता रैली को रवाना करते सिविल सर्जन व अन्य

कुमार द्वारा सदर अस्पताल सीतामढ़ी से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली सदर अस्पताल सीतामढ़ी से हॉस्पिटल रोड- किरण चौक- मेन रोड- बाटा गली होते सदर अस्पताल में समाप्त हुआ। रैली में प्रशिक्षु एएनएम, यक्ष्मा कर्मी, सहयोगी संस्था डॉक्टर फॉर यू , केएचपीटी, एचएलएफपीपीटी सहित लगभग 150 की संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। टीवी हारेगा देश जीतेगा, पूरा-कोर्स पक्का-इलाज एवं टीवी मुक्त सीतामढ़ी अभियान के नारा के साथ जागरूकता रैली का संचालन किया गया। कार्यक्रम में लेखपाल रंजन शरण , डीपीसी रंजय कुमार, एलटी शमीम आजाद , कामेश्वर कुमार रवि, एसटीएलस संजीत कुमार , गणेश कुमार एवं महेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी भाग लिए।

### लखनदेई बचाओ संघर्ष समिति ने की बैठक, 22 मार्च को नदी क्षेत्र का जायजा लेगी समिति की एक टीम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** लखनदेई बचाओ संघर्ष समिति, सीतामढी की बैठक समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रो. आनन्द किशोर के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य रामशरण अग्रवाल ने की। बैठक में विनोद कापर ने




बैठक करते लखनदेई बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

लखनदेई बचाओ संघर्ष समिति द्वारा छोटी भारसर से दुलारपुर घाट के बीच नदी उड़ाही से बने तटबंध के टूटने से तबाही का जिक्र किया। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि नदी क्षेत्र का जायजा लेने के लिए समिति की एक टीम 22 को सोनबरसा जायगी तथा तथ्य आंकलन के बाद डीएम तथा बागमती परियोजना के ड्रेनेज डिवीजन के कार्यपालक अभियंता से मिलकर समस्याओं के समाधान पर बात करेगी। यह भी बात आई कि कहीं -कहीं विभिन्न कारणों से नदी की धारा में अवरोध है उसे भी दूर कराने पर प्रशासन से चर्चा होगी।

**लखनदेई नदी की कचडा सफाई तथा शहर के गंदे जल पर रोक के लिए ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की मांग**

बैठक में कहा गया कि लखनदेई बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में नदी में जल प्रवाह शुरू हुआ जिसे सीतामढी शहर से पहले पारदर्शी बहाव देखा जा सकता है। नदी में कचड़ा डालने से शहरी क्षेत्र में धारा अवरूद्ध होती है जिसकी नियमित सफाई जरूरी है।नदी की धारा में नगर निगम द्वारा वगैर ट्रीटमेंट किये प्रदूषित गंदा पानी छोडे जाने को स्वास्थ्य, धार्मिक तथा पर्यावरणीय दृष्टिकोण से हानिकारक बताते हुए शीघ्र ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की मांग जिला तथा नगर निगम प्रशासन से की गई। बैठक में रामशरण अग्रवाल, प्रो. आनन्द किशोर, रामशंकर शास्त्री, जयकिशोर साह 'ललित', विनोद कापर, रामबाबू प्रसाद ने अपना विचार रखा।

### 5100 दीपों से जगमगाया सीता घाट, नववर्ष 2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर भव्य दीपोत्सव व महाआरती का आयोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नववर्ष 2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर लक्ष्मणा नदी के सीता घाट पर विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्याध्यक्ष सुमित कुमार की अगुआई में 5100 दीपों से भव्य दीपोत्सव एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, मातृवाहिनी, बजरंग दल तथा अनेक साधु-संतों की सहभागिता से पूरा आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। शाम ढलते ही सीता घाट दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। 5100 दीपों की अलौकिक छटा ने पूरे क्षेत्र को आस्था और श्रद्धा से सराबोर कर दिया। महाआरती में विहिप केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल सदस्य व संयोजक



लक्ष्मणा नदी के सीता घाट पर महाआरती में शामिल श्रद्धालु।

संत भूषण दास महंत राज नारायण दास प्रांतीय मार्गदर्शक मंडल सदस्य, महंत रामकुमार दास जी महाराज, महंत बालकृष्ण दास जिला मार्गदर्शक मंडल सदस्य, महंत मदन दास जी महाराज, संजय कुमार चौधरी नगर अध्यक्ष, संयोजीका नीरा गुप्ता, सुमित्रा देवी, इंदु देवी, चंदन कुमार, बजरंग दल विभाग संयोजक, लालबाबू यादव, धर्मेंद्र कुमार चौधरी, राकेश कुमार, सत्यजीत सिंह सोनू, संजीव कुमार, राम नंदन महतो, विकास कुमार नगर सह मंत्री, जितेंद्र बैठा, जिला सह मंत्री, दिलीप कुमार सिंह, जिला मंत्री रोहित कुमार, जिला सह मंत्री दिग्विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इधर, सीताराम चौक पर भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। इसके उपरांत आरएसएस के सदस्यों द्वारा जानकी स्थान स्थित संस्कृत विद्यालय से पदयात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए कोट बाजार स्थित संघ कार्यालय पहुंची। इस दौरान स्वयंसेवकों ने शारीरिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन कर सांस्कृतिक एकता और अनुशासन का संदेश दिया। इस अवसर पर संदीप कुमार डालमिया, मनोज कुमार, डॉ. प्रतिमा आनंद, कामेश्वर प्रसाद, प्रशांत कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# चोरौत प्रखंड के यदुपट्टी बाजार के समीप अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल सील, कई अनियमितताएं उजागर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के आलोक में जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरौत प्रखंड के यदुपट्टी बाजार के समीप अवैध रूप से संचालित मां जानकी इमरजेंसी हॉस्पिटल को शुक्रवार को सील कर दिया गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी श्री पांडेय के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी, पुपरी गौरव कुमार के नेतृत्व में की गई। मौके पर बीडीओ चोरौत, संबंधित थाना प्रभारी एवं अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। अस्पताल में न तो कोई पंजीकृत चिकित्सक उपस्थित थे और न ही मरीजों के उपचार से संबंधित



हॉस्पिटल को सील कराते पुपरी एसडीएम व अन्य।

वैध अभिलेख उपलब्ध थे। जांच में यह भी सामने आया कि बिना योग्य चिकित्सकों के मरीजों का इलाज किया जा रहा था, जिससे मरीजों की जान को खतरा उत्पन्न हो रहा था। अस्पताल में स्वच्छता एवं संक्रमण नियंत्रण के मानकों का घोर उल्लंघन किया जा रहा था। आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं एवं आवश्यक जीवनरक्षक उपकरण मानक के अनुरूप उपलब्ध नहीं थे। बायोमेडिकल वेस्ट (चिकित्सीय अपशिष्ट) के निस्तारण की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी।

इन सभी गंभीर कमियों को देखते हुए प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से अस्पताल को सील कर दिया गया तथा आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध संचालन को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना पंजीकरण एवं मानकों के अनुरूप संचालित संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी, पुपरी श्री कुमार ने कहा कि निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गई, जिसमें योग्य चिकित्सक की अनुपस्थिति, आवश्यक दस्तावेजों का अभाव तथा स्वास्थ्य मानकों का उल्लंघन शामिल है। इन परिस्थितियों में तत्काल प्रभाव से अस्पताल को सील किया गया है। आगे भी ऐसे अवैध संस्थानों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जाएगा। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे उपचार के लिए केवल मान्यता प्राप्त एवं पंजीकृत स्वास्थ्य संस्थानों का ही चयन करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना प्रशासन को दें।

## अलविदा जुमे पर सीतामढ़ी में उमड़ी आस्था अमन-चैन और भाईचारे की मांगी गई दुआ



मदरसा रहमानिया मेहसौल के जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** माह-ए-रमजान के आखिरी जुमे यानी अलविदा जुमे के मौके पर जिले भर में मुस्लिम समाज ने गहरी आस्था और उत्साह के साथ नमाज अदा की। मस्जिदों में सुबह से ही रौनक देखने को मिली, जहां छोटे-बड़े सभी लोग इबादत के लिए पहुंचे। खासकर बच्चों में अलग ही उत्साह नजर आया, जो नए और रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर नमाज के लिए जाते दिखे। अलविदा जुमे के इस मौके पर लोगों ने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। रमजान के इस मुकद्दस महीने के विदा होने का एहसास भी लोगों के चेहरों पर साफ झलक रहा था। मौलाना मो. मजहर कासमी ने तकरीर के दौरान बताया कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना होता है, जो अब विदा होने वाला है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में जुमा का दिन वैसे भी खास होता है, लेकिन रमजान के दौरान इसकी अहमियत और बढ़ जाती है। हालांकि शरीअत के अनुसार अलविदा जुमे को कोई अलग विशेष दर्जा नहीं दिया गया है, फिर भी ईद से पहले आने के कारण यह अपने आप खास बन जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि रमजान के दौरान की गई इबादत और अच्छे कर्मों को आगे भी जारी रखें। साथ ही समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे को मजबूत बनाए रखने का संदेश दिया।

इधर, अलविदा जुमे के साथ ही ईद-उल-फितर की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है और लोग त्योहार की खरीदारी में जुट गए हैं। 21 मार्च को ईद मनाए जाने की संभावना है, जिसे लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर शहर के विभिन्न मस्जिदों में सैकड़ों की संख्या में नमाजी शामिल हुए और एकजुट होकर शांति, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी।

## सीतामढ़ी जिले में हर घर तक पहुंच रही एलपीजी : जिला आपूर्ति पदाधिकारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में एलपीजी गैस को लेकर फैल रही कमी की अफवाहों को जिला प्रशासन ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस सिलेंडर की

**जिले में भारत गैस की 12, हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 16 तथा इंडियन ऑयल की 35 एजेंसियां हैं सक्रिय**

**वर्तमान में जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की संख्या 21,098 है, जबकि 19 किलो वाले व्यावसायिक सिलेंडर 266 हैं उपलब्ध**

कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं तक आपूर्ति पूरी तरह सुचारु रूप से जारी है। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर गैस वितरण व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। कहीं भी अवैध भंडारण या कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। डीएसओ ने जानकारी दी कि वर्तमान में



जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जानकारी देते डीएसओ व साथ में डीपीआरओ कमल सिंह)

जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की संख्या 21,098 है, जबकि 19 किलो वाले व्यावसायिक सिलेंडर 266 उपलब्ध हैं। जिले में भारत गैस की 12, हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 16 तथा इंडियन ऑयल की 35 एजेंसियां सक्रिय हैं। इस प्रकार कुल 63 एजेंसियों के माध्यम से नियमित रूप से उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा 124 स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें बीडीओ, एमओ, अनुमंडल पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी शामिल रहे। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त 5 शिकायतों में से 4 का निष्पादन कर लिया गया है। सरकार के निदेशानुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के अंतराल पर गैस बुकिंग की सुविधा दी जा रही है। बुकिंग के 2 से 3 दिनों के भीतर ही होम डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। अंत में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक भीड़ न लगाएं। किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष में संपर्क कर शिकायत दर्ज कराएं। प्रेस वार्ता में डीपीआरओ कमल सिंह, जिला जनसंपर्क कार्यालय के लिपिक अनिल कुमार, कार्यालय सहायक मानवेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

## बैरगनिया प्रखंड स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष बने दीपक कुमार दीप



प्रखंड स्वर्णकार संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष दीपक कुमार दीप व संघ के सदस्य व अन्य।

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय स्वर्णकार विवाह भवन सभागार में प्रखंड स्वर्णकार संघ की बैठक में सर्वसम्मति से दीपक कुमार दीप को अध्यक्ष चुना गया है। बैठक में जाती संगठन को मजबूत कर सरकारी/गैर सरकारी योजनाओ के लाभ के साथ-साथ आपसी भाईचारा की मजबूती एवं समाज के रचनात्मक विकास कार्य के लिए ससमय तटस्थ रहने तथा संगठनात्मक कार्य के लिए अनुशासन का पालन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में निवर्तमान पवन स्वर्णकार के साथ श्रीभगवान स्वर्णकार, केदार स्वर्णकार, नीरज स्वर्णकार, हीरालाल स्वर्णकार, यशवीर स्वर्णकार, रंजीत सर्राफ, चन्देश्वर कुमार, राकेश सर्राफ, सुधीर स्वर्णकार एवं स्वर्णकार युवा मंच अशोगी के युवाओ के साथ दिलीप स्वर्णकार एवं राजकुमार सर्राफ के साथ-साथ बड़ी संख्या उपस्थित स्वर्णकारो के बीच नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक कुमार दीप को चादर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक कुमार दीप ने अपने संबोधन में अपने जाती, समाज बंधू को धन्यवाद अर्पित करते हुए कार्यकारिणी का गठन दो सप्ताह के अंदर में कर लेने का अश्वासन देते हुए आगामी 3 अप्रैल को पुनः बैठक करने की जानकारी देते हुए सभा का समापन किया गया।



## अब 10 एवं 11 अप्रैल को होगा विभा प्रसाद मेमोरियल जिला एथलेटिक्स मीट 2026

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** आगामी 4वीं विभा प्रसाद मेमोरियल सीतामढ़ी जिला एथलेटिक्स मीट 2026 के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को नगर विधायक सुनील कुमार पिंटू के आवास पर आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि एथलेटिक्स मीट की तिथि में बदलाव किया गया है। पहले यह प्रतियोगिता 23 एवं 24 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली थी, जिसे अब बदलकर 10 एवं 11 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता जानकी स्टेडियम, डुमरा, सीतामढ़ी में आयोजित होगी। तिथि परिवर्तन के संबंध में बताया गया कि यह निर्णय उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, सीतामढ़ी द्वारा जारी पत्र (पत्रांकझ65, दिनांक 19.03.2026) के आलोक में लिया गया है। विधायक, जो इस आयोजन के मुख्य संयोजक भी हैं, ने कहा कि इस निर्णय से प्रतियोगिता के आयोजन में बेहतर समन्वय एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी। इस अवसर पर अभय प्रसाद, अध्यक्ष, सीतामढ़ी जिला एथलेटिक्स संघ, संजीव कुमार, सचिव, जिला एथलेटिक्स संघ, सूरज वर्मा, अध्यक्ष, ताइक्वांडो संघ सीतामढ़ी राज किशोर महतो, संयुक्त सचिव, जिला एथलेटिक्स संघ, वरिष्ठ खिलाड़ी आशीष कुमार एवं प्रसून कुमार सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों से कुल 1012 खिलाड़ियों का पंजीकरण प्राप्त हुआ है, जिनमें



आयोजन समिति की बैठक में मुख्य संयोजक, एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी ।

अंडर-12 बालक झ 254, अंडर-12 बालिका झ 101, अंडर-14 बालक झ 273, अंडर-14 बालिका झ 99, अंडर-16 बालक झ 152, अंडर-16 एवं बालिका झ 53 पुरुष 60 महिला झ 20 हैं। कुल मिलाकर बालक एवं पुरुष झ 739 तथा बालिका एवं महिला झ 273 प्रतिभागी शामिल होंगे। साथ ही खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रिपोर्टिंग समय 10 अप्रैल 2026 को सुबह 9:00 बजे एवं 11 अप्रैल 2026 को सुबह 8:00 बजे भी निर्धारित किया गया है। बैठक को सम्बोधित करते मुख्य संयोजक विधायक श्री पिंटू ने कहा कि हमारा उद्देश्य इस एथलेटिक्स मीट को भव्य स्तर पर आयोजित करना है, जिसमें जिले के अधिक से अधिक युवा खिलाड़ी भाग लें। तिथि परिवर्तन संबंधित विभाग के निर्देश के अनुसार किया गया है। 1000 से अधिक खिलाड़ियों का पंजीकरण इस आयोजन के प्रति बढ़ते उत्साह को दशार्ता है।जिला एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष अभय प्रसाद ने कहा कि विभा प्रसाद मेमोरियल मीट हमारे जिले का एक महत्वपूर्ण खेल आयोजन बन चुका है। इस बार रिकॉर्ड संख्या में खिलाड़ियों की भागीदारी से प्रतियोगिता और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक होगी।जिला एथलेटिक्स संघ सचिव संजीव कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। सभी खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर रिपोर्ट करने का अनुरोध है ताकि आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। आयोजकों ने विश्वास जताया कि यह प्रतियोगिता जिले के खिलाड़ियों के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित होगी तथा खेल प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## ईद को लेकर मेहसौल में निकला गया फ्लैग मार्च

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** ईद पर्व के मद्देनजर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में एसपी के निर्देश पर मेहसौल ओपी थाना प्रभारी मो. असदुल्लाह के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च मदरसा रहमानिया मेहसौल के पास से शुरू होकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए पूरे इलाके में किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी से आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत हुआ। थाना प्रभारी मो. असदुल्लाह ने कहा, ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। सभी नागरिक आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।ह्व उन्होंने आगे कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### अरेराज में गैस एजेंसियों की बैठक पारदर्शी आपूर्ति के दिए गए निर्देश

**मोतिहारी।** अरेराज अनुमंडल में आज अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा की अध्यक्षता में सभी गैस एजेंसियों के संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित सभी प्रखंडों के आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी एजेंसी संचालकों को 100 प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने, स्टक की स्पष्ट जानकारी प्रदर्शित करने तथा निर्धारित मूल्य पर ही एलपीजी सिलेंडर वितरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर बुकिंग व आपूर्ति करने को कहा गया।अनुमंडल पदाधिकारी ने उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी।

### केसरिया महोत्सव की तैयारी पूरी मालिनी अवस्थी का कार्यक्रम आज

**चकिया।** 21 मार्च से होने वाले तीन दिवसीय केसरिया महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। महोत्सव ऐतिहासिक बौद्ध स्तूप के निकट 21 मार्च से 23 मार्च तक चलेगा। इस बाबत एसडीओ शिवानी शुभम ने बताया कि 21 मार्च को संध्या में महोत्सव का उद्घाटन होगा। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान बौद्ध भंते द्वारा बौद्ध स्तुति की जाएगी। आगे जिलाधिकारी द्वारा स्वागत भाषण,केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा व पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सासंद राधा मोहन सिंह का संबोधन,मुख्य अतिथि का संबोधन, नालंदा संगीत कला विकास संस्थान के द्वारा बिहार गौरव गान की प्रस्तुति,स्कूली बच्चों की प्रस्तुति तथा 7 बजे से लोक पार्श्व गायिका मालिनी अवस्थी संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी एवं अंत में सूफी गायक कुमार सत्यम की प्रस्तुति के बाद कार्यक्रम का समापन हो जाएगा।

### हरसिद्धि के पंचायत रोजगार सेवक पर कड़ी कार्रवाई

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हरपुर राय के पंचायत रोजगार सेवक मनोज कुमार सिंह पर कार्यो में लापरवाही, उदासीनता और अनुशासनहीनता के आरोप में सख्त कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक के निर्देश पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य में उनकी उपलब्धि बेहद असंतोषजनक पाई गई। 28 फरवरी 2026 तक के प्रतिवेदन के अनुसार अल लेबर में मात्र 43.96 प्रतिशत तथा एक्टिव लेबर में 61.93 प्रतिशत ही प्रगति दर्ज की गई। इस संबंध में कार्यक्रम पदाधिकारी, हरसिद्धि द्वारा भी पत्र के माध्यम से शिकायत की गई थी कि संबंधित कर्मी द्वारा कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है तथा प्रखंड और पंचायत स्तर पर उपस्थिति भी नियमित नहीं है। इसके अलावा जब कार्ड डिलीट करने के लिए आवश्यक डाटा भी प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया। कई बार पत्राचार के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा गया और कार्य में सुधार के निर्देश दिए गए, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। यहां तक कि 14 फरवरी 2026 को आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में भी वे निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं हुए, जो उनके अनुशासनहीन रवैये को दर्शाता है। इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए उप विकास आयुक्त डा. प्रदीप कुमार ने बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित कर्मी के मूल मानदेय में 15 प्रतिशत की कटौती तीन वर्षो के लिए लागू कर दी है। प्रशासन ने इसे सरकारी कार्यो में लापरवाही के प्रति सख्त संदेश बतायास इसको लें गड़बड़ी करने वालो में मचा हड़कंप।

# मारीशस में आयोजित बिहार दिवस समारोह में डॉ. नीतू कुमारी नूतन आज से करेंगी सुरो की रसवर्षा

**मोतिहारी(एन एस बी)।** अपनी सुमधुर गायिकी से देश - दुनिया के कलाप्रेमियो की रुह को स्पंदित करने वाली राष्ट्रपति अवार्डी एवं भारत की लोक - संस्कृति की राजदूत व चंपारण की बेटी डॉ. नीतू कुमारी नूतन आज से तीन दिनो तक मारीशस मे सुरो की रसवर्षा कर इस पावन भूमि को गुलजार करेंगी।


डॉ. नीतू कुमारी नूतन।

मारीशस मे बिहार दिवस समारोह के अवसर पर हाई कमीशन मारीशस व भारत तथा बिहार सरकार द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित इस तीन दिवसीय ( दिनांक 20 से 22 मार्च तक ) सांस्कृतिक समारोह मे डॉ़नूतन को लोक कला के क्षेत्र मे बिहार से अकेले प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा गया है। डॉ. नूतन अपने दल के साथ आज मारीशस पहुँच गई हैं। बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव प्रणव कुमार भी इस यात्रा मे डॉ़ नूतन के साथ मारीशस गए हैं। आज से प्रारंभ इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक सत्र का विधिवत उद्घाटन मारीशस के राष्ट्रपति धर्म गोखूल करेंगे, जहॉ वे डॉ़ नूतन द्वारा प्रस्तुत चंपारण, बिहार तथा भारत की विभिन्न पारंपरिक लोक कलाओ के स्वरुपो का दर्शन व रसास्वादन भी करेंगे। वहीं अंतिम दिन के समापन समारोह का उद्घाटन मारीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम करेगे। जहाँ उस सुरमई शाम मे प्रधानमंत्री के साथ उनकी सरकार के कई कद्दावर मंत्रीगण, मारीशस व भारत के कई राजनयिक एवं मारीशस मे प्रवासी भारतीय तथा मारीशस के सुधी दर्शक- श्रोतागण मौजूद रहेंगे। भारत सरकार के संगीत नाटक अकादमी द्वारा नमित राज्य कला गुरु डा ॅनूतन ने अपनी इस यात्रा के लिए मारीशस, भारत एवं खासकर बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। डॉ़ नूतन ने कहा कि मारीशस एवं भारत के बीच वर्षो पुराना अटूट, मधुर व साँस्तिक संबंध है। डॉ़नूतन मानती हैं कि बिहार दिवस के अवसर पर मारीशस की इस महान भूमि पर उनके द्वारा भारतीय लोक कलाओ के विभिन्न रंगो से ओतप्रोत झॉकी के प्रदर्शन से दोनों देशो के बीच आत्मीय संबंध मजबूत व और प्रगाढ़ होंगे।

# जुमे की अंतिम नमाज अदा की गई

**मोतिहारी/चकिया(एन एस बी)।** जिले भर में जुमे की अंतिम नमाज अदा की गई और लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ देखने को मिली, जहां विशेष इंतजाम किए गए थे। नमाज के बाद लोगों ने देश और समाज की खुशहाली, अमन-चौन और तरक्की की दुआ मांगी। कई स्थानों पर इमामों ने भाईचारे, एकता और इंसानियत का संदेश दिया।

नमाज के उपरांत लोग गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और पूरे जिले में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहा।चकिया से हमारे संवाददाता के अनुसार, पवित्र माह रमजान के अंतिम शुक्रवार को प्रखंड अंतर्गत शहर से लेकर गांव तक के मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। अलविदा जुमा के साथ रमजान का अंतिम दिन भी है। इस अवसर पर शहर के मुजफ्फरपुर रोड स्थित इंडियन अयल पंप के निकट सामूहिक दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। इफ्तार में शामिल लोगों ने देश में अमन,शांति, भाईचारा बनाए रखने तथा देश के चौमुखी विकास के लिए दुआ मांगी।


इफ्तार करते रोजेदार।

इफ्तार के उपरांत रोजेदार चांद का दीदार करने को व्यग्र दिखे। इस दौरान प्रो़ मो़ रिजवान ने बताया कि इस वर्ष अलविदा जुमा एक विशेष संयोग में पड़ा है, क्योंकि रमजान का अंतिम दिन भी शुक्रवार है। इसे अल्लाह का विशेष सौगात माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि ईद का पर्व शनिवार को मनाया जाएगा। सभी लोगों से प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ ईद पर्व मनाने की अपील की गई। इफ्तार में मो. फैजुल इमाम, अदालत अंसारी, शेख हसीम, मजहर अंसारी, मरगूब आलम, मो़ मोनाजिर, शेख तौहीद, मो़ मिन्हाज सहित अन्य लोग शामिल थे।

# चंद्रहिया में गांधी प्रतिमा पर पूर्व केंद्रीय मंत्रियों ने अर्पित किए पुष्प


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मोतिहारी (एनएसबी)।** बापूधाम, चंद्रहिया स्थित गांधी आश्रम में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने का समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद सह गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल और सांसद, पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने भाग लिया।कार्यक्रम में उन्होंने न केवल गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया, बल्कि चंद्रहिया के नव निर्मित थीम पार्क का भी अवलोकन किया। यह आयोजन उनके मोतिहारी क्षेत्र के तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे के दौरान हुआ। इस यात्रा के दौरान श्री गोयल ने चंद्रहिया के अलावा पिपरकोठी, मधुबन और बड़हरवा लाखनसेन का दौरा भी किया। इस अवसर पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, उप महापौर डा. लालबाबू प्रसाद और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों के साथ स्थानीय विकास परियोजनाओं और सांस्कृतिक स्थलों पर भी चर्चा की। इस कार्यक्रम से चंद्रहिया में स्थानीय लोगों में उत्साह और गर्व का वातावरण बना रहा।

### पकड़ीदयाल में खराब सड़क की शिकायत का हुआ समाधान, मरम्मत कार्य पूरा

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ीदयाल अनुमंडल अंतर्गत सड़क की खराब स्थिति को लेकर दर्ज परिवाद का समाधान कर दिया गया है। यह शिकायत परिवादी शकील, निवासी जगौली टोला गुलाब खान, प्रखंड मधुबन द्वारा दर्ज कराई गई थी।परिवाद में बताया गया था कि क्षेत्र की सड़क काफी जर्जर हो चुकी थी, जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए थे और बारिश के समय पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। दोपहिया वाहन चालकों, साइकिल सवारों एवं पैदल चलने वालों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, पकड़ीदयाल को लोक प्राधिकार के रूप में नोटिस जारी किया गया। इसके बाद विभागीय अभियंताओं द्वारा स्थल निरीक्षण कर संवेदक के माध्यम से सड़क की मरम्मत कराई गई। प्रतिवेदन के अनुसार अब सड़क के गड्ढों को भर दिया गया है और आवागमन सुगम हो गया है। इस प्रकार परिवादी की शिकायत का सफलतापूर्वक निवारण कर दिया गया है।

# डीएम ने दिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश

**मोतिहार(एन एस बी)।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में डा राजेंद्र प्रसाद सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन डा. दिलीप कुमार समेत कई अधिकारी व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। टीकाकरण और परिवार कल्याण पर जोरबैठक में रोकथाम के लिए जन जागरूकता, दवा उपलब्धता और सभी अस्पतालों में विशेष वार्ड तैयार रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को राज्य निर्देशों के अनुसार शत-प्रतिशत पूरा करने को कहा गया। परिवार कल्याण के तहत महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी व जैसे कार्यक्रमों में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देशजिलाधिकारी ने भव्य कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सुधार लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा संस्थागत प्रसव, ओपीडी-आईपीडी सेवाएं, प्रसव पूर्व जांच, दवा उपलब्धता, ई-संजीवनी व मातृ मृत्यु दर की समीक्षा की गई। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को तय लक्ष्यों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने की सख्त हिदायत दी गईस



बैठक करते अधिकारी।

बैठक में सिविल सर्जन डक्टर दिलीप कुमार, अस्पताल उपाधीक्षक डा एस एन सत्यार्थी, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, सभी पीएससी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य प्रबंधक, यूनिसेफ, के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बागवानी-वन संवर्धन की राष्ट्रीय कार्यशाला का आगाज

#### आधुनिक तकनीक और एग्रोफरेस्ट्री से बढ़ेगी किसानों की आय, विशेषज्ञों ने दिया आत्मनिर्भर खेती का मंत्र

**पीपराकोठी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय वानिकी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के सभागार में शुक्रवार को बागवानी-वन संवर्धन उत्पादन प्रणाली पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन एसएबीएम के निदेशक डा राम दत्त, डीएफओ आरके शर्मा, डीएओ मनीष कुमार, महाविद्यालय के डीन डा. कुंदन किशोर और प्रोफेसर डा आरके झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र में अतिथियों का मोमेंटो, पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि राम दत्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों और छात्रों के लिए कृषि क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि आधुनिक खेती, एग्रोफरेस्ट्री और बागवानी के समन्वय से किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। दत्त ने जोर दिया कि विशेषज्ञों द्वारा दी जा रही जानकारी किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करेगी और उन्हें नवाचार के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने बदलते समय में खेती को लाभकारी बनाने के लिए नई तकनीकों को अपनाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। महाविद्यालय के डीन कुंदन किशोर ने अपने संबोधन में बागवानी क्षेत्र में अपार संभावनाओं का जिक्र किया। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया। डीन ने यह भी बताया कि फल एवं सब्जी उत्पादन न केवल किसानों की आय बढ़ाता है, बल्कि कार्बन सौस्ट्रेशन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्रों और किसानों को नई तकनीकों को सीखकर कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ने की सलाह दी। इस अवसर पर वैज्ञानिक आरबी शर्मा, नवीन कुमार, गायत्री पाढ़ी, एटीएम राजेश्वर सिंह, प्रगतिशील किसान राजेश कुमार यादव, रविन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और किसान उपस्थित थे।

### भारत विकास परिषद रक्सौल शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन

**रक्सौल(एनएसबी)।** शहर के बैंक रोड स्थित एक आवासीय परिसर में भारत बिकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्षा पुतुल सिन्हा की उपस्थिति में भारत विकास परिषद, रक्सौल शाखा की सत्र 202627 की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के संरक्षक अवधेश सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन के साथ हुई। इस अवसर पर उत्तर बिहार प्रांत से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक के रूप में प्रांतीय अध्यक्षा पुतुल सिन्हा एवं प्रांतीय महिला सहभागिता प्रमुख श्रीमती धीरा गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। रक्सौल शाखा की ओर से अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं दोशाला भेंट कर सम्मानित किया गया।बैठक में सदस्यों के आपसी विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें रजनीश प्रियदर्शी को अध्यक्ष, सेवानिवृत्त डीएसपी नरेश कुमार को सचिव तथा सुनील कुमार को वित्त सचिव का दायित्व सौंपा गया। सभी नामों का ध्वनिमत से अनुमोदन किया गया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी, सचिव नरेश कुमार एवं वित्त सचिव सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सेवा, संस्कार एवं राष्ट्र समर्पण का एक पवित्र अवसर है। उन्होंने परिषद के पंचसूत्रसंपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पणको संगठन की शक्ति बताते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अंत में राष्ट्रगान एवं सचिव नरेश कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर भरत प्रसाद गुप्त, निवर्तमान अध्यक्ष महेश कुमार अग्रवाल, सीताराम गोयल, सुभाष अग्रवाल, उमेश सिकारिया, नीतेश कुमार सिंह, अजय कुमार, बिमल कुमार सर्राफ, विजय कुमार साह, सुरेश धानोठिया, मनोज कुमार, विनोद रौनियार, अरविंद जायसवाल, धर्मनाथ प्रसाद, विनोद कुमार, अजय हिसारिया एवं संतोष कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे ।

### अंतरराष्ट्रीय खुशी दिवस के अवसर पर खुशी उत्सव का सफल आयोजन

**अरेराज(एन एस बी)।** अनुमंडल कार्यालय परिसर में प्रातः 8 बजे से विशेष कार्यशाला खुशी उत्सव का सफल आयोजन किया गया।जिसमें एस डी एम अंजली शर्मा, कार्यपालक पदाधिकारी अरविन्द कुमार, प्रखंड बिकास पदाधिकारी आदित्य नारायण दीक्षित,बी पी आर ओ,अनुमंडल कार्यालय के कर्मी के सहयोग से सबसे पहले सोमेश्वर नाथ स्टेडियम से शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सकारात्मकता, सहभागिता एवं समावेशन को बढ़ावा देना तथा विशेष रूप से बाल मजदूरी से मुक्त हुए क उज्ज्वल भविष्य के लिए सार्थक पहल करना था। इस अवसर पर अनुमंडल में पदस्थापित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, संबंधित पंचायतों के मुखिया, स्थानीय शिक्षक, विकास मित्र एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंतर्गत का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया। बाल मजदूरी से विमुक्त बच्चों एवं उनके परिवारों को अंत्योदय राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए, जिससे उनके सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को सुढ़ किया जा सके। साथ ही, इन बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं कौशल विकास से जोड़ने हेतु स्थानीय शिक्षकों को टैग किया गया तथा संबंधित पंचायतों के मुखिया के साथ समन्वय स्थापित कर उनके सर्वांगीण विकास के लिए विशेष पहल की गई। इसके अतिरिक्त बच्चों के लिए खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को एस डी एम अंजलि शर्मा द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।युवाओं में बढ़ते मानसिक तनाव एवं अवसाद की समस्या को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं तनाव प्रबंधन के उपायों की जानकारी दी गई।साथ ही, छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें विभिन्न करियर विकल्पों एवं भविष्य की योजना के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।कार्यक्रम के समापन मेडिटेशन और लाफ्टर योग के साथ किया गया, जिससे उपस्थित लोगों ने आनंद एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया।यह कार्यक्रम सामाजिक सरोकार, समावेशन एवं सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। अनुमंडल प्रशासन द्वारा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया गया।

### यूजीसी कानून को रद्द करने व वापस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**रक्सौल(एनएसबी)** भारतीय स्वर्ण समाज मंच के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को रखा। प्रदर्शन का नेतृत्व स्वर्ण समाज के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग बाईपास ओवरब्रिज के समीप एकत्रित हुए और वहां से विरोध रैली की शुरुआत की। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक कानून, एक संविधान, यूजीसी कानून वापस लो, काला कानून वापस लो तथा इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारों के साथ सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। विरोध मार्च शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए पूरे नगर की परिक्रमा करता हुआ अनुमंडल कार्यालय पहुंचा, जहां प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम मनीष कुमार के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पत्र सौंपा। ज्ञापन में प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि यूजीसी से संबंधित नए कानून को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। उन्होंने आशंका जताई कि इस कानून का दुरुपयोग भी एससी-एसटी एक्ट की तरह किया जा सकता है, जिससे समाज में असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्ष 2012 में लागू नियमों को ही पुनः बहाल किया जाए, ताकि सभी वर्गो के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

# एसएसबी के अपर महानिदेशक ने किया बॉर्डर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण

**रक्सौल(एनएसबी)।** भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती रेखा लोहानी, भापुसे, अपर महानिदेशक ने 47वीं वाहिनी एसएसबी, रक्सौल का निरीक्षण किया। उनके दौरे के दौरान सीमा क्षेत्र में सुरक्षा, आवागमन और ट्रैफिक प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की गहन समीक्षा की गई।

निरीक्षण के क्रम में अपर महानिदेशक सबसे पहले भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (एलपीएआई) के अंतर्गत संचालित एकीत चेक पोस्ट (आईसीपी) पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने भारत-नेपाल के प्रमुख पारगमन मार्ग 'मैत्री ब्रिज' का भी जायजा लिया। यहां तैनात बल कार्मिकों से उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीमा से आने-जाने वाले लोगों की निगरानी तथा ट्रैफिक जाम की समस्या के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।


निरीक्षण करते अधिकारी।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सीमा पार करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करते हुए उनकी सघन जांच-पड़ताल की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। दौरे के अगले चरण में श्रीमती लोहानी 47वीं वाहिनी के मुख्यालय पहुंचीं,जहां उन्होंने बल कार्मिकों से सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जवानों से उनकी ड्यूटी से जुड़ी चुनौतियों के साथ-साथ व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में जानकारी ली और समाधान के प्रति आश्वस्त किया। उन्होंने जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए सीमा पर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की और कहा कि उनकी सतर्कता ही देश की सुरक्षा की पहली कड़ी है।

इस अवसर पर एसएसबी के क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया के उपमहानिरीक्षक श्री हरि प्रकाश, 47वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री संजय पाण्डेय, द्वितीय कमान श्री संजय रावत, नेपाल के परसा नेपाल के परसा स्थित 13वीं बटालियन एपीएफ के एसपी श्री मोहन बहादुर छेत्री, एलपीएआई रक्सौल के पत्तन प्रशासक श्री कुमार राजीव रंजन, उप कमांडेंट श्री दीपक कृष्ण एवं श्री आगले प्रिय दर्शन अरुण सहित 47वीं वाहिनी के अन्य अधिकारीगण और बलकार्मिक मौजूद रहे। अपर महानिदेशक के इस दौरे को सीमा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में दिशा निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### आठ माह से वेतन नहीं मिलने पर आशा कर्मियों की हड़ताल

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आशा कार्यकर्ता एवं आशा फेसिलिटेटर पिछले आठ माह से वेतन नहीं मिलने के विरोध में एक दिवसीय हड़ताल पर बैठ गईं। इस हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर आंशिक असर पड़ा, जिससे खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे लगातार अपनी सेवाएं दे रही हैं, लेकिन मानदेय का भुगतान नहीं होने से उनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है। कई बार संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हड़ताल पर बैठी कर्मियों ने सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग से जल्द बकाया वेतन भुगतान की मांग की। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार संत ने बताया कि वेतन भुगतान के लिए भेज दिया गया, और जल्द ही राशि जारी कर दी जाएगी। इस दौरान मधुलता कुमारी, नीलम कुमारी, सुनीता देवी, ललिता रानी, अनिता, देवता, मनकी देवी, समोल देवी, ताला, रिंकू कुमारी, चमेली देवी, मुन्नी कुमारी, अंजू कुमारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहीं।



### पूर्व लेखापाल विजय प्रसाद सिंह के निधन पर पूर्व मंत्री रत्नेश सादा ने जताया शोक



**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बिराटपुर गांव निवासी भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह के पिता प्रखर समाजसेवी व सेवानिवृत लेखापाल 75 वर्षीय विजय प्रसाद सिंह का निधन शुक्रवार की सुबह अचानक हृदयाघात के कारण हो गई। वे पिछले कुछ कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर पूरे गांव में मातमी सन्नाटा छा गया।इनके निधन पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह स्थानीय जदयू विधायक रत्नेश सादा, प्रखंड जदयू अध्यक्ष जयकुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मनिष कुमार, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रंजीत प्रसाद सिंह, माधवानंद सिंह, पूर्व प्रमुख परमानंद सिंह,पूर्व उप प्रमुख कुमार मौलेश सिंह, राजीव कुमार सिंह मुन्ना, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र नारायण सिंह,मो हसीर उद्दीन, मिट्ठू रजक, पंसस सदस्य से जदयू नेत्री गौरी कुमारी, दीपक ठाकुर, भाजपा प्रखंड महामंत्री राकेश भगत,भाजपा युवाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष मनोरंजन सिंह,शंभू सिंह,संजीव कुमार यादव, अमीर राम सहित दर्जनों लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव का जेल कालोनी स्कूल में हुआ भव्य स्वागत।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** प्राथमिक शिक्षक संघ के सचिव अंजना सिंह के शुक्रवार को जेल कालोनी स्कूल पर आगमन पर प्रधानाध्यापक एवं शिक्षिकाओं द्वारा फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अंजना सिंह पुराने दिनों को याद कर भाव विह्वल हो गई। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय सें मेरी माँ की पुरानी यादे जुड़ी हुई है।मेरी मां रेणु सिंह इस विद्यालय में 30 वर्ष तक प्रधानाध्यापक के रूप में सेवा की है। मुझे अपनी मां पर गर्व की अनुभूति हो रही है। मैने भी इस विद्यालय से ही संगठन में महिलाओ की भागेदारी के लिए संबल प्राप्त किया है। महिलाओं की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उजागर करने मे सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मीना कुमारी,विशिष्ट शिक्षिका प्रीता कुमारी,सुजाता कुमारी,साहिन प्रवीण,सुमन कुमारी,हेमलता कुमारी, खेल शिक्षक नीतीश कुमार नें प्रदेश सचिव अंजना सिंह का भव्य स्वागत कर बधाई व शुभकामना दी।



### मटेश्वर धाम में भाजपा कार्यकत्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा अन्तर्गत सिमरी पश्चिमी मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत मटेश्वर धाम स्थित विवाह भवन में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इस उद्घाटन सत्र को जिलाध्यक्ष साजन शर्मा, उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, ओबीसी मोर्चा के संजीव भगत, मुखिया संजीव जयसवाल, मंडल अध्यक्ष सुमन देवी ने संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने संगठनात्मक शक्ति, वैचारिक स्पष्टता और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ यह प्रशिक्षण वर्ग सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहे, यही मंगल कामना करते है। इस अवसर पर जिला के मंत्री अरविंद भगत, प्रवक्ता अभिषेक पांडेय, मंत्री कुमार गौरव सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णुदेव मुखिया, राजकिशोर सिंह, रामकृष्ण सिंह कन्हैया, प्रदेश नेता शंकर ठाकुर, देवानंद सिंह, सुमन सादा, सुदिष्ट यादव, लोचन यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीतू देवी, महामंत्री मिनी देवी, बलराम सिंह आदि मंडल के कार्यकत्ताओं मौजूद थे। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन की ऊर्जा, समर्पण एवं वैचारिक दृढ़ता को और प्रखर करने वाला प्रेरक अवसर है। इस दौरान भाजपा के कर्मनिष्ठ कार्यकताओं से भेंट करते हुए कार्य विस्तार विषय पर अपने विचार साझा किए।



### रेंजर पहुंचें सहरसा, पुणे सुपौल-सहरसा अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन का किया निरीक्षण

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अमृत भारत स्टेशन सहरसा जंक्शन की अब सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। जंक्शन की अब विशेष सुरक्षा रेंजर, टाइगर और प्रिंस डॉग को दी गई है।वही दिल्ली से स्पेशल ट्रेनिंग लेकर शुक्रवार को रेंजर सहरसा जंक्शन पहुंचा।सुबह से शाम तक सकुर्लेटिंग एरिया प्लेटफार्म के अलावा कई ट्रेनों की सघन तलाशी ली।इसके अलावा कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को भी निरीक्षण कर जांच की। सहरसा जंक्शन पर स्पेशल चेकिंग में रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर सुजीत कुमार मिश्रा, समस्तीपुर डॉग स्क्वायड टीम के एएसआई डी खलखो के अलावा रेलवे सुरक्षा बल के राजीव कुमार यादव भी शामिल थे। रेलवे सुरक्षा बल के साथ रेंजर ने महत्वपूर्ण ट्रेनों में विस्फोटक पदार्थ की जांच की समस्तीपुर से सहरसा तक जानकी एक्सप्रेस के अलावा सुपौल पुणे एक्सप्रेस, सहरसा में इंटरसिटी एक्सप्रेस जनसेवा एक्सप्रेस के हर कोच की जांच की इसके बाद सहरसा से समस्तीपुर तक सहरसा अहमदाबाद एक्सप्रेस की भी सघन तलाशी की।



### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जनता से संवाद कार्यक्रम आयोजित।

**सहरसा (एनएसबी)।** शुक्रवार को सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अंतर्गत जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित आम नागरिक से संवाद कार्यक्रम के दौरान समेकित रूप से कुल बाईस आवेदनों के संदर्भ में सुनवाई की गई एवं संबंधित कार्यालयों को प्राप्त आवेदनों के सम्यक निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया है। सुनवाई क्रम में सोमकांत यादव, थानाःनवहट्टा निवासी ने भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया जिसके निवारण का निर्देश संबंधित अंचलाधिकारी को दिया गया है। अनुज महतो, चिरैया थाना, सलखुआ अंचल द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया गया। जिसके निष्पादन का निर्देश भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर को दिया गया है। उक्त वर्णित व्यवस्था अंतर्गत सभी कार्यालयों में आम नागरिक से संबंधित समस्याओं की सुनवाई की गई है। आज आयोजित जनता दरबार में अपर समाहर्ता गणेश कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



# रमजान उल मुबारक के अंतिम दिन अकीदत के साथ पढ़ी गई अलविदा जुमा की नमाज

**रोजा रखने से इंसान में तकवा धैर्य और परहेजगारी संयम विकसित होता हैः मौलाना मुफ्ती मोहम्मद साजिद कासमी**

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** पूरे देश में 19 फरवरी से शुरू रमजान उल मुबारक के इस पाक महीने के आखिरी जुमा को अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। सहरसा बस्ती के जमा मस्जिद के मौलाना मुफ्ती मोहम्मद साजिद कासमी ने बताया कि रमजान उल मुबारक के इस आखिरी जुमा में लोगों की तादाद काफी संख्या में देखी जाती है। इसका कारण यह है कि इस रमजान के आखिरी जुमा भी कहा जाता है और इस जुम्मे की खास बात भी है जिस से लोग इस दिन अपनी गुनाहों से मगफिरत मांगते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार रमजान में पूरे 30 रोजा हो रहा है जो लोगों के लिए बहुत ही बेहतरीन बात है।उन्होंने बताया कि रोजा रखने से लोगों को बहुत सारे फायदे भी होते हैं।इससे जिस्मानी व रूहानी ताकत मिलती है।रोजा न केवल आत्मसंयम और धैर्य की परीक्षा है,बल्कि यह अल्लाह से निकटता प्राप्त करने का मार्ग है। कुरआन में कहा गया है अल्लाह के निकट एकमात्र स्वीकार्य धर्म इस्लाम है। इतिहास गवाह है कि प्रारंभ से ही विभिन्न धर्मो में रोजा को महत्व दिया गया है। रोजा रखने से इंसान में तकवा धैर्य और परहेजगारी संयम विकसित होता है।जब व्यक्ति भूख और प्यास सहन करता है, तो उसे उन लोगों की पीड़ा का एहसास होता है,जो अभाव में जी रहे रहे हैं.इससे दयालुता और सहानुभूति की भावना उत्पन्न होती है। आधुनिक मेडिकल साइंस भी इस बात की पुष्टि करता है कि रोजा रखने से स्वास्थ्य बेहतर होता है।उपवास के दौरान शरीर को विषाक्त पदार्थो से मुक्त होने का अवसर मिलता है। जिससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और मानसिक स्थिरता बढ़ती है। इस्लाम में जकात एक महत्वपूर्ण सामाजिक व्यवस्था है,जो गरीबी को दूर करने व समाज में आर्थिक संतुलन बनाए रखने का कार्य करती है। प्रत्येक सक्षम व्यक्ति अपनी आमदनी का ढाई प्रतिशत गरीबों को दान करता है। कुरआन में जहां-जहां नमाज का उल्लेख किया गया है। वहीं जकात,और फितरा देने की भी बात कही गयी है। रमजान उल मुबारक हम सभी मिलकर अल्लाह पाक से दुआ फरमाए सभी की मगफिरत, फरमाए सेहतमंद बख्श दे आग से खलासी एवं सभी की जिंदगी में रहमत बरकत खुशहाली, तरक्की हो अल्लाह पाक से सभी के लिये दुआ करता है।इसमे मौजूद मोजिन मो सलीम, मो जकी हुसैन, मो दिलवहार, मो इम्तियाज, मो अजहरुद्दीन, डा लुतफुल्लाह,मो मुजाहित, मो शौकत, मो सरफराज, मो सदरे सहित अन्य मौजूद रहें।



## सोनवर्षा पुलिस ने देशी मांशकेट के साथ एक महिला को किया गिरफ्तार

**महिला मवेशी के सुरक्षा के लिए रखी थी अवैध हथियार।**

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खजुरहा पंचायत स्थित भंवडा गांव के कुसहा टोला से गुरुवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर एक महिला को देसी मांशकेट के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिला की पहचान हरिलाल सादा की पत्नी मनोरी देवी के रूप में हुई है।

उक्त बाबत सोनवर्षा थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कुसहा टोला में छापेमारी के दौरान अवैध हथियार महिला छुपाकर रखी थी। जिसे गिरफ्तार करते हुए पूछने पर महिला ने बताया कि अपने मवेशियों कि सुरक्षा के लिए रखा हुआ हैं। हालांकि इस दौरान घर के पुरूष फरार हो गए। अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार महिला के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## नेट और गेट में शानदार सफलता हासिल कर आकांक्षा झा बनीं युवाओं के लिए प्रेरणा, एयर 36 के साथ प्रोफेसर बनने का लक्ष्य



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा की बेटी आकांक्षा झा ने अपनी मेहनत और लगन से एक बार फिर साबित कर दिया है कि छोटे शहरों से निकलकर भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं।आकांक्षा झा ने दूसरे प्रयास में गेट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 36 हासिल की है। साथ ही उन्होंने नेट परीक्षा भी उत्तीर्ण हुई है, जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। जिले के सौरबाजार प्रखंड के रहुआ, रामपुर निवासी आकांक्षा झा ने केंद्रीय विद्यालय, सहरसा से स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के बाद बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। उनका विषय दर्शनशास्त्र रहा है और आगे चलकर वे इसी क्षेत्र में प्रोफेसर बनना चाहती हैं। नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट को विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए अनिवार्य माना जाता है। ऐसे में आकांक्षा की यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह उन छात्रों के लिए भी प्रेरणा है जो अकादमिक क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। नेट पास करने से न केवल शिक्षण के अवसर खुलते हैं, बल्कि रिसर्च और फेलोशिप के रास्ते भी आसान हो जाते हैं।आकांक्षा अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता देती हैं। आकांक्षा के पिता मुनमुन झा भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं और माता रश्मि रंजन झा गृहिणी हैं। उनके माता-पिता का कहना है कि आकांक्षा शुरू से ही पढ़ाई में तेज और लगनशील रही है। आज उनकी यह उपलब्धि पूरे परिवार सहित जिले के लिए गर्व का विषय है और युवाओं के लिए एक संदेश है कि सही मार्गदर्शन, कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस शानदार उपलब्धि के लिए आकांक्षा को खूब बधाई दी जा रही है।

## पतरघट प्रखंड के गोलमा से अवैध रूप से रखे गए 22 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त, मौके से एक पुराना सेल रजिस्टर भी बरामद

**सहरसा (एनएसबी)।** गैस की कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पतरघट प्रखंड के गोलमा गांव में छापेमारी कर अवैध रूप से रखे गए 22 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इस मामले में एक आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, उपभोक्ताओं के लिए गैस बुकिंग और डिलीवरी के समय में भी सुधार दर्ज किया गया है। सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला आपूर्ति शाखा के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुमार देवराज आनंद के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना के आधार पर वार्ड-10 निवासी अमित कुमार गुप्ता के घर और उसकी मिठाई दुकान पर छापा मारा गया। जांच के दौरान वहां बड़ी संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से रखे मिले। टीम ने कुल 22 सिलेंडर जब्त किए, जिनमें 12 एचपी गैस 4 इंडेन और 6 भारत गैस शामिल थे। मौके से एक पुराना सेल रजिस्टर भी बरामद हुआ है, जिसकी जांच जारी है। आपूर्ति विभाग के अनुसार, आरोपी पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 और एलपीजी आदेश-2000 के तहत कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी की पूरी वीडियोग्राफी 'ई-साक्ष्य ऐप' के जरिए की गई है, ताकि डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखे जा सकें। प्रशासन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बावजूद जिले में गैस आपूर्ति सामान्य बनाए रखने के प्रयास जारी हैं। पहले गैस डिलीवरी में औसतन 4.4 दिन लगते थे, जो अब घटकर 3.8 दिन रह गया है। जिले में पेट्रोल और डीजल की भी कोई कमी नहीं है और सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। हालांकि, सुधार के बावजूद कुछ एजेंसियों के पास अभी भी लंबित बुकिंग की संख्या अधिक है। भारत गैस की 'आशा भारतगैस एजेंसी' के पास 1,953 और एचपी गैस की 'गौरी शंकर एचपी गैस एजेंसी' के पास लगभग 3,290 बुकिंग लंबित हैं। प्रशासन इन बैकलॉग को जल्द से जल्द खत्म कराने में जुटा है।



सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी।

## रामनवमी शोभायात्रा को लेकर तेलियाहाट व पहलाम चैक पर युवा क्रांति की बैठक

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के तेलियाहाट और पहलाम चैक पर आगामी 26 मार्च को आयोजित होने वाली रामनवमी शोभायात्रा को लेकर युवा क्रांति द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और शोभायात्रा को सफल बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शंभू मोदी ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी सैकड़ों की संख्या में लोग शोभायात्रा में भाग लेंगे। शोभायात्रा पूर्व निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही निकाली जाएगी। वहीं, युवा क्रांति के राष्ट्रीय संयोजक बिमलेश कुमार भगत ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा और भी भव्य एवं आकर्षक होगी, जिसमें लगभग 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मां कात्यायनी मंदिर, महारस से शोभायात्रा की शुरूआत होगी, जिसमें बलवा हाट, सोनवर्षा कचहरी, सलखुआ, सिमरी बख्तियारपुर, सौर बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल होंगे। साथ ही उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम संपन्न कराने की अपील की। पहलाम चैक स्थित पार्थ आश्रम में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अमर पोद्दार ने की। इस दौरान युवा क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष खगेश ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं के लिए भोजन व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में सिंपल भगत, कृष्ण कुमार, मनोज भगत, रुपेश यादव, अमरथ यादव, चंदन पोद्दार, अशोक पोद्दार, भुवन ठाकुर, रमेश पासवान, सुजीत कुमार, प्रेम कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं तेलियाहाट में बीरेंद्र भगत, विकास कुमार, उदय सहनी, शिव कुमार मोदी, रौशन कुमार, हरिकिशोर, रोहित मोदी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



बैठक में युवा क्राति के कार्यकर्ता।

## सहरसा में 22 से 24 मार्च तक उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा बिहार दिवस



**सहरसा (एनएसबी)।** शुक्रवार को विकास भवन में जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में बिहार दिवस को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में होने वाले कार्यक्रमों के रूपरेखा के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। विचार विमर्श पश्चात यह निर्णय लिया गया की बिहार दिवस के अवसर परः22 से 24 मार्च तक उल्लासपूर्ण वातावरण में विभिन्न कार्यालयों के सहयोग, समन्वय से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी सरकारी कार्यालयों, सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों, सरकारी आवासों को नीले बल्ब से सुस्सजित करने का निर्णय लिया गया है। विभिन्न विभागों यथाःसामाजिक सुरक्षा, कृषि, जीविका, उत्पाद, कला एवं संस्कृति, शिक्षा आदि द्वारा क्रियान्वित योजनाओं, जनहित संबंधित किए जा रहे कार्यो के व्यापक प्रचार प्रसार निमित स्थानीय विकास भवन में संबंधित विभागों को स्टॉल संस्थापित करने का निर्देश दिया गया है। स्टॉल का संचालन त्रि दिवसीय होगा। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को बिहार दिवस आयोजन संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

# सहरसा स्टेडियम को तीरंदाजी स्टेडियम बनाने के पर खेल संघ ने जताई आपत्ति : रौशन सिंह धोनी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पिछले वर्ष प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सहरसा में बेहतर खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलप करने की दिशा में पहल किया गया था। जिसके तहत स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाने की बात की गई थी। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के लिए जगह नहीं मिलने पर तत्कालीन जिला पदाधिकारी द्वारा सहरसा स्टेडियम को खेल के लिए बेहतर और आकर्षक बनाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत सहरसा स्टेडियम में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक एवं फुटबॉल का मैदान, मल्टीपरपज हॉल प्रशासनिक भवन, एवं बास्केटबाल वालीबाल एवं लॉन्ग टेनिस के कोर्ट बनाने की प्रक्रिया प्रारंभिक की गई। जिसका निविदा भी निकल गया और उसके उपरांत जनवरी माह में संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया। लेकिन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा पुनः कार्य को रोकते हुए इस स्टेडियम को तीरंदाजी स्टेडियम के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। जिस पर विभिन्न खेल संघ के अध्यक्ष व सचिवों ने आपत्ति जताई है और जिला पदाधिकारी से आग्रह किया है कि जिस तरह पूर्व में एथलेटिक्स और फुटबॉल का मैदान बनाया जा रहा था। वही बनाया जाए और स्टेडियम के पूर्वी दिशा में अतिक्रमण को अति शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ अध्यक्ष सुनील कुमार झा, क्रीड़ा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रशेखर अधिकारी, जिला बाल बैडमिंटन संघ के सचिव अंशु मिश्रा, जिला कबड्डी संघ के सचिव आशीष सिंह, जिला रस्सा कसी संघ के सचिव विप्लव रंजन, जिला साइकलिंग संघ के सचिव दर्शन कुमार गुड्डू, जिला योग संघ के सचिव अमन कुमार सिंह एवं जिला खेल संघ के सचिव सह जिला एथलेटिक्स एवं वॉलीबॉल संघ के सचिव रोशन सिंह धोनी ने कहा कि सहरसा सहित कोसी में तीरंदाजी का कोई इतिहास नहीं रहा है और प्रमंडल मुख्यालय होने के बावजूद भी यहां 30 वर्षों से सहरसा प्रमंडल मुख्यालय स्टेडियम को तरस रहा है। ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री द्वारा एक प्रयास स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के रूप में सहरसा स्टेडियम को डेवलप करने की बात कही गई जो फलीभूत होता भी दिख रहा है। लेकिन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा सहरसा स्टेडियम सहरसा को तीरंदाजी का स्टेडियम बनाना यह काफी अचंभित करने वाला बात है। सहरसा से लगातार एथलेटिक्स और फुटबॉल के बच्चे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शिरकत कर रहे हैं और अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल भी ला रहे हैं। एथलेटिक्स और फुटबॉल से कई खिलाड़ियों ने बिहार सरकार में मेडल लो नौकरी पाओ की नीति पर भी अपना कदम बढ़ाया है। लगभग 3000 एथलीट जिला एथलेटिक संघ से निबंधित है और 200 फुटबॉलर जो जिला फुटबाल संघ से संबंधित है। इन सभी खिलाड़ियों के मनोबल पर कुंठा घाट होगा। कोशी प्रमंडल के मुख्यालय में निश्चित ही एथलेटिक्स फुटबॉल के साथ क्रिकेट के मैदान को भी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा, जिला पदाधिकारी द्वारा विकसित किया जाए। प्रमंडल मुख्यालय में एक स्टेडियम नहीं होना यह काफी दुखद है जबकि सहरसा में दिन प्रतिदिन खेल का माहौल बेहतर हो रहा है। तीरंदाजी उत्तर बिहार के किसी जिलों में विकसित नहीं है इसे विकसित करना भी कठिन है क्योंकि जो खेल विकसित हो रहा है उसमें थोड़ा सा मेहनत करने से वह आगे जा सकता है। अतः हम सभी खेल संघ के सदस्य एवं सहरसा जिला के हजारों एथलेटिक्स एवं फुटबॉल के खिलाड़ी जिला पदाधिकारी से मांग करते हैं की सहरसा स्टेडियम सहरसा को बर्बाद होने से बचाया जाए और खिलाड़ियों के हित के लिए, खेल के हित के लिए इसे एथलेटिक्स एवं फुटबॉल के मैदान में विकसित करने की मांग की है।



## उप महानिरीक्षक सशस्त्र सीमा बल, पूर्णिया मधुकर अमिताभ ने 45वीं वाहिनी बीरपुर का किया दौरा



उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पूर्णिया मधुकर अमिताभ का स्वागत ।



निरीक्षण करते उप महानिरीक्षक।

**सुपौल (एनएसबी)** । उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पूर्णिया मधुकर अमिताभ के द्वारा 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल बीरपुर का दौरा किया गया। दौरे के दौरान महोदय ने सीमा चौकी ढाढा में चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा की।

तत्पश्चात उन्होंने भीमनगर चेक पोस्ट का निरीक्षण कर प्रचालन संबंधी कार्यो की जांच-पड़ताल की तथा एपीएफ, पुलिस, कस्टम, मद्यनिषेध एवं सिविल प्रशासन एसडीएम - एसडीपीओ के साथ समन्वय बैठक की। बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा एवं आपसी समन्वय से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

इसके उपरांत वाहिनी मुख्यालय आगमन पर उप महानिरीक्षक महोदय को क्वार्टर गार्ड पर गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर सम्मानित किया गया। महोदय द्वारा वाहिनी परिसर का जायजा लिया गया तथा वृक्षारोपण भी किया गया।

महोदय को वाहिनी की प्रचालन संबंधी गतिविधियों के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। इसके पश्चात सैनिक सम्मेलन की अध्यक्षता की गई, जिसमें उन्होंने अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों से संवाद करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

तत्पश्चात उप महानिरीक्षक महोदय सीमा चौकी सतना के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने कार्मिकों से संवाद किया एवं रात्रि विश्राम किया।

यह दौरा वाहिनी के सभी कार्मिकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं मनोबल बढ़ाने वाला रहा।

## आंगनबाड़ी केंद्र का डीपीओ ने किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**सुपौल (एनएसबी)** । जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, सुपौल द्वारा बाल विकास, त्रिवेणीगंज परियोजनान्तर्गत कुल 06 आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र सं0- 342, 343, 219,193, 350 एवं 302 सभी पर 30 से 36 बच्चों के साथ सेविकाध्सहायिका उपस्थित पायी गई।

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0, सुपौल द्वारा सभी सेविका, सहायिका को निदेशित किया गया कि बच्चों को साफ-सफाई एवं स्वच्छता के साथ-साथ सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। बच्चों को समय से नाश्ता एवं खाना, स्कूल पूर्व शिक्षा देने ''पोषण भी, पढ़ाई भी'' गतिविधियाँ गुणवत्तापूर्ण कराने का शख्त निदेश दिया गया।

साथ ही सभी सेविकाओं को प्रधानमंत्री वंदना योजना में प्रति केन्द्र 08 लाभुक एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के प्रति केन्द्र 03 पात्र लाभुकों का पंजीकरण करने, केन्द्रों का संचालन विभागीय मार्गदर्शिका के अनुरूप अनुपालन करने एवं उपरोक्तकेन्द्रों के संबंधित महिला पर्यवेक्षिका को गंभीरता से सतत निरीक्षण एवं अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया।



निरीक्षण करते डीपीओ।

### खबरें : एक नजर में

## कोसी की रेत पर फल व सब्जी उगा रहे यूपी के किसानों से बिजली विभाग का कर्मचारी बनकर राशि ठगने का मामला आया सामने, जांच कर कार्रवाई की उठी मांग

**किशनपुर (सुपौल)(एनएसबी)** । कोसी बांध के अंदर दिधिया, दुबयाही पंचायत के बेगमगंज पश्चिम कोसी नदी किनारे उत्तर प्रदेश से आए किसान पिछले पाँच वर्षो से तरबूज, खीरा, कद्दू सहित अन्य फल व सब्जियों की खेती कर रहे हैं। करीब 30 किसान मिलकर 150 से 200 एकड़ भूमि पर खेती की गई है । किसानों ने बताया कि खेतों की सिंचाई के लिए पूरी रात मोटर पम्प चलाना पड़ता है, जिसके लिए बिजली से संचालित 15 मोटर पम्प लगाए गए हैं। यूपी के किसान मोहम्मद साजिद के अनुसार, हम लोग एक-एक मोटर के लिए 15 हजार रुपये तक दे रहे हैं। खेती करने के लिए यहाँ 30 जुग्गी बनाई गई हैं, जिनमें सिर्फ एक पंखा और एक लाल बल्ब का इस्तेमाल होता है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी कर हमलोगो से अवैध राशि वसूल की जा रही है ।



खेतो में लगा पंप सेट।

दूसरे किसान मोहम्मद इंतजार ने बताया कि हमलोग पिछले पाँच वर्षो से इसी स्थान पर खेती करने आते हैं। उनका कहना है कि हर बार बिजली बिल जमा करने के बजाय बिजली कार्यालय से आने वाले कुछ लोग रुपया वसूल कर ले जाते हैं। किसानों का आरोप है कि ये लोग खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताते हैं।

किसानों ने यह भी कहा कि यदि वे वसूली करने वाले व्यक्तियों का नाम बताएं तो उनके साथ मारपीट और धमकी का खतरा बना रहता है।

कहा- हमलोग परदेसी हैं। हर महीने बिजली खपत का पैसा देते हैं, लेकिन फिर भी डर के कारण खुलकर शिकायत नहीं कर पाते, दो दिन पहले ही बिजली आफिस के नाम पर करिश्मा कुमारी नाम करके फोन पे पर 4500 रुपया लिया गया है। विद्युत कनीय अभियंता हिमानी रंजन ने बताया कि उस नाम को हम दूर-दूर तक नहीं जानते हैं । मेरे द्वारा दो दिन पहले वहां जाकर दो कनेक्शन को काटा गया था जिस पर प्राथमिकी भी दर्ज की गई है । आखिर कोन लोग हैं जो परदेशी से बिजली खर्च के नाम पर राशि वसूल रहे हैं । विभाग को तहकीकात कर कार्रवाई करनी चाहिए ।

## राघोपुर में पहुंचा दो ट्रक गैस सिलेंडर होम डिलीवरी की भी व्यवस्था प्रारंभ



एजेंसी पर अनलोड होता गैस सिलेंडर।

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** राघोपुर में रसोई गैस की किल्लत के बीच अब उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर सामने आई है। शुक्रवार से दो ट्रक गैस सिलेंडर की डिलेवरी होने के बाद उपभोक्ताओ में संतोष देखा जा रहा है । बता दें कि प्रशासन द्वारा लगातार आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने की पहल की जा रही है। गणपति एचपी गैस एजेंसी के प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य की ओर बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि एक ट्रक के गैस सिलेंडरों का वितरण सीधे गोदाम से किया जा रहा है, जबकि दूसरे ट्रक के सिलेंडरों को होम डिलीवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए 13 भेंडरों को लगाया गया है, जो विभिन्न क्षेत्रों में सिलेंडर की सप्लाई सुनिश्चित करेंगे। प्रबंधक के अनुसार, गोदाम में पहुंचे पहले ट्रक में 504 सिलेंडर हैं, जबकि दूसरे ट्रक में 450 सिलेंडर उपलब्ध हैं। इन सिलेंडरों के माध्यम से अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। एजेंसी प्रबंधन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी तरह की घबराहट या पैनिक में न आएं। सभी लाभुकों को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही यह भी बताया गया कि अब नियमित रूप से होम डिलीवरी शुरू कर दी गई है, जिससे लंबी कतारों और अव्यवस्था से राहत मिलने की उम्मीद है।

## विद्युत बिल बकाया वसूली को लेकर महादलित बस्ती पहुंचे जेई को लोगों ने खदेड़ा, जान बचाकर भागे जेई व अन्य

### ग्रामीणों ने बाइक व दो कर्मी को बनाया बंधक पुलिस के हस्तक्षेप बाद सभी को किया गया मुक्त

**पिपरा (सुपौल)** । विधुत अभियंता के साथ बकाया बिजली वसूली के लिए महादलित बस्ती में गये विद्युत कर्मियों के टीम को शुक्रवार की दोपहर पिपरा थाना क्षेत्र के पथरा दक्षिण पंचायत स्थित वार्ड 0 4 महादलित टोला मे ग्रामीण महीला व पुरुषों ने टीम को खदेड़ दिया । कहा जा रहा है कि टीम में शामिल लोगों के साथ मारपीट भी की गई ।

ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की एक बाइक व दो कर्मी को भी बंधक बना लिया था। बाद में पुलिस बल पहुंच कर कर्मी व बाइक को मुक्त करवाया। ग्रामीणों का कहना था कि हम लोग खेत में मजदुरी करने गये हुए थे। इस बीच बिजली विभाग की टिम ने बिना कुछ बताए घर से मीटर खोलने लगा जिसकी सूचना हम लोगों को मिला तो हम लोग जैसे ही घर पहुंचे तो देखा की दस बारह मीटर व तार खोलकर वे लोग जा रहे थे। इसी बात को लेकर कर्मचारी व हम लोगों के बीच बहस हो गई।



हंगामे के बीच मौजूद भीड़।

अभियंता ने भागकर बचाई जान : इधर ग्रामीणों द्वारा अचानक किये गए हमले से जेई विकास कुमार समेत अन्य लोग दहशत में आ गए और वहां से किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। जबकि दो कर्मी व एक बाइक को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। जेई विकास कुमार ने बताया कि पथरा मुसहरी में जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल बकाया है उसी को लेकर एक अभियान चलाकर वहां राजस्व संग्रह किया जा रहा था। इसी दौरान कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा टीम में शामिल कर्मी पर हमला कर दिया गया। जिसकी सुचना पुलिस को दी गई। थाना अध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी पुलिस बल भेजकर मामला को शांत कराया गया विभाग से अभी तक आवेदन नहीं मिलीं है आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जिला जनता दरबार में 42 आवेदन हुए प्राप्त, कार्रवाई के दिए निर्देश



जनता दरबार में मौजूद डीएम - डीडीसी व अन्य।

**सुपौल (एनएसबी)** । समाहरणालय, सुपौल में आयोजित जिला जनता दरबार में सावन कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा कुल 42 आवेदन लिए गए। जिला जनता दरबार में उक्त आवेदनों से संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया। उक्त अवसर पर सुश्री सारा अशरफ, उप विकास आयुक्त, सुपौल, सच्चिदानंद सुमन, अपर समाहर्ता, सुपौल, विकास कुमार कर्ण, विशेष कार्य पदाधिकारी, गोपनीय शाखा, सुपौल, मुकेश कुमार, वरीय उप समाहर्ता, सुपौल एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीएम के निर्देश पर विभिन्न प्रखंडों में गैस सिलेंडर की हो रही है जांच

**सुपौल(एनएसबी)** । गैस की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने एवं कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, थाना अध्यक्ष सहित सभी संबंधित अधिकारी और कर्मी निरंतर उठाव वितरण की निगरानी कर रहे है । प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के प्रतिवेदनानुसार जिले के 51 गैस एजेंसियों में से 44 गैस एजेंसियों पर अभी गैस सिलेंडर उपलब्ध है, शेष 07 पर शीघ्र ही गैस की आपूर्ति किये जाने की संभावना है। तेल कम्पनियों द्वारा अस्पताल एवं सरकारी संस्थानों को जिनके पास वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रारम्भ की जा रही है। जिला प्रशासन गैस सिलेंडरों की ससमय उपलब्धता हेतु गैस वितरक कम्पनियों से लगातार संपर्क में है। अभी जिले के गैस एजेंसियों के पास लगभग 10780 गैस सिलेंडरों का भंडार मौजूद है। 19 मार्च को लगभग 5351 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। अभी तक 16593 उपभोक्ता की बुकिंग की गैस आपूर्ति की जानी है। जिले में औसतन 2.5 दिनों में गैस की आपूर्ति की जा रही है, जो राज्य औसत 3.8 से काफी अधिक है। जिले के कुल 51 गैस एजेंसियों में से 21 के द्वारा गैस की होम डिलिवरी प्रारंभ कर दी गई है। अभी तक कुल 51 एलपीजी एजेन्सी में 45 की जाँच की गई है। 122 अन्य होटलों प्रतिष्ठानों पर जाँच की गई है, जिसमें सुपौल प्रखंड के शुभ लक्ष्मी रेस्टोरेन्ट, कोजी स्वीट्स, होटल पाराडाइज, होटल मयंक, सांई होटल, होटल गुरुमत एवं त्रिवेणीगंज प्रखंड में राजा स्वीट्स, माँ सीता स्वीट्स, हैदर चीकेन बिरयानी सेन्टर, प्रेम स्वीट्स, संध्या फास्ट फुड तथा राघोपुर प्रखंड के अतिथि फेमिली रेस्टोरेन्ट, माँ वैष्णव होटल, तृप्ति वैष्णव होटल, तिरुपति वैष्णव होटल, सहित सभी प्रखंडों में छापेमारी की गई।

सरायगढ़ प्रखंड में 91 गैस सिलेंडर अवैध रुप से रखने एवं कालाबाजारी करने के आरोप में श्री सुमन कुमार पिता श्री राम मेहता एवं श्री संतोष कुमार पिता श्री उपेन्द्र मेहता निवासी सरायगढ़-भपटियाही के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सरायगढ़ भपतियाही श्री चंडिकेश्वर झा द्वारा भपटियाही थाना में थाना कांड संख्या 79/ 2026 दिनांक 20-3-2026 दर्ज है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, राघोपुर द्वारा मेसर्स रत्ना इण्डेन ग्रामीण वितरक, प्रखंड राघोपुर की जाँच के क्रम में पाया गया कि एसडीएए के अनुसार कुल 299 सिलिंडरों में भौतिक रुप से 177 सिलिंडर पाया गया एवं 122 सिलिंडर कम रहने के लिए मेसर्स रत्ना इण्डेन ग्रामीण वितरक, राघोपुर के विरुद्ध करजाईन थाना में प्राथमिकी संख्या 52/2026, दर्ज की गई है ।

## समीक्षा बैठक में लक्ष्य के अनुरुप टीकाकरण करने का निर्देश

### स्वास्थ्य विभाग की बैठक में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा, पूर्ण एवं संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने का निर्देश

**सुपौल (एनएसबी)।** सावन कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई तथा पूर्ण एवं संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।



सावन कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।



बैठक में सिविल सर्जन, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक के साथ-साथ प्रखंड स्तर से चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक प्रबंधक आदि उपस्थित ।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि नियमित टीकाकरण के शत-प्रतिशत आच्छादन हेतु सर्वे रजिस्टर एवं ड्यू लिस्ट का अद्यतन कार्य आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। तत्पश्चात सभी ड्यू लाभार्थियों को सत्र स्थल पर मोबिलाइज कर टीकाकरण से आच्छादित किया जाए, ताकि राज्य द्वारा निर्धारित 95 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि संधारित डाटा में पाई जाने वाली त्रुटियों के सुधार हेतु नियमित रूप से डाटा वैलिडेशन बैठक आयोजित की जाए।

इसके अतिरिक्त गार्डासिल वैक्सीन टीकाकरण कार्यक्रम के प्रथम चरण में आगामी तीन माह तक प्रत्येक दिन राज्य के सभी 24 गुना 7 कार्यरत स्वास्थ्य संस्थानों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर विशेष टीकाकरण सत्र अभियान के रूप में संचालित किए जाने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात यह टीकाकरण नियमित सत्रों के माध्यम से जारी रहेगा।

उक्त बैठक में सिविल सर्जन, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक के साथ-साथ प्रखंड स्तर से चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

जिलाधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि टीकाकरण कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राघोपुर में गैस संकट पर प्रशासन सख्त, होटलों का किया औचक निरीक्षण

**राघोपुर (सुपौल)(एनएसबी)** । राघोपुर प्रखंड क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत को लेकर मचे हाहाकार के बीच शुक्रवार को प्रशासन सक्रिय नजर आई । जिलाधिकारी सावन कुमार के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) अमर कुमार तथा राघोपुर पुलिस ने सिमराही बाजार स्थित कई होटलों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि अधिकांश होटल संचालक कमर्शियल गैस सिलेंडर का ही उपयोग कर रहे हैं, जबकि कुछ स्थानों पर जलावन के जरिए खाना बनाया जा रहा था। टीम ने होटल संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।




होटल का निरीक्षण करते पदाधिकारी।

एमओ अमर कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि गैस की कोई कमी नहीं है लोगों को अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कहीं भी व्यावसायिक उपयोग में घरेलू गैस सिलेंडर पाया गया तो संबंधितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई जाएगी।

### बिहार दिवस एवं जिला स्थापना दिवस पर 22 मार्च को सांस्कृतिक संध्या का होगा आयोजन, मोनालिसा सन्याल चक्रवर्ती एवं कांचनमोय भट्टाचार्य देगें अपनी प्रस्तुति

**सुपौल (एनएसबी)** । बिहार दिवस एवं सुपौल जिला स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, सुपौल द्वारा दिनांक 22 मार्च को शाम 6 बजे से गांधी मैदान में भव्य सांसतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा ।

इस अवसर पर गायिका मोनालिसा सन्याल चक्रबर्ती और कांचनमोय भट्टाचार्य अपनी मनमोहक प्रस्तुति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ायेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा भी विविध सांसतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। जिला प्रशासन द्वारा सुपौल जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सांसतिक कार्यक्रम का आनंद लें तथा बिहार दिवस एवं सुपौल जिला स्थापना दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर को उत्साहपूर्वक मनाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वार्थ और परिवारवाद पर टिकी है राजद की राजनीति : प्रभाकर मिश्र

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद और उसके नेता तेजस्वी यादव पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राजद की राजनीति पूरी तरह स्वार्थ, परिवारवाद और भ्रम फैलाने पर आधारित है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव में न तो एक जनप्रतिनिधि के आवश्यक गुण हैं और न ही नेतृत्व की कोई ठोस योग्यता। वे केवल विरासत की राजनीति के सहारे आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बदलते बिहार में यह राजनीति अब ज्यादा दिनों तक टिकने वाली नहीं है। मिश्र ने कहा कि ह्लललालू प्रसाद की जाति और धर्म आधारित सियासत की फसल अब सूख चुकी है। एनडीए सरकार के सुशासन और विकास की राजनीति ने बिहार में नई सोच और नई दिशा दी है। आज प्रदेश की जनता विकास, रोजगार और सुशासन चाहती है, न कि भ्रम और विभाजन की राजनीति। उन्होंने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि उनमें नेतृत्व क्षमता होती तो विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार की जिम्मेदारी स्वीकार करते। लेकिन वे जिम्मेदारी लेने के बजाय विदेश चले गए और जनता के प्रति अपनी जवाबदेही से बचते रहे। राज्यसभा चुनाव का जिक्र करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि महागठबंधन के उम्मीदवार की हार भी तेजस्वी यादव की कमजोर नेतृत्व क्षमता का परिणाम है, लेकिन वे इस पर भी चुप्पी साधे हुए हैं।उन्होंने आगे कहा कि ह्लराजद के अंदर ही असंतोष साफ दिखाई दे रहा है। पार्टी के विधायक भी मोहभंग का शिकार हो रहे हैं, लेकिन तेजस्वी यादव में इतनी राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है कि वे संगठन को संभाल सकें या कठोर निर्णय ले सकें।

### गैस सिलेंडर चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**बेलदौर।** गैस सिलेंडर चोरी के मामले में पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के मुताबिक बेलदौर थाना क्षेत्र के कंजरी गांव निवासी वीदो यादव के पुत्र इंशु कुमार उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया गया। बताते चलें कि पिरनगरा गैस एजेंसी पर से उक्त युवक गैस सिलेंडर चोरी कर जा रहा था जो सीसी फुटेज में कैद हो गई। जिस कारण पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज करते हुए चोर को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गैस सिलेंडर चोरी मामले में चोर को गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### महिला ने की मारपीट करने की शिकायत

**बेलदौर।** नगर पंचायत क्षेत्र के शेर वासा निवासी पिंकू यादव के 35 वर्षीय पत्नी गुंजन देवी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत की है। आवेदन में वर्णित है कि झूठा आरोप लगाकर गांव के ही धानो यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नवीन कुमार, गुड्डू कुमार समेत आधे दर्जन से अधिक व्यक्तियों ने गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर खाना बनाने के दौरान बुरी तरह से मारपीट किया है। मारपीट करने के दौरान गले में पहने आठ आना के सोना की बाली ले लिया और दबंगों ने कहा कि यदि मेरे विरोध में थाना में आवेदन देगी तो बाल बच्चे समेत तुमको जान से मार देंगे। जिस कारण उक्त महिला डरी सहमी हुई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला के द्वारा आवेदन दिया गया है। मामले को छानबीन कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रखंड संसाधन केंद्र में स्पोर्ट्स शिविर का हुआ आयोजन

**चौथम।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया था। यह शिविर में स्पोर्ट्स सामग्री विक्रेताओं द्वारा यह लगाई गई थी। दरअसल जिला शिक्षा विभाग के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के 128 विद्यालयों के लिए सरकारी कोष से खेल सामग्री के लिए राशि आवंटित की गई है। इस राशि से प्रखंडाधीन सभी विद्यालयों के अध्यापकों द्वारा विद्यालय में खेल सामग्रियों की खरीदारी की जानी है। जिसके सहूलियत के लिए यह शिविर संसाधन केन्द्रो में लगाई गई थी। हालांकि प्रखंड संसाधन केंद्र के कर्मियों से लिए गए जानकारी के अनुसार बताया गया कि अध्यापक स्वतंत्र रूप से विद्यालय के लिए खेल सामग्री कहीं से भी खरीद सकते हैं। महज यह एक घोषणा जैसे प्रतीत हुई। हंलाकि की बताया गया कि प्राथमिक विद्यालय के लिए 5000 राशि खेल सामग्री के लिए सरकार के द्वारा आवंटित की गई है, जबकि मिडिल विद्यालय के लिए 10000, और उच्चत्तर विद्यालय के लिए 25000 की राशि खेल सामग्री के लिए आवंटित की गई है।

### हथियार के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खगड़िया।** हथियार तस्करी एवं तस्करों पर नकेल कसने को लेकर लगातार छापामारी अभियान जारी है। इसी क्रम में गोगरी थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम गोगरी कुण्डी वार्ड नं0-01 स्थित छोटु यादव के घर पर अवैध हथियार है। गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी किया गया तो गोगरी कुण्डी वार्ड नं0-01 स्थित छोटु यादव के घर से 01 देशी मास्केट के साथ छोटु यादव को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में गोगरी थाना कांड सं0-85╱26 दर्ज कर अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुये पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि छापामारी दल में पुनि सह थानाध्यक्ष परशुराम सिंह, पुअनि दिनेश कुमार, पुअनि अवंती कुमारी, पुअनि राजीव कुमार सिंह एवं साथ सशस्त्र बल षामिल थे।

### जनगणना को लेकर प्रखंड कार्यालय आईटी भवन में दिया प्रशिक्षण

**खगड़िया ।** जिले के परबत्ता प्रखंड कार्यालय आईटी भवन परबत्ता में जनगणना को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। आईटी भवन परबत्ता के सभागार में जनगणना कार्य को लेकर बीडीओ संतोष कुमार पंडित की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में बूथ लेवल अफिसर, विकास मित्र के साथ तैयारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज अधिकारी श्री संतोष कुमार पंडित ने कहा कि मकान सूचीकरण, गणना ब्लक निर्धारण तथा चौहद्दी तय करने की प्रकिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई । बीडीओ संतोष कुमार पंडित ने जानकारी देते हुए कहा कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसके माध्यम से सरकार को जनसंख्या, सामाजिक स्थिति, आर्थिक गतिविधियों तथा विभिन्न वर्गो से जुड़ी जानकारियां प्राप्त होती है। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर सरकार विकास योजनाओं और नीतियों का निर्धारण करती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार की योजना के अनुसार, आगामी जनगणना पूरी तरह से डिजिटल होगी। पंचायत सचिव इंद्रदेव प्रसाद सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि परबत्ता बीडीओ साहब की अध्यक्षता में बैठकें की गई, जहां गणनाकारों और पर्यवेक्षकों को पंचायतवार जिम्मेदारियां सौंपी गई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि घर घर जाकर सही व सटीक जानकारी संकलित करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। बीएलओ शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने कहा कि जनगणना कार्य को सफल बनाने के लिए अभी से व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार व आमलोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। जनगणना सिर्फ आंकड़ों का संग्रह, बल्कि सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन व विकास की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण आधार है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज अधिकारी संतोष कुमार पंडित, पंचायत सचिव इंद्रदेव प्रसाद सिंह, मोहम्मद अफरोज, प्रधान सहायक राजीव कुमार, बीएलओ शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, नवीन कुमार, रामविनोद साह, उमेश कुमार पंडित,पंकज कुमार, विजय कुमार, आशीष कुमार, पवन कुमार, रतन कुमार, मोहम्मद शमशुल हक, राजकिशोर दास, श्रवण कुमार साह, विद्याभूषण विमल , राकेश रमन,सहित सैकड़ों बीएलओ मौजूद थे।

### बाल संरक्षण इकाई ने आयोजित किया प्रशिक्षण

**चौथम।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन सभा कक्ष में बाल संरक्षण इकाई विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण के दौरान पंचायत सचिव, टोला सेवक, विकास मित्र, बाल विकास परियोजना के आंगनबाड़ी सेविका, अंचल अधीनस्थ कर्मी एवं जीविका से जुड़ी महिलाएं भी इस प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक कुंदन कुमार के द्वारा बाल संरक्षण विषय पर अपने उद्देश्य पूर्ण बातों को रखते हुए बाल विवाह जैसे कुप्रथा पर रोक लगाने तथा इसके कानूनी अधिकार पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए बाल मजदूरी, बाल उत्पीड़न एवं बच्चों के शैक्षणिक धरातल से जोड़ने शहित तमाम मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित कर्मियों के बीच अपनी बातें रखी गई। तथा इसके कानूनी अधिकारों के संबंध में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। ताकि क्षेत्र में बच्चों के साथ होने वाले अन्याय के प्रति सामाजिक प्रबंध को मजबूत किया जाए एवं अन्यथा की स्थिति में कानूनी प्रावधान के तहत भी इसके विकल्प को रखने का प्रयास किये जाने की बात कही। वही इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार,पंचायती राज पदाधिकारी प्रमथ मयंक, कल्याण पदाधिकारी नितेश कुमार, प्रखंड प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी मनोज श्रीवास्तव, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के अलावा क्षेत्रीय अलग-अलग विभागों के सभी कर्मी मौजूद रहे।

# जिला परिषद की संपत्ति भू-माफिया हड़प नहीं सकता

**जिला परिषद अध्यक्ष ने दी चेतावनी**

**जिला परिषद की जमीन पर बनायी जा रही सब्जी और फल बिक्रेताओं की स्थायी दुकान**



जिप अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव।

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला परिषद अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव ने बताया कि खगड़िया जिला परिषद की चल अचल किसी प्रकार की संपत्ति भू-माफिया मेरे रहते हड़प नहीं सकता।

उन्होंने बताया कि भू-माफिया का गिद्ध दृष्टि जिला परिषद की भूमि पर वर्षों से है जिसे हड़पना भू-माफिया के लिए मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। इसी कारण वैसे तथाकथित लोग अपने प्यादा को आगे कर छुपकर अपनी रोटी सेंक रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजेंद्र चौक स्थित जिला परिषद की जमीन पर ढलाई और उस पर अस्थाई शेड निर्माण कर आय का श्रोत बढ़ाने के नीयत से कार्य करवाया जा रहा है। बताते चलें कि उक्त जमीन पर वर्ष 2015 से फुटकर दुकानदारों को मासिक किराया पर पर्चा निर्गत है। उनकी सुविधा और सुंदरता के लिए ढलाई और शेड निर्माण कर जिला परिषद का बोर्ड लगाने का निर्णय लिया गया है ताकि सम्पत्ति हड़पने से बचाया जा सके। इससे माफिया की बेचैनी बढ़ गयी है और इसमें बाधा डाला जा रहा है। ताकि जमीन खाली रह सके और भविष्य में इसे हड़पा जा सके। लेकिन मेरे रहते माफिया के मंसूबों पर पानी फिर जाएगा।

इस बाबत जिला परिषद कार्यालय अपने कार्यालय आदेश ज्ञापांक 177 दिनांक 18.3.2026 के द्वारा 7 सदस्यीय कमिटी के द्वारा अपनी जमीन की मापी करने का आदेश दिया है। इससे संपूर्ण हाजीपुर मौजा के राजेंद्र चौक स्थित भूखंड का सीमांकन हो सके। इसके बाद जिला प्रशासन को भूखंड अतिक्रमण मुक्त करने का अनुरोध किया जायेगा ताकि उक्त जमीन पर शहर के सब्जी फल विक्रेताओं को किराया पर आवंटन कर शहर को जाम मुक्त कराया जा सके। इससे सब्जी फल विक्रेता भय और शोषण मुक्त हो सकेंगे। स्टेशन रोड में अतिक्रमणमुक्त और फिर छूट देने के खेल पर सदा के लिए विराम लग सके। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि नगर प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाया जाता है और बाद में निजी हित साधकर छूट दी जाती है। इसे बंद कराऊंगी।

## पुस्तकालय केवल किताबों का संग्रह नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा दिखाने का सशक्त माध्यम

**सुंदरी गंगाधर युवा सार्वजनिक पुस्तकालय का सदर विधायक ने किया उद्घाटन, भवन निर्माण का दिया आश्वासन**

**खगड़िया (एनएसबी)।** नगर परिषद क्षेत्र के चन्द्रनगर रांको स्थित सुंदरी गंगाधर युवा सार्वजनिक पुस्तकालय का सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में शिक्षा और समाज के विकास में पुस्तकालय की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

मौके पर सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि वे खगड़िया की मिट्टी से जुड़े हुए व्यक्ति हैं और यहां की सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों से उनका गहरा लगाव रहा है। सुंदरी गंगाधर युवा सार्वजनिक पुस्तकालय का इतिहास काफी पुराना और प्रेरणादायक है, जिसने वर्षों से क्षेत्र के लोगों को ज्ञान की रोशनी दी है। विधायक ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इस पुस्तकालय की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां वर्षों से गांव के बच्चों को मुफ्त में शिक्षा दी जा रही है। आज के समय में जब शिक्षा महंगी होती जा रही है, ऐसे में इस तरह की पहल समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। यह न केवल बच्चों को शिक्षित कर रही है, बल्कि समाज में जागरूकता और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा दे रही है। सदर विधायक ने कहा कि पुस्तकालय केवल किताबों का संग्रह नहीं होता, बल्कि यह समाज को सही दिशा दिखाने का सशक्त माध्यम है। यहां से निकलने वाले युवा न सिर्फ अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं, बल्कि समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। शिक्षा के माध्यम से ही किसी भी समाज का समग्र विकास संभव है और इस दिशा में यह पुस्तकालय अहम भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक से पुस्तकालय के लिए स्थायी भवन निर्माण की मांग रखी। इस पर विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि वे स्वयं भी इस पुस्तकालय के भवन निर्माण को लेकर गंभीर हैं और इसे प्राथमिकता के तौर पर जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक सुसज्जित और व्यवस्थित भवन बनने से यहां पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर वातावरण मिलेगा और पुस्तकालय की गतिविधियां और भी प्रभावी होंगी।

## खेलने के दौरान बालक लापता परिवार में मचा कोहराम

**बच्चे के पिता ने लगाया अपहरण का आरोप**

**बेलदौर (एनएसबी)।** 13 वर्षीय किशोर का पूर्व दुश्मनी के कारण अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले को लेकर बेलदौर थाना क्षेत्र के सकरोहर गांव निवासी कमल किशोर मालाकार के 45 वर्षीय पत्नी अनुज देवी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत किया है।

आवेदन में वर्णित है कि बीते गुरुवार को करीब 9 बजे दिन में मेरा नाबालिक पुत्र 13 वर्षीय हिमांशु कुमार अपने विद्यालय परीक्षा देने गया था, लेकिन परीक्षा खत्म हो चुका तो 9:30 बजे अपना घर वापस लौट गए और अपने दरवाजे पर लट्टू नचा कर खेल रहे थे। इसी दौरान मेरा पुत्र गायब हो गया। मुझे शक है कि गांव के ही उमेश मंडल के 26 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार, मनोज मंडल के 25 वर्षीय पुत्र इंदल कुमार समेत पांच व्यक्ति पुरानी दुश्मनी के कारण मेरे पुत्र को खेलने के क्रम में गायब कर दिया, कहीं मेरा पुत्र की हत्या ना हो जाए। जिस कारण पीड़ित महिला अपने पति के साथ कभी थाना का चक्कर लगाती है, कभी अपने पुत्र को खोजने के लिए चले जाते हैं। वहीं बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार मामले की गंभीरता से लेते हुए सन्हा दर्ज कर लिया है। पुलिस के द्वारा लड़का को खोजबीन किया जा रहा है।

## जनता की समस्याओं का समाधान पहली प्राथमिकता : बबलू

**जिला जदयू कार्यालय में जनता दरबार आयोजित**

**विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं**

**अधिकारियों को दिए समाधान करने के निर्देश**




जनता दरबार में मौजूद सदर विधायक बबलू कुमार मंडल और अन्य।

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला मुख्यालय के कचहरी रोड स्थित जदयू विधायक कार्यालय में शुक्रवार को सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने जनता दरबार का आयोजन कर आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न इलाकों आवास बोर्ड, माड़र, रसौंक, भदास, लाभगांव एवं दुर्गापुर रविदास टोला से आए दर्जनों पीड़ितों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं।

जनता दरबार में पहुंचे लोगों को न सिर्फ सुना गया, बल्कि उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। कई मामलों में मौके पर ही पहल कर समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई गई, जिससे लोगों में संतोष और भरोसा देखने को मिला। विधायक बबलू कुमार मंडल ने इस अवसर पर कहा कि मैं जनता का सेवक हूं और उनकी समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र के हर व्यक्ति को न्याय और सुविधा दिलाना मेरा कर्तव्य है, जिसे मैं पूरी निष्ठा से निभा रहा हूं।

कार्यक्रम के दौरान जदयू के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव उमेश सिंह पटेल, जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, कोषाध्यक्ष संदीप केडिया, महासचिव फिरदोस आलम, पंकज चौधरी, छात्र जिला अध्यक्ष सिद्धांत सिंह छोटू,सदर प्रखंड अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह, धर्मेंद्र महतो, संतोष कुमार साह सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने जनता की समस्याओं को सुनने और समाधान प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दिया।जनता दरबार के इस आयोजन ने एक बार फिर यह साबित किया कि जनप्रतिनिधि अगर संवेदनशील और सक्रिय हों, तो आम जनता की आवाज सीधे सत्ता तक पहुंच सकती है।

## महद्दीपुर में कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन

**युवाओं को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण**



**पसराहा (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के महद्दीपुर दुर्गा मंदिर के समीप शुक्रवार को कुशल युवा कार्यक्रम के तहत कौशल विकास केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। बिहार राज्य कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित यह केंद्र स्थानीय युवाओं को आधुनिक समय की मांग के अनुरूप आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमएस रूपाली इंटरप्राइजेज, पटना द्वारा संचालित इस केंद्र के समन्वयक सौरव कुमार सुमन ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन छात्र-छात्राओं के लिए है जिन्होंने 10वीं या 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को मुख्य रूप से संवाद कौशल बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान और व्यवहार कौशलमें पारंगत किया जाएगा।

प्रशिक्षण की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क और अत्याधुनिक ई-लर्निंग पद्धति पर आधारित है, जहाँ विद्यार्थी अपनी सीखने की क्षमता के अनुसार प्रगति कर सकते हैं। कुशल प्रशिक्षकों की देखरेख में यहाँ भाषा सुधार, आत्मविश्वास वृद्धि और पेशेवर व्यवहार की बारीकियां सिखाई जाएंगी, जिससे युवाओं के लिए सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उद्घाटन के इस अवसर पर भागलपुर कौशल विकास केंद्र के समन्वयक पवन कुमार, पसराहा थाना के पदाधिकारी बागेश्वर तिवारी, शिवशंकर सिंह, पूर्णेंदु कुमार, राकेश कुमार, निलेश कुमार और दीपिका कुमारी सहित दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## मखाना विकास योजना के तहत किसानों को मिला प्रशिक्षण




प्रशिक्षण सह परिभ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

**मखाना की खेती के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से दी गई जानकारी**

**पसराहा (एनएसबी)।** कृषि विभाग एवं उद्यान निदेशालय के तत्वावधान में मखाना विकास योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण मखाना प्रशिक्षण सह परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, परमानंदपुर में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण) मुरारी कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी अभय कुमार मंडल, वरीय वैज्ञानिक ड़ एन. के़ सिंह, गोगरी के डीएचओ पंकज कुमार, बेलदौर की डीएचओ भावना भूषण, मानसी के डीएचओ राजरंजन पांडे और केवीके वैज्ञानिक अंजलि प्रकाश ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित किसानों को मखाना की खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। वैज्ञानिक अंजलि प्रकाश ने मखाना के बीज चयन से लेकर उसकी कटाई और प्रसंस्करण यानी फोरी (लावा) बनाने तक की पूरी तकनीक पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार किसान तालाबों के साथ-साथ अब खेतों में भी सफलतापूर्वक मखाना उगाकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक निदेशक मुरारी कुमार ने खेती के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मखाना की कटाई के समय किसानों और मजदूरों को अत्यधिक शारीरिक कष्ट उठाना पड़ता है और उनके हाथ घायल हो जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए उन्नत हार्वेस्टर यंत्र तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द ही किसानों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। किसान इस यंत्र को व्यक्तिगत तौर पर या किसान समूहों के माध्यम से सरकारी सब्सिडी पर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मखाना फोरी बनाने के आधुनिक यंत्र अब बाजार में उपलब्ध हो चुके हैं। इस अवसर पर गोगरी, मानसी और बेलदौर प्रखंड के दर्जनों जागरूक किसान उपस्थित रहे, जिन्होंने आधुनिक तकनीक को अपनाने का संकल्प लिया।

## नौ दिवसीय श्री राम भागवत कथा का शुभारंभ



**रामनवमी के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही नौ दिवसीय श्रीराम भागवत कथा**

**पसराहा (एनएसबी)।** थाना अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय के प्रांगण में नौ दिवसीय श्री राम भागवत कथा का अत्यंत भक्तिमय और भव्य आयोजन शुरू हो गया है। इस पावन धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि और उपसरपंच प्रतिनिधि अंशु भारती द्वारा फीता काटकर किया गया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अंशु भारती ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन दर्शन पर आधारित यह कथा रामनवमी के पावन उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। यह आध्यात्मिक यात्रा चैत्र नवरात्रि की पहली पूजा से प्रारंभ होकर रामनवमी के दिन तक अनवरत रूप से चलेगी, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा और भक्ति का संचार होगा। इस कथा महोत्सव के केंद्र में अयोध्या से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री राम जी महाराज हैं, जिनके सानिध्य में रामरतन बाबा, विष्णु बाबा, सुनील भैरव बाबा, मृत्युंजय बाबा, गुड्डू बाबा, विभीषण बाबा, रितेश बाबा, दुखभंजन बाबा, मंटू बाबा, संतोष बाबा, काशी बाबा और मनखुश बाबा जैसे महान संतों की टोली द्वारा प्रवचन की अमृत गंगा प्रवाहित की जा रही है। आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों का समर्पण सराहनीय है, जिसमें सचिन कुमार, वशिष्ठ कुमार विमल, ड़ नंदकिशोर कुमार, ड़ पोरस सिंह, शंभू वर्मा, ड़ रमन कुमार और झालेंद्र सिंह जैसे प्रबुद्ध नागरिक रात-दिन एक कर रहे हैं। इस आयोजन ने पूरे पसराहा क्षेत्र को श्रद्धा और आध्यात्मिकता के रंग में सराबोर कर दिया है।

# पच्चीस सूत्री मांगों को लेकर भाकपा ने किया प्रदर्शन



प्रदर्शन में शामिल भाकपा के नेता और कार्यकर्ता।

**केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को किसान, मजदूर, छात्र और नौजवान विरोधी बताया**

**चौथम (एनएसबी)।** भाकपा की ओर से बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बासगीत पर्चा, केंद्र एवं राज्य सरकार के किसान मजदूर छात्र नौजवान विरोधी नीतियों के खिलाफ आम जनता के कुछ ज्वलंत सवालों को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी के भारतीय अंचल परिषद चौथम के द्वारा अंचल कार्यालय पर एक दिवसीय आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान कम्युनिस्ट पार्टी के क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं द्वारा करूवा मोर चौक से कार्यकर्ताओं द्वारा लाल झंडा हाथों में पोस्टर बैनर आदि लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारा लगाते हुए अंचल कार्यालय पहुंचे तथा प्रदर्शन करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। जबकि मौके पर विभिन्न वक्ताआओं के द्वारा राज्य में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, क्षेत्र में बसे भूमिहीन परिवारों को बासगीत पर्चा, वृद्धावस्था पेंशन में बढ़ोत्तरी, नावादा घाट पुल का जल्द से जल्द निर्माण, बाल विकास परियोजना में व्याप्त भ्रष्टाचार, दाखिल खारिज परिमार्जन आदि में भ्रष्टाचार, मनरेगा के तहत आने वाले मजदूरों को 600 रुपया के प्रतिदिन की मजदूरी लागू करने, आंगनबाड़ी सेविक, आशा, ममता, रसोईया के मानदेय में वृद्धि सहित सरकारी कर्मचारी की घोषणा जैसे तमाम विषयों पर प्रकाश डालते हुए अपनी-अपनी बातें रखी। इस दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य मंत्री प्रभाकर कुमार सिंह के द्वारा, अंचल मंत्री अनिल कुमार को झूठे केश में फसाने के खिलाफ आक्रोश जताते हुए इस विषय पर जांच की मांग की गई। तथा गरीबों के प्रति महंगाई के प्रति सरकार के ढुलमुल रवैया पर सवाल उठाते हुए राज्य एवं केंद्र सरकार को जमकर कोसा गया। लगभग 2 से 3 घंटे तक चले यह धरना प्रदर्शन के उपरांत अपनी एक मांग पत्र भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बीडीओ को सौपा गया। जिसके उपरांत धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम समाप्त की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल मंत्री अनिल कुमार के द्वारा की गई जबकि मौके पर वक्ता के रूप में पुनीत मुखिया, योगेंद्र शर्मा,चंद्रभूषण, चंद्रदेव शर्मा, महेंद्र महेश, जगवाली चौधरी तथा कम्युनिस्ट पार्टी के जुझारू नेता नीलू कुमारी आदि मौजूद रही। मौके पर सैकड़ो की संख्या में कम्युनिस्ट पार्टी समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें : एक नजर में

### पुरानी विवाद में जमकर मारपीट, पिता, पुत्र, पत्नी घायल

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर थाना क्षेत्र के फुलका गांव में बाइक हटाने सहित पुरानी विवाद में भाई के परिवार सदस्यों के बीच जमकर मारपीट की घटना हुई। इस मारपीट में पिता, पुत्र और पत्नी तीनों बुरी तरह घायल हो गए। तीनों का लोहे का रड के जानलेवा प्रहार से सिर फट गया। घटना के बाद लहुलुहान स्थिति में तीनों जमालपुर थाना पहुंचे और पुलिस ने सर्वप्रथम तीनों को पीएचसी जमालपुर में इलाज के लिए भेजा। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। पीड़ित स्व. जगत किशोर यादव का पुत्र सत्यानंद भारती ने बताया कि की सुबह करीब 11 बजे अपने घर के गली में बाइक से मेरा पुत्र नीतीश कुमार बाजार जाने के लिए कोशिश कर रहा था, तभी अचानक पड़ोसी भाई शिवनंद भारती, लव कुमार, कुश कुमार आ धमका और गाली-गलोज करने लगा। मेरे साथ मेरा पुत्र अंशु कुमार और मेरी पत्नी सोनी देवी जब समझानेबुझाने और झगड़ा शांत करने की कोशिश की, तो लव कुमार ने रड से मेरे सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे मेरा सिफर फट गया। वहीं अंशु कुमार को कुश कुमार ने और रूबी देवी ने मेरे पुत्र पर प्रहार किया, जबकि मेरी पत्नी सोनी देवी पर शिवानंद भारती ने रड से प्रहार कर घायल कर दिया। इसके बाद लाठी से भी मार-मार कर जमीन पर अधमरा कर दिया। इसबीच पत्नी के गले में सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। चिख-चिल्लाहट पर लोग दौड़े और बीच बचाव के दौरान घायल अवस्था में थाना लाया गया है। इधर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि मारपीट मामले को लेकर आवेदन मिला है प्राथमिक की दर्ज करते हुए करवाई की जा रही है।

### छात्राओं को महिला अपराध के प्रति किया जागरूक

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** शहर शहर के एनसी घोष बालिका उच्च विद्यालय में महिला अपराध एवं सोशल मीडिया से दूरी बनाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया। छात्राओं को जागरूक करते हुए महिला थाना अध्यक्ष कीर्ति कुमारी ने बताई कि छात्राओं को जब भी लगे कि मेरे साथ कुछ गलत होने वाला है और ऐसा आप महसूस कर रहे हो तो तुरंत इसका विरोध करते हुए पुलिस को सूचना दें। गलत करने वालों का शुरू में प्रतिकार करें। इससे उसका मनोबल नहीं बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों को लेकर पुलिस बहुत ही


छात्राओं को जागरूक करती पुलिस।

संवेदनशील है। कानून में इन अपराधों को लेकर कठोर नियम व सजा का प्रावधान है, इसलिए अपने भविष्य को सुरक्षित रखते हुए इनसे बचें व अन्य लोगों को भी इस प्रकार के अपराधों से बचाएं। वहीं थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने कहा पुलिस सदैव सुरक्षा के लिए तत्पर है, इसलिए किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना पुलिस को बिना किसी देरी व बिना किसी झिझक के अवश्य दें। समाज सुरक्षा में पुलिस का योगदान दें। अपराधों को लेकर सदैव सतर्क रहें। किसी भी प्रकार के लोभ व लालच में न आएं। मौके पर प्रधानाध्यापिका बिना कुमारी,कंचन यादव, कंचन कुमारी सहित दर्जनों छात्रा मौजूद थी।

### लखीसराय में शराबबंदी कानून के तहत बड़ी कार्रवाई, छापेमारी में 14 पियक्कड़ गिरफ्तार

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से मद्यनिषेध थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 19 मार्च 2026 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई इस कार्रवाई के दौरान कुल 14 लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा जारी प्रतिवेदन के अनुसार, खगौर, बाजार समिति और बड़हिया जैसे इलाकों में सघन तलाशी ली गई। पहली कार्रवाई किऊल थाना क्षेत्र के खगौर गांव में हुई, जहाँ से सात लोगों को नशे की हालत में पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्तियों में मो़ साहेब (दूसरी बार), चन्दन कुमार, शंकर कुमार, अमरजीत कुमार, अमन कुमार, अजय कुमार और रवि पासवान शामिल हैं। इनमें रवि पासवान मूल रूप से झारखंड का रहने वाला है। इसके बाद कवैया थाना क्षेत्र के बाजार समिति इलाके में छापेमारी कर अजय साव, अजय कुमार मांझी और रोहन मिस्त्री को गिरफ्तार किया गया। वहीं, बड़हिया थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से फशन चौधरी, अमित कुमार, जोगी महतो और संजय राम को शराब के नशे में पाए जाने पर हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बताया कि सभी अभियुक्तों के विरुद्ध मद्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### बिहार गौरव क्विज में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम, 202 प्रतिभागियों ने ओएमआर शीट पर दी परीक्षा

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित गांधी मैदान के खेल भवन में बिहार गौरव क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालयों के कुल 202 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागी दो-दो के समूह में कुल 101 टीमों के रूप में शामिल हुए। जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र द्वारा नामित नोडल शिक्षक पीयूष कुमार झा की देखरेख में आयोजित इस परीक्षा में छात्रों ने बिहार के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और सामान्य ज्ञान से संबंधित 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर ओएमआर शीट पर दर्ज किए। प्रतियोगिता में विद्या भवन बालिका विद्यापीठ, डीएवी पब्लिक स्कूल, उच्च विद्यालय रेउटा गोपालपुर, मध्य विद्यालय वलीपुर, उमवि गोविन्द बीघा, स्काई विजन पब्लिक स्कूल, उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़ी विशनपुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलौरी सहित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहाड़पुर, रामनगर एवं कजरा के छात्र-छात्राओं ने अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रश्नपत्र में बिहार पृथ्वी दिवस, राजकीय पक्षी, राजकीय मछली, बिहार गीत के लेखक और प्रदेश में स्थापित होने वाले पहले बैंक जैसे रोचक और महत्वपूर्ण सवाल पूछे गए थे। इसके अलावा विष्णुपद मंदिर की स्थिति, पितृपक्ष मेला, राष्ट्रीय मेधा दिवस और मुख्यमंत्री की वर्तमान यात्रा से जुड़े समसामयिक प्रश्नों के जरिए छात्रों की जानकारी को परखा गया। शिक्षक पीयूष कुमार झा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का परिणाम आगामी रविवार को शबिहार दिवसश के अवसर पर घोषित किया जाएगा।

## चैत की ओलावृष्टि : अन्नदाता पर कुदरत का वज्रपात, खेतों में दफन हुए किसानों के अरमान

**लखीसराय (एनएसबी)।** चैत का महीना, जो कभी सुनहरी फसलों की कटाई और खलिहानों की रौनक का प्रतीक हुआ करता था, इस साल किसानों के लिए किसी काल से कम साबित नहीं हो रहा है।

अचानक हुई भीषण ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश ने ग्रामीण जीवन पर ऐसा वज्रपात किया है कि किसान संभल भी नहीं पाए। खेतों में खड़ी फसलें, जो बस कटने ही वाली थीं, अब मलबे के ढेर में तब्दील हो चुकी हैं। कटनी और मलनी की तैयारी में जुटे किसानों के माथे पर अब चिंता की गहरी लकीरें हैं, क्योंकि उनकी साल भर की मेहनत आंखों के सामने मिट्टी में मिल गई है।

आज किसान को चारों ओर से मार झेलनी पड़ रही है। एक तरफ प्रकृति का मिजाज साल-दर-साल और भी क्रूर होता जा रहा है, जहाँ बढ़ता प्रदूषण अब प्रलय जैसा प्रतीत होने लगा है।

इस बेमौसम मार ने गेहूं, मकई, चना, मटर और टमाटर जैसी फसलों को कहीं का नहीं छोड़ा है। जो फसलें कुछ ही दिनों में घर आने वाली थीं, वे अब खराब होने के कगार पर पहुंच गई हैं। मकई के दाने झड़ गए हैं और गेहूं की बालियां खेतों में ही बिछ गई हैं, जिससे पैदावार और गुणवत्ता दोनों का भारी नुकसान हुआ है।

दुख की बात यह है कि किसान केवल कुदरत की मार से ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक तंत्र की बेरुखी से भी आहत है। सरकारी स्तर पर मिलने वाली क्षतिपूर्ति और मुआवजे में होने वाला भेदभाव किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। एक ओर जहाँ प्रति उनकी कमर तोड़ रही है, वहीं दूसरी ओर सिस्टम की जटिलताएं और पक्षपातपूर्ण रवैया उन्हें और अधिक बेबस बना देता है।

आज अन्नदाता दोहरी मार झेल रहा हैएक तरफ आसमान से बरसते पत्थर हैं और दूसरी तरफ भ्रष्टाचार व भेदभाव की व्यवस्था। यदि समय रहते इन किसानों को सही मुआवजा और संबल नहीं मिला, तो यह बेमौसम बारिश न केवल उनकी फसलों को, बल्कि उनके जीवन के आधार को भी पूरी तरह उजाड़ देगी।

## भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए बैठक आयोजित

**लखीसराय (एनएसबी)।** शुक्रवार को जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के निवारण हेतु जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई।


बैठक करते डीएम।

बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार के निर्देशानुसार जिले में सैनिकों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाती हैं, जिनमें सैनिक कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि और सदस्य शामिल होकर समस्याओं का समन्वित समाधान निकालते हैं। लखीसराय में आयोजित यह तीसरी बैठक थी, जिसमें वार मेमोरियल, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, नियुक्ति, सेटलमेंट और विशेष रूप से भूमि संबंधी मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला पदाधिकारी ने बैठक के दौरान कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया और शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अंचलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के कड़े निर्देश दिए।

उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों को समाज का अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बताते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता जिले के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। राष्ट्र सेवा के बाद भी उनका अनुभव और मार्गदर्शन समाज के लिए अत्यंत उपयोगी है।

इस महत्वपूर्ण बैठक में उपाध्यक्ष डा मेजर चंद्र मोहन प्रसाद, सदस्य सचिव कर्नल मनोज कुमार, भूतपूर्व नायक पंकज कुमार, स्थापना उप समाहर्ता शशि कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं भूतपूर्व सैनिकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एजुकेट गर्ल्स ने मुंगेर में 200 से अधिक प्रगति शिक्षार्थियों के दीक्षांत समारोह के साथ अपना 18वाँ स्थापना दिवस मनाया

**मुंगेर (एनएसबी)।** एजुकेट गर्ल्स ने बिहार के मुंगेर में 200 से अधिक प्रगति शिक्षार्थियों (प्रेरकों) के दीक्षांत समारोह के साथ अपना 18वाँ स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में समुदाय के सदस्य, सरकारी अधिकारी और शिक्षा के समर्थक एकत्र हुए, ताकि बालिका शिक्षा और सामूहिक प्रयास की परिवर्तनकारी शक्ति को सम्मानित किया जा सके। समारोह में भीमबांध सहित कुछ सबसे वंचित और नक्सल-प्रभावित क्षेत्रों के शिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अपनी शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की। प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि, जिला मजिस्ट्रेट निखिल धनराज निप्पाणिकार (आईएएस) की उपस्थिति में, सीईओ गायत्री नायर लोबो और निदेशक संचालन, विक्रम सिंह सोलंकी द्वारा प्रदान किए गए।



दीक्षांत समारोह में एजुकेट गर्ल्स।

संबोधित करते हुए, जिला मजिस्ट्रेट निखिल धनराज निप्पाणिकार (आईएएस) ने दीर्घकालिक विकास को आगे बढ़ाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एजुकेट गर्ल्स जैसी पहलें दूरस्थ क्षेत्रों में नामांकन और सीखने के परिणामों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आगे प्रशासन, जीविका, शिक्षा विभाग और नागरिक समाज के बीच सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर लड़की को शिक्षा तक पहुँच मिले।एजुकेट गर्ल्स की सीईओ गायत्री नायर लोबो ने कहा, शिक्षा जीवन और समुदायों को बदलने की सबसे शक्तिशाली ताकत है।

उन्होंने बिहार बोर्ड आफ ओपन स्कूलिंग एंड एग्जामिनेशन के माध्यम से कक्षा 10 की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले सभी शिक्षार्थियों को भी बधाई दी। कार्यक्रम दृढ़ता और संकल्प की प्रेरणादायक कहानियों से भरपूर रहा।

18 वर्षीय लर्नर्स साब्या परवीन ने विवाह और मातृत्व के बाद भी अपनी माध्यमिक शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की। अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि एजुकेट गर्ल्स के सहयोग ने उन्हें अपनी शिक्षा जारी रखने और आगे बढ़ने का आत्मविश्वास दिया।

रीना कुमारी, जो एजुकेट गर्ल्स से जुड़ी एक सामुदायिक मेंटर (प्रेरक) हैं, एक सामुदायिक नेता के रूप में उभरी हैं, जो स्कूल से बाहर लड़कियों को जोड़ने और उन्हें पुनः शिक्षा में लाने में सहयोग कर रही हैं। जिला मजिस्ट्रेट निप्पाणिकार ने कठिन पहुँच वाले क्षेत्रों में जागरूकता और नामांकन बढ़ाने के लिए एजुकेट गर्ल्स के निरंतर प्रयासों की सराहना की और इन पहलों को सुढ़ करने के लिए प्रशासनिक सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया।

## लखीसराय केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया का एलान 20 मार्च से कक्षा प्रथम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**लखीसराय (एनएसबी)।** स्थानीय केन्द्रीय विद्यालय लखीसराय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन की अधिसूचना जारी कर दी है। विद्यालय के मुख्य द्वार पर चस्पा की गई सूचना के अनुसार, नए सत्र में दाखिले की प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है, जिसमें कक्षा प्रथम से लेकर अन्य वरिष्ठ कक्षाओं (कक्षा 11 को छोड़कर) के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

आनलाइन पोर्टल पर करें कक्षा 1 के लिए आवेदन। विद्यालय प्रशासन के मुताबिक, कक्षा प्रथम के लिए पंजीकरण पूरी तरह डिजिटल माध्यम से होगा। इसके लिए अभिभावकों को केवीएस के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर फर्म भरना होगा।

पंजीकरण की कड़ी 20 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे से खुल गई है, जो आगामी 2 अप्रैल 2026 तक सक्रिय रहेगी। पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद, 9 अप्रैल 2026 को नामांकन हेतु लटरी निकाली जाएगी। सीटें खाली होने पर अन्य कक्षाओं में मिलेगा मौका कक्षा द्वितीय और उससे ऊपर की कक्षाओं (कक्षा 11 को छोड़कर) के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया अफलाइन रखी गई है।

अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि इन कक्षाओं में नामांकन केवल तभी संभव होगा जब संबंधित कक्षा में रिक्तियां (सीटें) उपलब्ध होंगी। इसके लिए आवेदन फर्म 2 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 के बीच विद्यालय परिसर में जमा किए जा सकेंगे। प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित इस सूचना में अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे केवल कार्य दिवसों में ही विद्यालय पहुंचकर अफलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें। इस घोषणा के साथ ही क्षेत्र के अभिभावकों में अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए नामांकन को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

## किऊल स्टेशन पर आरपीएफ ने दो चोरी के मोबाइल के साथ एक युवक को दबोचा

**लखीसराय (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल अंतर्गत किऊल आरपीएफ ने ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए प्लेटफार्म संख्या 3 से एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से चोरी के दो कीमती मोबाइल बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 45,000 रुपए बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को निरीक्षक प्रभारी प्रशांत कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक प्रशांत कुमार और आरक्षी विवेक कुमार स्टेशन पर यात्री सामानों की चोरी की रोकथाम हेतु गश्त कर रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे जमालपुर साइड स्थित फुट ओवर ब्रिज के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता नजर आया। संदेह होने पर जब टीम ने उसे रोककर पूछताछ की, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और न ही यात्रा संबंधी कोई टिकट दिखा पाया। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए, जिन्हें उसने यात्रियों से चोरी करने की बात स्वीकार की। आरपीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोपहर 12:10 बजे जब्ती सूची तैयार कर मोबाइलों को जब्त कर लिया और 12: 15 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार युवक की पहचान पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले के जमुरिया थाना अंतर्गत निघा कोइलवड़ी निवासी सुमित पासवान (20 वर्ष), पिता उपेंद्र पासवान के रूप में हुई है। इस मामले में सअनि प्रशांत कुमार के लिखित शिकायत के आधार पर किऊल जीआरपी में कांड दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आरपीएफ अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा और उनके सामान की हिफाजत के लिए इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## जमालपुर में गैस की कालाबाजारी के विरोध में सड़क पर उतरेंगे जनप्रतिनिधि

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** गैस की कालाबाजारी के रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी के लाख प्रयास के बावजूद जमालपुर में गैस की कालाबाजारी शुरू हो गया है। गैस की कालाबाजारी होने से जनता व जनप्रतिनिधि परेशान है। गैस के निर्धारित मूल्य से 400 से 500 गैस एजेंसी के द्वारा लिए जाने पर जनता जनप्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक केशोपुर जमालपुर में हुई।

अध्यक्षता करते हुए वार्ड पार्षद राकेश तिवारी ने कहा कि गैस एजेंसी के द्वारा शहर में गैस की कालाबाजारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशियाई देश में युद्ध होने के बावजूद भारत में गैस की कालाबाजारी को रोकने को लेकर सरकार गंभीर है और मुंगेर में जिलाधिकारी भी। इसके बावजूद खुले रूप से गैस एजेंसी एवं उनके वेंडर के द्वारा होम डिलीवरी करने पर जो शुल्क माफ होता है उसे माफ नहीं किया जा रहा है और बाजार में 1300 से 1500 सौ रुपए में गैस की कालाबाजारी कर रहे हैं। सरकार एवं प्रशासन को बदनाम करने वाले ऐसे गैस एजेंसी मलिक के खिलाफ अभिलंब कार्रवाई किया जाना चाहिए नहीं तो जनता


गैस कालाबाजारी को लेकर बैठक करते जनप्रतिनिधि।

किसी भी वक्त सड़क पर उतर सकती है।

बैठक में पूर्व पार्षद गौतम आजाद, प्रतिनिधि दीपक कुमार, प्रतिनिधि दिलीप,हीरालाल मंडल, रमेश केसरी, कारू,नवल सहित कई मौजूद थे।

इधर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मितेश कुमार ने बताया गैस की कालाबाजारी होने की सूचना अगर कोई लाभुक के द्वारा या जनता के द्वारा दी जाती है तो उसे पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। बरहाल जनता जनप्रतिनिधि की बैठक गैस की कालाबाजारी को लेकर हो रही है इसकी जानकारी तो नहीं है पर कालाबाजारी की शिकायत सही मिली तो निश्चित रूप से एजेंसी मालिक पर कार्रवाई होगी।

## खबरें : एक नजर में

### वर्दी की गरिमा को बरकरार रखने के लिए जनता का विश्वास जीतना जरूरी : सीडीपीओ

#### सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय का एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय जमालपुर का निरीक्षण करने शुक्रवार को एसडीपीओ अभिषेक आनंद कार्यालय पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ने पहले सर्कल के तमाम थाना के फाइलों का अवलोकन कर उनकी समीक्षा किए। उसके बाद संबंधित थाना के लंबित कांडों के निष्पादन को लेकर इंस्पेक्टर एसएन मंडल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस निरीक्षक कार्यालय से संबंधित सभी तरह के मामले का निष्पादन मैं तेजी लाने की बात कही। जबकि कार्यालय के सभी रिकर्ड के अलावे साफ सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए


इंस्पेक्टर कार्यालय में फाइल का अवलोकन करते एसडीपीओ।

अनुशासन बनाए रखने की बात कही। एसडीपीओ ने यह भी कहा कि आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर तुरुत कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए थाना आने वाले लोगों के के साथ अच्छा संवाद स्थापित कर उनके भरोसे को जीतने का हमेशा सकारात्मक प्रयास होना चाहिए जिससे कि वर्दी की गरिमा बनी रहे। वहीं क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिए। मौके पर कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### रेल महाप्रबंधक के हाथों जमालपुर कारखाना के पांच एसएससी को मिला रेल सेवा पुरस्कार

#### विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से नवाजे गए जमालपुर कारखाना के एसएससी, सियालदह में 70 वां रेल सप्ताह समारोह संपन्न

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** पूर्व रेलवे के सियालदह स्थित बीसी राय ऑडिटोरियम में 70वें रेलवे सप्ताह समारोह के तहत महाप्रबंधक मिलिंद देवुस्कर प्रतिष्ठित विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से जमालपुर कारखाने के पांच सीनियर सेक्शन इंजीनियर को पुरस्त किया है। रेलवे में अधिकारी एवं कर्मचारियों को यह सम्मान उनके रेलवे सेवा में उत्कृष्ट समर्पण दक्षता एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है । कड़ी में जमालपुर कारखाने के सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुरेंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार तिवारी, रजनीश कुमार, नवीन कुमार एवं चंद्र देव सोरेन का नाम शामिल है। इधर महाप्रबंधक के हाथों सम्मानित होने पर सभी एसएससी ने अधिकारियों के प्रति आभार जताया है। जबकि प्रबंधक के हाथों सम्मानित होने पर कारखाने के सभी एसएससी को विशेष तौर पर मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल ने भी बधाई दिए हैं। उन्होंने कहा है कि महाप्रबंधक का यह सम्मान रेल कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत रहेगा


महाप्रबंधक के हाथों सम्मानित होते एसएससी सुरेंद्र प्रसाद।

और उनके कामकाज में सेवा समर्पण त्याग एवं ईमानदारी का बोध कराएगा। विदित हो कि महाप्रबंधक के हाथों या सम्मान जमालपुर कारखाना के अलावा 100 से अधिक अधिकारी कर्मचारी को दिया गया।

### वलीपुर मस्जिद में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़, जमालपुर में ईद को लेकर सुरक्षा कड़ी, बाजारों में बढ़ी रौनक

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** रमजान के आखिरी शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा होते ही पूरे शहर में ईद की तैयारियां तेज हो गई। वलीपुर मस्जिद में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने नमाज अदा की, जहां कारी मोहम्मद फैयाज आलम राशिद ने इमामत करते हुए अपनी तकरीर में फितरा और जकात की अहमियत पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि ईद की नमाज से पहले हर मुसलमान के लिए फितरा अदा करना जरूरी है, ताकि समाज के गरीब और जरूरतमंद लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि चांद नजर आने से पहले घर में किसी बच्चे का जन्म होता है, तो उसका भी फितरा देना अनिवार्य है।इधर अलविदा की नमाज के बाद शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। कपड़े, टोपी, इत्र,


अलविदा नवाज अदा करते मुसलमान भाई।

सेवइयां और अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग अपने घरों की साफ-सफाई, सजावट और ईद की तैयारियों में जुट गए हैं। चांद का दीदार होते ही उत्साह और बढ़ गया है। ईद की नमाज को लेकर भी सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। वलीपुर मस्जिद और ईह में सुबह 7: 30 बजे नमाज अदा की जाएगी, जिसके लिए कमेटियों द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।वहीं त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि ईद के दिन विशेष टास्क फोर्स तैनात की जाएगी। सभी प्रमुख मस्जिदों, ईहों और मुख्य सड़कों पर पुलिस बल की तैनाती कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बीडीओ, थानाध्यक्ष तथा आपूर्ति पदाधिकारी ने बचन गैस एजेंसी के गोदाम का किया निरीक्षण

**उदवंतनगर (एनएसबी)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी कपूरीं ठाकुर, उदवंतनगर, थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश तथा आपूर्ति पदाधिकारी विश्वजीत ने संयुक्त रूप से वचन इंडियन गैस एजेंसी का उदवंतनगर स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने गैस सिलेंडर के उपलब्ध स्टाक, वितरण व्यवस्था एवं लाभुकों को समय पर गैस उपलब्ध कराने की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने संबंधित एजेंसी संचालक को निर्देश दिया कि आम लोगों को गैस की निर्बाध एवं सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वितरण प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी हो तथा किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बीडीओ ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि उदवंतनगर के गैस एजेंसी में पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध है। अनावश्यक रूप से घबराकर बुकिंग नहीं करें और सामान्य तरीके से ही गैस का उठाव करें ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। बीडीओ के निरीक्षण के समय 319 सिलिंडर लदा ट्रक गैस एजेंसी पहुंचा। गोदाम में कार्यरत धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गैस सिलेंडर का वितरण आवश्यक दिशा-निर्देश के अनुसार किया जा रहा है।

### डीएम ने सुनी जनता की समस्याएं

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी भोजपुर द्वारा ईज ऑफ लिविंग के तहत जनता दरबार आयोजित, 41 आवेदकों की समस्याएँ सुनी गईं। आज दिनांक 20 मार्च 2026 को जिला पदाधिकारी भोजपुर, तनय सुल्तानिया के द्वारा ईज ऑफ लिविंग के तहत जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 41 कुल लोगों की समस्याओं को जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीरता से सुना गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी एवं अविलंब निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

### डीएम ने 14 द्वितीय अपील मामलों की सुनवाई

**आरा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी ने तनय सुल्तानिया के द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील में कुल 14 अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इनमें मुख्यतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ऊर्जा विभाग, पंचायती राज विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। जिनमें से कुल 07 मामले को निष्पादित किया गया। सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लंबित मामलों का शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

### रास्ते अलग-अलग, मंजिल तो एक है : डॉ. केएन सिन्हा

**आरा (एनएसबी)।** शहर के रमना पकड़ी रोड स्थित आनंद हॉस्पिटल में भोजपुर जिला शतरंज समिति के सचिव मोहम्मद सैफ के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन



किया गया, जिसका उद्घाटन फिजिशियन एवं पूर्व अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. के. एन. सिन्हा ने किया। मौके पर डॉ. सिन्हा ने कहा कि इफ्तार पार्टी इबादत एवं सौहार्द मिलन की पार्टी है। रास्ते अलग-अलग है। मंजिल सभी की एक है। सभी धर्म संप्रदाय के लोग मिलकर देश के प्रगति, उन्नति एवं अमन-चैन के लिए दुआ करें। इस पार्टी में हर धर्म संप्रदाय के सैकड़ो लोगों ने शिरकत किए। इफ्तार पार्टी में शामिल लोगों में डॉ. ए. अहमद, जय प्रकाश नारायण, सरदार गुरु चरण सिंह, रमना मैदान स्थित चर्च के फादर अनिल जीउत, मो.सैफ, मो. फैयाज, प्रसिद्ध गायक मो. मंसूर, समाजसेवी एवं पत्रकार डॉ. दिनेश सिन्हा, विनय सिन्हा, पूर्व पार्षद दिनेश मुन्ना, सत्येंद्र स्नेही, डॉ. सुधीर कुमार सिन्हा, मो. बेलाल, मो. चुनू, मो. समीर, संजय श्रीवास्तव, पत्रकार कंचन सिन्हा, अरुण, डॉ. संदीप सिन्हा, शशि जी, अनिल सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, शशि कांत, राजू कुमार आदि कई थे।

### 9 महीने से मानदेय नहीं मिलने से नाराज आशा कार्यकताओं ने सीएचसी के सामने किया प्रदर्शन

**कोईलवर (एनएसबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में आशा कार्यकताओं ने अपने बकाया मानदेय को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में जुटीं आशा कार्यकताओं ने अस्पताल परिसर में बैठकर स्वास्थ्य विभाग और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रही आशा कार्यकताओं ने बताया कि उनका मानदेय अगस्त 2025 से ही लंबित है। बार-बार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद अब तक भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। उनका कहना है कि पिछले 9 महीनों से मानदेय नहीं मिलने के कारण घर-परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। आशा कार्यकताओं ने स्वास्थ्य प्रबंधक और प्रभारी चिकित्सा प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण मानदेय का आवंटन आने के बावजूद राशि वापस चली गई। इसे उन्होंने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।धरना के दौरान कार्यकताओं में खासा आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बकाया भुगतान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उनकी अन्य मांगों में आशा को सरकारी सेवक घोषित करना, उनके साथ दोहरी नीति बन्द करना, एएनएम और ममता के द्वारा डिलेवरी में पैसों की मांग करना, जन्म प्रमाण पत्र समय पर नहीं मिलना सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

### शांति समिति की बैठक में छठ को लेकर चर्चा

**उदवंतनगर (एनएसबी)।** बीडीओ कपूरीं ठाकुर व थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश की संयुक्त उपस्थिति में शांति समिति की बैठक कराई जिसमें जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित हुए। शांति समिति की बैठक का आयोजन राम नवमी व महापर्व छठ को लेकर हुई। शांति समिति की बैठक का मुख्य मुद्दा महाव्रत छठ रहा। बेलाउर में होने वाले चैती छठ को सफल बनाने को लेकर कई निर्देश दिए गए। पुलिस बल,विधि व्यवस्था, यातायात, पेयजल, हाई मास्क लाइट, शौचालय, धर्मशाला आदि पर बिन्दुवार चर्चा की गई। मंदिर प्रबंधन समिति के सचिव संटू चैधरी ने विधि व्यवस्था को सुचारू रखने के छठ के दिन पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था की मांग की।

**जिले में एलपीजी की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, शाहपुर में छापेमारी से मचा हड़कंप**

# रेस्टोरेंट में छापा, चार घरेलू सिलेंडर जब्त

नवसंदेश ब्यूरो



**शाहपुर।** घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन ने शुक्रवार को शाहपुर नगर पंचायत क्षेत्र में सख्ती दिखाई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शंभु शरण कुमार के नेतृत्व में बाजार स्थित विभिन्न दुकानों में छापेमारी की गई। इस दौरान प्रभारी सीओ सह चकबंदी पदाधिकारी राकेश कुमार, थानाध्यक्ष राजेश मालाकार एवं बीपीआरओ भी मौजूद रहे।

छापेमारी के दौरान शाहपुर के रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों, लाइन होटलों समेत करीब दर्जनों प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इसी क्रम में सरना-भरौली रोड स्थित वैष्णवी फैमिली रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलिंडर का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। टीम ने मौके से चार भरे हुए घरेलू सिलेंडर बरामद कर जब्त कर लिया। इस मामले में रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। सूत्रों के अनुसार एक दिन पूर्व बिहिया और जगदीशपुर में हुई कार्रवाई की जानकारी मिलते ही शाहपुर के कई दुकानदारों ने पहले ही अपने प्रतिष्ठानों से घरेलू सिलिंडर हटा लिए थे। जिसके कारण कई जगहों पर अनियमितता पकड़ में नहीं आ सकी।

## एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता

### जिला प्रशासन ने लोगों से की भीड़ नहीं लगाने की अपील

**आरा (एनएसबी)।** जिले में घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिले में गैस आपूर्ति के लिए इण्डेन के कुल 30 वितरक हैं, जिनके पास 5295 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। भारत गैस के 06 वितरकों के पास 2648 एलपीजी सिलेंडर तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के 09 वितरकों के पास 3153 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं।

इस प्रकार कुल 11096 एलपीजी गैस सिलेंडर आज वितरण हेतु उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे गैस बुकिंग कर अपने घर पर ही प्रतीक्षा करें तथा अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों पर लाइन न लगाएं। बुकिंग के 48 घंटे के भीतर गैस सिलेंडर घर तक पहुंचा दिया जाएगा। गैस की कालाबाजारी से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। समस्या समाधान हेतु उपभोक्ता गैस कंपनियों के कंज्यूमर इमरजेंसी हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1906, इंडियन ऑयल (आईओसीएल) के 1800-23333-555, भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) के 1800-22-4344 तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) के 1800-2333-555 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जिले में एलपीजी गैस वितरण से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। इसका दूरभाष संख्या 06182-248702 है। अनुमंडल स्तर पर सदर आरा का 06182-233325, पीरो का 06181-223301 तथा जगदीशपुर का 06181-223048 नंबर जारी किया गया है, जिन पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## बाइक चोर गिरोह के पांच शातिर धराये, चोरी की 5 बाइक बरामद

**आरा (एनएसबी)।** नगर थाना पुलिस की टीम ने बाइक चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया, उनके पास से चोरी की पांच बाइक बरामद हुई। जब्त बाइक आरा नगर, पटना के पालीगंज एवं बिहिया थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। इसकी जानकारी सदर एसडीपीओ वन राजकुमार साह ने शुक्रवार को नगर थाना में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि शहर में बाइक चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक एसआइटी का गठन किया था। गठित एसआईटी अलग-अलग इलाके में छापेमारी कर बाइक चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। सदर एसडीपीओ वन ने बताया कि गिरफ्तार बाइक चोर गिरोह के सदस्यों में धोबहा थाना क्षेत्र के शुक्लपुरा गांव निवासी स्वर्गीय विष्णु शंकर शुक्ला का पुत्र सोनू शुक्ला उर्फ

**जिले के अलग-अलग इलाके में छापेमारी कर पुलिस ने की गिरफ्तारी**

मृत्युंजय, गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी शारदानंद यादव के पुत्र पिंटू कुमार, महेंद्र कुमार उर्फ मैंना एवं उसी थाना क्षेत्र के अवध बिहारी पासवान का पुत्र मोतीलाल कुमार तथा गीधा थाना क्षेत्र के सोनघट्टा गांव निवासी नंदलाल राय का पुत्र श्यामबाबू राय उर्फ लालू है। गिरफ्तार बाइक चोर गिरोह के सदस्यों के पास से पांच बाइक बरामद हुई। जबकि दूसरी बाइक बिहिया थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। वहीं एक बाइक 17 मार्च 26 को सदर अस्पताल के परिसर से चोरी की गई थी। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष देवराज राय के अलावे दारोगा नुमान अली शौकत, दारोगा मधु कुमारी, प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक आलोक कुमार, सहायक अवर निरीक्षक जावेद आलम, गार्ड गौरव कुमार चैबे, दीपक कुमार, क्रॉस मोबाइल के जवान संतोष कुमार भारती, अभिषेक कुमार, मोहम्मद इम्तियाज शामिल रहें। बता दे की 16 मार्च को नगर थाना पुलिस की टीम ने अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का उद्बेदन कर पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया था।

## अवैध हथियार व मोटरसाइकिल के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**कोईलवर (एनएसबी)।** भोजपुर जिले के चांदी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को अवैध हथियार और मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

इस बात की जानकारी देते हुए चाँदी थाने के एसएचओ राकेश कुमार रौशन ने बताया कि 20 मार्च की देर रात करीब 12:05 बजे उन्हें गुप्त सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अवैध हथियार के साथ बहिरो-सलेमपुर सड़क पर मुसहरी की ओर जा रहे हैं। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सलेमपुर मोड़ के पास घेराबंदी की। पुलिस वाहन को देखते ही दोनों संदिग्ध मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नागेंद्र कुमार (33 वर्ष), पिता जिनेश्वर सिंह, निवासी सलेमपुर, थाना चांदी, जिला भोजपुर के रूप में की गई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा, दो फायर खोखा और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि फरार व्यक्ति अमित कुमार है, जो हथियार और मोटरसाइकिल का मालिक है। इस मामले में चांदी थाना कांड संख्या 40/26 के तहत आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## भागलपुर मुहल्ला में दावत-ए-इफ्तार में दिखा आपसी सौहार्द व भाईचारा



**पीरो (एनएसबी)।** रमजान के पाक महीने के दौरान पीरो नगर परिषद के भागलपुर मुहल्ला में वृहद इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। नौजवान मिल्लत कमिटी की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता अनवर खान खान व उनके सहयोगियों की देखरेख में आयोजित इस इफ्तार पार्टी में मो जहांगीर खान, मेराज खान, हातिम खान, मो हैदर खान, इमरान खान, एजाज खान, सेराज खां, असगर खां, अखलाक खान समेत सैकडों की संख्या में गणमानय लोग शामिल हुए। इस इफ्तार पार्टी में सम्मिलित होकर दूसरे समुदाय के लोगों ने भी एक साथ इफ्तार किया और आपसी भाईचारा और एकता का संदेश दिया। इफ्तार के दौरान देश में अमन चैन और आपसी सदभाव की दुआ मांगी गई। इस मौके पर लोगों ने कहा कि सामूहिक इफ्तार पार्टी से समाज में आपसी भाईचारा का संदेश जाता है। धार्मिक त्योहार सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा का संदेश देते हैं। इफ्तार पार्टी का आयोजन मदरसा मदीनुतुल उलूम भागलपुर में नौजवान मिल्लत कमिटी की ओर से किया गया था।

## भारतीय संस्कृति व नववर्ष के उत्साह को रंगोली के माध्यम से किया प्रस्तुत

**आरा (भोजपुर)(एनएसबी)।** हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के प्रथम दिवस के अवसर पर मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम सह महिला बाल विकास निगम (ए-हैरिक्स प्रा लि) अंतर्गत डॉ. पीसी निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, महादेवा रोड में विशेष आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की मैनेजिंग डायरेक्टर मालती गुप्ता, सचिव सह साइबर क्राइम विशेषज्ञ सत्य प्रकाश, निदेशक डॉ. विकास कुमार, यूटीआई प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर केंद्र की छात्राओं द्वारा आकर्षक एवं सृजनात्मक रंगोली बनाई गई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। रंगोली के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं नव वर्ष के उत्साह को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र



छात्राओं के ज्ञानवर्धन एवं उत्साहवर्धन हेतु एक रोचक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अमृता, युवराज, वरुण राय, शिवानी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया। संस्थान के पदाधिकारियों ने इस प्रकार के आयोजनों को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने में वैभव कुमार, अर्पिता, दुर्गावती, रोहित, प्रमोद, अरिहंत, जय गोविंद, शांभवी, मृगंशी, आयुषी, गुनगुन, दीक्षा, अंकिता का भरपूर सहयोग रहा।

## अलर्ट मोड में है पुलिस, शांति से मनाएं त्योहार

**कोईलवर (एनएसबी)।** आगामी ईद, चैती छठ एवं रामनवमी पर्व को लेकर कोईलवर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर-2 के एसडीपीओ रणजीत कुमार सिंह ने की। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीपीओ रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हों। उन्होंने बताया कि संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां विशेष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार गश्ती बढ़ाई जाएगी। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा, किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र ने कहा कि कोईलवर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है और हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। पर्व के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जनगणना कार्य में लगेंगे 73 पर्यवेक्षक व 438 प्रगणक



**पीरो (एनएसबी)।** जनगणना-2027 के लिए पीरो प्रखंड में कुल 6 फील्ड ट्रेनर, 73 पर्यवेक्षक व 438 प्रगणकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इन पर्यवेक्षक व प्रगणकों को अगामी 06 से 16 अप्रैल के बीच जन गणना संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया निर्धारित पोर्टल पर आन लाइन होगी। इसके लिए मास्टर ट्रेनर व फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण जिला स्तर पर जारी है। जन गणना कार्य के लिए पीरो में गठित प्रखंड स्तरीय कोषांग के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक शुक्रवार को चार्ज अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में कोषांग के अधिकारियों को क्षेत्र का नजरी नक्शा तैयार करने तथा चैहदी चिह्नित करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जनगणना से संबंधित आवश्यक निदेर्शो व प्रत्येक जन गणना कर्मी के कार्य दायित्व के बारे में बताया गया। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य होना है।

इसलिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मकान सूचीकरण व मकानों की गणना से संबंधित प्रश्नों का पूरी तरह अध्ययन करें। बैठक मे चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, फिल्ड ट्रेनर गोविन्द प्रसाद, विनय कुमार, सुजीत कुमार, सुमित कुमार भास्कर, आई टी सहायक अरविन्द कुमार मिश्रा, कार्यपालक सहायक विकास कुमार, चंदन कुमार, रवि कुमार यादव, धनेश कुमार, राहुल कुमार, विट्टु कुमार, बबलु कुमार, अरसद खान समेत कई थे।

**जगदीशपुर में चैता कार्यक्रम को लेकर बैठक में पूर्व मंत्री सह विधायक ने दी जानकारी**

# शिवपुर बाल पर 750 बेड़ का बनेगा हॉस्टल : श्रीभगवान

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार गुड्डू के आवास पर आगामी 30 मार्च को होने वाले चैता कार्यक्रम को लेकर एक बैठक की गई थी, जिसमें पूर्व मंत्री सह विधायक श्रीभगवान सिंह कुशवाहा मौजूद रहे। विधायक कुशवाहा ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि 25 मार्च को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भोजपुर की धरती पर आ रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, जो जीरो माइल पर बना है, उसका निरीक्षण करेंगे और उसका उद्घाटन भी करेंगे। दूसरी बात कि कई योजनाओं का, लगभग 100 से ज्यादा योजनाओं का



आगामी 30 मार्च को होने वाले चैता कार्यक्रम को लेकर बैठक।

शिलान्यास है। उसमें मेरी भी एक योजना है, जो मेरी चिर-परिचित मांग थी दलितों के लिए। दलितों के बच्चों को पढ़ने के लिए पर्याप्त मात्रा में हॉस्टल नहीं हैं। तो ऐसी स्थिति में शिवपुर बाल पर साढ़े सात सौ (750) बेड का हॉस्टल बनवा रहे हैं अम्बेडकर हॉस्टल। जहां दलितों के बेटा-बेटी पढ़ेंगे, रहेंगे, खाएंगे और सोएंगे। सारा चीज की व्यवस्था हो रही है, उसका भी शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री करने जा रहे हैं।

यह लगभग 80 करोड़ की योजना है, जिस पर काम हो रहा है। दूसरी बात कि समय-समय पर यहाँ से जो प्रस्ताव जा रहा है, कुंवर सिंह संग्रहालय को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने वाला, इस काम में पर्यटन वाला तो हो गया। साढ़े सत्रह (17.5) करोड़ का प्रस्ताव भेज दिया गया है और अब कला संस्कृति वाला जो ऊपर का हिस्सा है, वह भेजा जा रहा है।

### शराब के दो अलग-अलग मामलों में दो गिरफ्तार

**कोईलवर (एनएसबी)।** कोईलवर थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र ने बताया कि कांड संख्या 693/23 के तहत प्राथमिकी अभियुक्त विनोद मुसहर (37 वर्ष), पिता स्वर्गीय सूरज मुसहर, निवासी वार्ड नंबर 5, कोईलवर को अवैध शराब के क्रय-विक्रय के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, दूसरी कार्रवाई में कांड संख्या 68/26 के तहत अभियुक्त रवि कुमार (19 वर्ष), पिता राजू राय, निवासी सकडी, थाना कोईलवर को शराब परिवहन करते हुए पकड़ा गया। यह कार्रवाई मनभावन मोड़ के पास की गई, जहां से पुलिस ने 30 लीटर देशी महुआ शराब एवं एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की।

# मिथिला की बेटी गायिका प्रिया मल्लिक ने संविधान की सभी 22 भाषाओं में गायन कर रिकॉर्ड स्थापित किया : डॉ.गोपाल

**दरभंगा (एनएसबी)।** दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई की जनशताब्दी के अवसर पर राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति न्यास के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें मिथिला की बेटी प्रिया मल्लिक ने संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल मैथिली सहित सभी 22 भारतीय भाषाओं में गायन के माध्यम से श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

देश के पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ मुरली मनोहर जोशी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में डॉ जोशी के साथ साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, दरभंगा सांसद डा



**कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर एवं अन्य।**

गोपाल जी ठाकुर सहित दिल्ली एवं देश स्तर के दर्जनो जनप्रतिनिधियों कलाकारों तथा नामचीन लेखकों ने कार्यक्रम में शिरकत की ।

कार्यक्रम को ऐतिहासिक तथा पूरी तरह से सफल बताते हुए सांसद डा ठाकुर ने कहा कि पूर्व पीएम श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई ने मिथिला क्षेत्र के सुपौल की धरती पर मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की घोषणा की थी तथा इस कार्यक्रम में सुपौल की बेटी मिथिला की प्रसिद्ध लोकसंगीत की गायिका प्रिया मल्लिक ने संविधान की सभी 22 भाषाओं में गायन कर देश स्तर पर एक रिकॉर्ड स्थापित किया है जिसके लिए वे बधाई की पात्र हैं। देश के पूर्व मानव संसाधन मंत्री डॉ जोशी श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई के निकटतम सहयोगी रहे हैं इसलिए इनकी अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन होना श्रद्धेय अटल जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में देश स्तर के लब्धप्रतिष्ठित गायकों कलाकारों तथा लेखकों को अटल सेवा सम्मान, अटल कर्मयोगी सम्मान अटल राष्ट्रसेवा सम्मान व अटल संस्कृति सम्मान प्रदान भी किया गया।

**दरभंगा के सांसद ने कहा- देश स्तर पर संविधान की सभी 22 भाषाओं में गायन से देश स्तर पर बढ़ा मिथिला का सम्मान**

## हड़ताली राजस्व कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों का महासंघ (गोप गुट) ने किया समर्थन

**25 मार्च, 2026 को सभी जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने का किया ऐलान**

**पटना (एनएसबी)।** राजस्व कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की जारी हड़ताल एवं निलंबन जैसी दमनात्मक कार्रवाई करने पर बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट ) ने राज्य सचिव मण्डल की ऑनलाइन बैठक किया एवं एक स्वर से हड़ताली राजस्व कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के न्यायोचित मांगों के लिए जारी हड़ताल का समर्थन किया।

राज्य सरकार द्वारा हड़ताली राजस्व कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के मांगों एवं पूर्व में हुए समझौते एवं न्यायालय के आदेश को लागू करने के बदले उलटे निलंबन जैसी कार्रवाई कर रही है एवं प्रतिदिन धमकी दी जा रही है जो अलोकतान्त्रिक एवं असंवैधानिक है।

इसलिए महासंघ (गोप गुट)ने 25 मार्च, 2026 बुधवार को सभी जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने का किया ऐलान किया है। महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा ने आगे बताया कि बिहार के सभी जिला मुख्यालय पर राजस्व कर्मचारियों सहित राजस्व पदाधिकारियों के हड़ताल के समर्थन में दिनांक 25 -03-2026 (बुधवार) को एक दिन का प्रदर्शन किया जाएगा और जिला पदाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जायेगा, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री से कारगर हस्तक्षेप करने एवं जून, 2025 में तत्कालीन विभागीय अपर मुख्य सचिव के साथ हुए सत्रह सूत्री मांगों को पूरा करने का अनुरोध किया जायेगा तथा हाई कोर्ट पटना के आदेश का सम्मान करते हुए अंचलाधिकारी को डी सी एल आर के पद पर प्रोन्नति की मांग की जाएगी तथा दमन की नीति छोड़ सहानुभूति पूर्वक न्याय देने की मांग की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रह्लाद की सिद्धांतनिष्ठा और गजेंद्र की शरणागति हमारे आदर्श : भारतभूषण

**आरा (एनएसबी)।** जगदेव नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के चैथे दिन आज प्रवचन करते हुए श्रीमत्सनातनशक्तिपीठाध्यक्ष आचार्य डॉ भारतभूषण जी महाराज ने कहा कि दैत्यराज हिरण्यकशिपु ने पूरी तरह से अधार्मिक अराजकता का सूत्रपात कर दिया था। अनीति का साम्राज्य स्थापित हो गया था तब उसके पुत्र प्रह्लाद जी ने दृढ़तापूर्वक संघर्ष किया और शास्त्रीय शासन की पुनर्प्रतिष्ठा की। प्रह्लाद जी ने बचपन से ही शास्त्रीय धर्म का आलंबन लिया। देवर्षि नारद के उपदेशों का उनके हृदय पर गहरा प्रभाव पड़ा। पिता के साथ शिष्टाचार और सौहार्द का पूर्ण पालन करते हुए उन्होंने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया जिसके परिणामस्वरूप भगवान ने नृसिंहावतार लिया और असुर-अराजक तत्त्वों का सफाया कर शास्त्रीय शासन का मार्ग प्रशस्त किया। प्रह्लाद जी भक्तों में शिरोमणि बने। आचार्य ने गजेंद्र मोक्ष की कथा कहते हुए कहा कि जीव को भवसागर में काल ही ग्राह बनकर पकड़ता है। सारे सगे-संबंधी लाचार और मूकदर्शक बन जाते हैं। उस समय एकमात्र भगवान की शरणागति और स्मृति ही हमारी नौका बनती है। आचार्य ने कहा कि ग्राह और गजेंद्र दोनों ही ने ब्राह्मण का अपराध किया था किंतु ब्राह्मण का शाप भी परम वरदान सिद्ध हो भगवत्प्राप्ति का साधन बना। दोनों की मुक्ति हुई। आज समुद्र मंथन, देवासुर संग्राम, वामनावतार, मत्स्यावतार, परशुरामावतार, श्रीरामावतार तथा श्रीकृष्णावतार की कथायें संपन्न हुईं। अंत में नंदोत्सव का भव्य आयोजन हुआ।



### अत्यंत पिछड़ी जातियों पर शोषण और दमन पर रोक लगाए नितीश भाजपा सरकार

**पटना(एनएसबी)।** नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत हमीदपुर बारा गाँव में सत्ता संरक्षित दबंगों द्वारा अत्यंत पिछड़ी जाति समुदाय के चंद्रवंशी समाज परिवार के उत्पीड़न पर सीपीआईएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य मनोज कुमार चंद्रवंशी ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए निंदा किया है। उन्होंने इस घटना को मानवता को शर्मसार करने वाला बताते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग की है। आपसी प्रेम प्रसंग के एक मामले को लेकर पूरे समाज को निशाना बनाया जा रहा है।पीड़ित परिवार का आरोप है कि घर गिराने के साथ-साथ हमलावरों ने 5 मवेशी खोल लिए और घर में रखी टोटो गाड़ी, जेवरात, अनाज आदि लूट लिए। इतना ही नहीं, महिलाओं के साथ बदसलूकी और छेड़छाड़ की भी बात सामने आई है। नितीश भाजपा सरकार में अत्यंत पिछड़ी जाति सहित अन्य कमजोर जातियां राज्य में सुरक्षित नहीं है! आये दिन अत्यंत पिछड़ी जाति एवं महादलित जातियों के साथ हत्या, बलात्कार, अत्याचार की खबरें लगातार आती रहती है! दबंगो का कमजोरो पर दमन दिन पर दिन बढ़ती जा रही है, सरकार इसपर रोक लगाने में विफल है! राज्य में महाजंगल राज चल रहा है! राज्य सरकार से मांग की है कि प्रशासन त्वरित जांच कर दोषियों को जेल भेजे और पीड़ित परिवार का घर दोबारा बनवाने के लिए मुआवजा प्रदान करे। सत्ता संरक्षित स्थानीय दबंगो द्वारा कमजोरो पर हो रहे अत्याचार रोक लगाने की कार्रवाई की जाए तथा अत्यंत पिछड़ी, महादलितों जाति के परिवारों को सुरक्षा दी जाए!

### जिलाधिकारी के निदेश पर पटना शहर में पन्द्रहवें दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

**पटना (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. के निदेश पर पटना शहर में मार्च माह के अग्रिम कैलेण्डर के अनुसार आज पन्द्रहवें दिन भी अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें। प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 02:20 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ किया शोरूम से चाँदपुर बेला तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 8 अवैध बैनर, बालू को हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 18,400/- जुमार्ना वसूल किया गया। पाटलिपुत्र अंचल में 10:30 बजे पूर्वाह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ राजापुर पुल सब्जी मंडी से अशोक राज पथ एलसीटी घाट, गोसाई टोला, जेपी सेतु होते हुए गाँधी मैदान तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान सड़क के किनारे से सब्जी दुकान, फास्ट फूड इत्यादि हटाया गया तथा 3 चार चक्का ठेला एवं मुर्गा जाली जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 8,000/- जुमार्ना वसूल किया गया। बाँकीपुर अंचल में 09:00 बजे पूर्वाह्न से 02:30 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ बारी पथ रामपुर से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान ठेला, स्टॉल हटाया गया तथा 1 स्टॉल जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 36,000/- जुमार्ना वसूल किया गया। नगर परिषद दानापुर निजामत में 11:30 बजे पूर्वाह्न से 02:30 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ सगुना मोड़ से ददन हांडी मोड़ तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 2,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।

## किसानों पर दमन की निंदा

**पटना (एनएसबी)।** फतुहा स्थित भारत माला प्रोजेक्ट के तहत फोर लेन सड़क निर्माण के नाम पर किसानों के खेतों में लहलहाती फसलों को प्रशासन द्वारा नस्ट किया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार की किसानों के जमीन लेने की प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी है। कम ही कीमतों में किसानों की जमीन सरकार लेना चाहती है। पूंजीपतियों को कोड़ी के भाव में जमीन देने में सरकार बहुत आगे बढ़कर कार्य करती है तो दूसरी ओर किसानों पर दमन के सहारे जमीन लेना चाहती है। विरोध दर्ज करने पर किसानों को गिरफ्तार करके दमन किया जा रहा है। सीपीआईएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य मनोज कुमार चंद्रवंशी ने किसानों पर दमन की निंदा करते हुए राज्य सरकार से मांग किया है की गिरफ्तार किसान नेता सहित अन्य किसानों को अबिलम्ब रिहा किया जाए, आंदोलनरत किसानों की उचित मांगो पर विचार कर-के उचित मुआवजा दी जाए। किसानों, मजदूरों के सवालो पर 24 मार्च को दिल्ली रैली आयोजित है।

# जीरो टिलेज तकनीक से आलू की खेती में आएगी क्रांति : कृषि मंत्री

**जीरो टिलेज तकनीक से होगा कम लागत में अधिक उत्पादन : राम कृपाल यादव**

**जीरो टिलेज तकनीक से खेती शुरू करने के लिए केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, पटना में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण**

**पटना (एनएसबी)।** केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र पटना में किसानों को पुआल मल्चिंग के साथ जीरो टिलेज एवं एपिकल रूट कटिंग द्वारा बीज उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान राज्य के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने जीरो टिलेज तकनीक को किसानों के लिए भविष्य की खेती बताया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इंटरनेशनल पोटेटो सेंटर (सीआईपी) ने आयोजित किया था।

कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री ने स्वयं खेत में उतरकर जीरो टिलेज तकनीक से आलू उत्पादन का अवलोकन किया तथा कुदाल से आलू निकालकर परंपरागत एवं आधुनिक तकनीक की तुलना की। उन्होंने कहा कि यह तकनीक किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिससे उत्पादन लागत में कमी, जल एवं उर्वरक की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

मंत्री ने कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में टिकाऊ एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाना समय की मांग है। जीरो टिलेज तकनीक में पराली को जलाने के बजाय मल्च के रूप में उपयोग किया जाता है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और धान कटाई के तुरंत बाद बिना जुताई आलू की बुवाई संभव हो जाती है।

इस दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि इस तकनीक से पारंपरिक विधि की तुलना में 14 से 28 प्रतिशत तक उत्पादन वृद्धि, लगभग 35 प्रतिशत लागत में कमी तथा 50 प्रतिशत तक जल की बचत संभव है। साथ ही मृदा की गुणवत्ता और फसल की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार देखा गया है।

कार्यक्रम में जीविका से जुड़ी विभिन्न जिलों की 150 से अधिक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही, जिसकी मंत्री ने सराहना करते हुए इस तकनीक को राज्यभर में व्यापक स्तर पर अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस नवाचार को तेजी से पूरे बिहार में विस्तार दिया जाए। इस अवसर पर नाबार्ड, जीविका, डिजिटल ग्रीन सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में महिला सशक्तीकरण की मजबूत नींव रखी : मंत्री

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की 23 महिला पदाधिकारियों और कर्मियों का किया गया सम्मान**

**पटना (एनएसबी)।** लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण (पीएचईडी) मंत्री श्री संजय कुमार सिंह अपने विभाग की महिला अधिकारियों और कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर आधी आबादी को पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि हुहर घर नल का जलह्व योजना के तहत राज्यभर में 1.20 लाख पम्पिंग स्टेशनों के संचालन में महिला शक्ति का बड़ा योगदान है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 को लेकर आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री ने विभागीय कार्यों के सफल संचालन में अपनी कर्तव्यनिष्ठता और समर्पण के साथ प्रशंसनीय कार्य करने वाली कुल 23 महिला पदाधिकारियों एवं कर्मियों को विभागीय सभागार में शुक्रवार को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिला कर्मियों में बिहार प्रशासनिक सेवा की तीन पदाधिकारियों के साथ-साथ सात महिला अभियंता भी शामिल हैं।

इस मौके पर विभागीय मंत्री ने राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ी संतोषी कुमारी को खेल के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। संतोषी कुमारी लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में ही कार्यरत हैं। विभागीय कामकाज में और अधिक पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी सम्मानित महिला पदाधिकारियों और कर्मियों से उनके व्यक्तिगत सुझाव भी लिए। इसके बाद मंत्री ने संवाददाताओं के सवालों के भी जवाब दिए। इस सम्मान समारोह में विभाग के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ विभाग के अभियंता प्रमुख सह विशेष सचिव मौजूद थे। मंत्री ने जिन महिला अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया है, उनमें बिहार प्रशासनिक सेवा की अधिकारी लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की विशेष कार्य पदाधिकारी श्रीमती पूजा कुमारी, बिहार प्रशानिक सेवा की अधिकारी व विभाग की अवर सचिव श्रीमती सुनीता कुमारी व अवर सचिव श्रीमती स्वाति सजल (बिप्रसे) शामिल हैं। इसी तरह अभियंत्रण सेवा से विभाग की अधीक्षण अभियंता श्रीमती पूनम, श्रीमती मालती कुमारी श्रीवास्तव, कार्यपालक अभियंता श्रीमती प्रियम्वदा, सहायक अभियंता श्रीमती शालिनी, सहायक अभियंता श्रीमती पूजा वर्मा, सहायक अभियंता श्रीमती प्रतिमा साह, सहायक अभियंता सुश्री मीनू, आईटी मैनेजर श्रीमती स्नेहलता, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी ममता कुमारी, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी सुश्री अंजली कुमारी, श्रीमती सुषमा कुमारी, निजी सहायक श्रीमती अंजू कुमारी, आशुलिपिक सुश्री रीना कुमारी, प्रशाखा-08 की श्रीमती पल्लवी राज, विशेष पदाधिकारी कोषांग की श्रीमती शगुफ्ता तसनीम, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्रीमती मोनिका कुमारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्रीमती रूबी यादव और डाटा एंट्री ऑपरेटर ज्योति अभिषेक शामिल हैं।

**कोईलवर में रेल सह लोहा पुल मार्ग पर सख्ती**

## ट्रैक्टर से बालू ढुलाई पर लगेगा भारी जुर्माना

**कोईलवर (एनएसबी)।** गुरुवार की देर शाम जिला खनन पदाधिकारी एवं कोईलवर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इस कार्रवाई से अवैध बालू खनन और परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, खनन विभाग और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए क्षेत्र में जांच की, जिसके दौरान नियमों का उल्लंघन कर ओवरलोड बालू ढो रहे दो ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। दोनों वाहनों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया।

थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र ने बताया कि जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टरों के विरुद्ध खनन विभाग द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध बालू परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि पटना जिला की ओर से रेल सह लोहा पुल होकर आने वाले सभी बालू लदे वाहनों की सघन जांच की जाएगी। जो भी ट्रैक्टर ओवरलोड या अवैध तरीके से बालू लेकर आते पाए जाएंगे, उन्हें तुरंत जब्त कर उन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा, थानाध्यक्ष ने चेतावनी दी। प्रशासन की इस सख्ती से क्षेत्र में अवैध खनन पर लगाम लगाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।




## विद्यालयों में संसाधनों की कमी को शीघ्र दूर किया जाएगा : डॉ. मुरारी

**केवटी विधायक ने तीन उच्च विद्यालयों की प्रबंध समिति की बैठक में लिया भाग**

**केवटी (एनएसबी)।** विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने शुक्रवार को अपने क्षेत्र के उच्च विद्यालय कर्जापट्टी, उच्च विद्यालय हरिहरपुर पूर्वी एवं उच्च विद्यालय टेक्टार की प्रबंध समिति की बैठक में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, संसाधनों की उपलब्धता तथा छात्रों की प्रगति की गहन समीक्षा की।

बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यालयों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने तथा छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विधायक ने शिक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, विद्यालयों में आवश्यक संसाधनों की कमी को शीघ्र दूर करने का आश्वासन भी दिया। बैठक में शिक्षकों, अभिभावकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही।

विधायक ने सभी से मिलकर कार्य करने की अपील की, ताकि क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। इस दौरान मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, पवन निराला,पवन कारण,राहुल झा,सजन झा एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



**बैठक करते विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ।**

# भू-जल को फिर से रिचार्ज करने के लिए की गई ऐतिहासिक पहल

**जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत चापाकलों के पास बने 2 लाख से अधिक रिचार्ज पिट**

**सबसे अधिक वर्ष 2020-21 और 2024-25 में हुआ पिट का निर्माण**

**पटना(एनएसबी)।** भूगर्भ जलस्तर की समस्या से निपटने के लिए बिहार सरकार ने एक क्रांतिकारी पहल की है। ग्रामीण विकास विभाग के जल-जीवन-हरियाली अभियान अवयव-4 के तहत राज्य भर में संचालित सार्वजनिक चापाकलों के पास रिचार्ज पिट बनाया जा रहा है। विभागीय पदाधिकारियों की मानें तो इस अभियान के तहत राज्य भर में अभी तक दो लाख से भी अधिक रिचार्ज पिट बनाए जा चुके हैं। रिचार्ज पिट बनाने का यह काम भविष्य में भी जारी रहेगा।

वर्षा जल को इकट्ठा करने, बर्बाद पानी के उचित प्रबंधन और भूजल स्तर को बढ़ाने की दिशा में बिहार सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया है। इसी क्रम में चापाकलों के किनारे रिचार्ज पिट का निर्माण किया जा रहा है। विभागीय पदाधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत राज्य में चापाकलों के किनारे अभी तक दो लाख 24 हजार 256 रिचार्ज पिट बनाए जा चुके हैं।

सबसे अधिक वर्ष 2020-21 में 78940 रिचार्ज पिट बनाए गए। इसके बाद वर्ष 2024-25 में 52435, वर्ष 2021-22 में 33893, वर्ष 2023-24 में 22708, वर्ष 2025-26 में 15732, वर्ष 2022-23 में 11420 तो वर्ष 2019-20 में 9128 रिचार्ज पिट का निर्माण हुआ। यह रिचार्ज पिट बरसाती और चापाकलों से निपकले वाले बर्बाद पानी का प्रबंधन करते हुए भूगर्भ जलभृत को कृत्रिम रूप से रिचार्ज करने में सहयोग करेंगे। इससे भविष्य में संभावित जल संकट की समस्या से निपटने में योजना कारगर साबित होगी।

**चापाकल के किनारे पिट रिचार्ज निर्माण से होने वाले प्रमुख फायदे**

- बरसाती और बर्बाद पानी का उचित प्रबंधन
- भू-गर्भ जलस्तर में वृद्धि
- जलभराव की समस्या का समाधान
- जल संरक्षण
- स्वच्छता के साथ कीचड़ और मच्छरों के पनपने से बचाव

'जल-जीवन-हरियाली अभियान सरकार की महत्वाकांक्षी अभियान है। इसके तहत सार्वजनिक कुओं, चापाकलों एवं अन्य जल संचयन संरचनाओं के किनारे रिचार्ज पिट का निर्माण कराया जा रहा है। इस पहल की कई सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इनमें भूजल स्तर में सुधार और हरित आवरण में वृद्धि प्रमुख है।'

श्रवण कुमार, मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग।